ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 22 जून 2024
वर्ष-2, अंक-302, पृष्ठ-14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव 2
इंडियाज बेस्ट डांसर-4 में शामिल हुईं करिश्मा 14

## जम्मू-कश्मीर सहित 4 राज्यों में वोटर लिस्ट को अपडेट करने का काम शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, झारखंड महाराष्ट्र में होने हैं विस चुनाव

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में मतदाता सूची को अद्यतन करने की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही आयोग ने इन राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए पात्रता की तिथि एक जुलाई, 2024 तय की गई है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने के वास्ते एक जनवरी को अर्हक तिथि रखा गया था। तीनों राज्यों में मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 3 नवंबर, 26 नवंबर और 5 जनवरी, 2025 को समाप्त होने जा रहा है और इन विधानसभाओं के चुनाव उनके कार्यकाल पूरा होने से पहले कराए जाने हैं।

आयोग ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों को एक जुलाई, 2024 की अर्हक तिथि के तहत अद्यतन करने का भी निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का अंतिम विशेष सारांश संशोधन 1 जनवरी, 2024 को अर्हक तिथि के रूप में संचालित किया गया। निर्वाचन कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 14 में संशोधन के पश्चात अब वर्ष में चार अर्हक तिथियों का प्रावधान उपलब्ध है। तदनुसार, आयोग ने सभी पात्र एवं अपंजीकृत नागरिकों को मतदाता सूची में नामांकन कराने के उद्देश्य से हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र तथा जम्मू-कश्मीर में एक जुलाई 2024 तक मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का निर्णय लिया है।

## समूह क के अफसरों को गृह जनपद में नहीं मिलेगी तैनाती

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद व मंडल में अब तैनात नहीं किया जाएगा। यह बात उन्होंने सरकार की स्थानान्तरण नीति को स्पष्ट करते हुए कही। इस संबंध में उन्होंने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि मंडल स्तरीय पदों पर तैनात समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नहीं किया जाएगा। मालूम हो कि बीते दिनों प्रदेश में नई स्थानान्तरण पॉलिसी लागू हो चुकी है।

### तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

## तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन को टाल दें

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हड़बड़ी में पारित तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को टालने का आग्रह किया है। ये तीनों कानून एक जुलाई से लागू होने हैं। ममता ने आपराधिक कानूनों की नए सिरे से संसदीय समीक्षा पर जोर दिया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने मोदी को लिखे पत्र में तीनों कानूनों के आसन्न कार्यान्वयन को लेकर गंभीर चिंता जताई।

ये तीन नए कानून हैं, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023। सूत्रों के मुताबिक, टीएमसी प्रमुख ने गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम से भी मुलाकात की, जो विधेयकों की जांच करने वाली संसद की स्थायी समिति का हिस्सा थे, और उनसे इस मुद्दे पर चर्चा की।



- 1 जुलाई से लागू होने हैं तीनों नए आपराधिक कानून

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के उस काले दौर में विधेयकों को तानाशाहीपूर्ण तरीके से पारित किया गया। मामले की अब समीक्षा होनी चाहिए। ममता ने कहा कि मैं अब आपके कार्यालय से आग्रह करती हूं कि कम से कम कार्यान्वयन की तारीख को आगे बढ़ाने पर विचार करें। इसके दो कारण हैंः नैतिक और व्यावहारिक। उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण विधायी बदलावों पर नए सिरे से विचार-विमर्श होना चाहिए और जांच के लिए नव निर्वाचित संसद के समक्ष रखा जाना चाहिए।

### 146 सांसद निलंबित थे तब पारित हुए विधेयक

टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक नेता एनआर एलंगो और चिदंबरम ने तीनों विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट में असहमति जताई थी। ममता ने कहा कि ये तीनों विधेयक लोकसभा में ऐसे समय में पारित हुए, जब 146 सांसद सदन से निलंबित थे। ममता ने कहा कि आपकी सरकार ने इन तीन विधेयकों को एकतरफा पारित कर दिया था। उस दिन, लोकसभा के लगभग 100 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था और दोनों सदनों के 146 सांसदों को संसद से बाहर निकाल दिया गया था।

### एक नजर

#### बीएसएफ जवान ने खुद को गोली से उड़ाया

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस हथियार से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को जिले के छोटे बेठिया इलाके में गश्त के दौरान बीएसएफ की 94वीं बटालियन के हवलदार मदन कुमार लापता हो गए थे। वे जिले के बांदे थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मरबेड़ा बीएसएफ शिविर में तैनात थे। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को गश्ती दल के साथ वे शिविर नहीं लौटे तो तलाश शुरू की गई, शुक्रवार को सुबह जंगल में कुमार का शव बरामद किया गया। उसके सिर पर गोली लगी थी। शव के करीब उसकी राइफल भी पड़ी थी।

#### इंदौर हवाई अड्डे को फिर बम से उड़ाने की धमकी

**इंदौर।** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे को इस हफ्ते में दूसरी बार बम विस्फोट की फर्जी धमकी मिलने के बाद पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के निदेशक के आधिकारिक ई-मेल खाते पर बुधवार रात संदेश भेजकर इस परिसर में बम विस्फोट की धमकी दी।

# योग को वैश्विक भलाई के सशक्त माध्यम के रूप में देखती है दुनिया

### जम्मू-कश्मीर से मोदी ने दिया संदेश-योग एक विधा ही नहीं बल्कि विज्ञान है

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया आज योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है क्योंकि यह लोगों को अतीत का बोझ उठाए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग जम्मू एवं कश्मीर में पर्यटन के लिए बड़े आकर्षण का केंद्र बन सकता है। प्रधानमंत्री 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्यान योग का हिस्सा है लेकिन जब इसकी बात होती है तो बहुत लोगों को लगता है कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है...।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा कि योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देख रही है। योग हमें अतीत के बोझ के बिना वर्तमान क्षण में जीने में मदद करता है। इसलिए योग स्व के लिए जितना जरूरी है, जितना उपयोगी है, जितनी ताकत देता है, उसका विस्तार समाज को भी फायदा करता है। जब समाज को लाभ होता है तो समस्त मानव जाति को लाभ होता है, विश्व के हर कोने में लाभ होता है। यह कार्यक्रम डल झील के किनारे एसकेआईसीसी के खुले मैदान में होना था लेकिन लगातार बारिश के कारण इसे बड़े हॉल में आयोजित किया गया। अपने संबोधन के बाद प्रधानमंत्री ने सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया। मोदी ने कार्यक्रम के बाद डल झील के किनारे समारोह में शामिल होने आईं छात्राओं के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।



लखनऊ में योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी।

### दिल्ली शराब घोटाले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को ईडी ने दी थी चुनौती

## केजरीवाल की जेल से रिहाई पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के यहां की एक विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से निचली अदालत के केजरीवाल को जमानत देने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

पीठ के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू, जबकि मुख्यमंत्री का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने रखा। न्यायमूर्ति जैन ने दोनों पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि इस मामले में अगले दो-तीन दिनों में विस्तृत आदेश पारित किया जाएगा।



- मुख्यमंत्री की जमानत पर कोर्ट ने दो तीन दिन को सुरक्षित रखा फैसला

इस दौरान निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं आदेश को दो से तीन दिनों के लिए सुरक्षित रख रहा हूं। आदेश की घोषणा तक निचली अदालत के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक है।

इससे पहले उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी की अपील पर तत्काल सुनवाई के अनुरोध पर कहा था कि जब तक हम इस पर सुनवाई नहीं कर लेते तब तक यह आदेश (जमानत पर जेल से रिहाई का) प्रभावी नहीं होगा। राऊज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई की अवकाशकालीन न्यायाधीश नियाय बिंदू ने केजरीवाल को गुरुवार को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी थी। कल देर शाम आए इस आदेश के खिलाफ ईडी ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई।

पीठ के समक्ष ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने आरोपी मुख्यमंत्री की रिहाई पर रोक लगाने और याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए दावा किया कि ईडी को संबंधित निचली अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। राजू ने कहा कि मैं तत्काल रोक लगाने की मांग कर रहा हूं। कल (गुरुवार) रात 8 बजे आदेश सुनाया गया। आदेश बेवसाइट पर अपलोड नहीं किया गया है। हमें (केजरीवाल की) जमानत का विरोध करने का स्पष्ट अवसर नहीं दिया गया।

## काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी मामला

- सुनवाई करते हुए कोर्ट का काउंसलिंग टालने से इनकार
- परीक्षा निरस्त करने को लेकर केंद्र और एनटीए को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नीट-यूजी-2024 की 6 जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग प्रक्रिया को टालने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह कोई खोलने और बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। कोर्ट ने 5 मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितता को लेकर नीट-यूजी को रद करने के आग्रह वाली याचिका पर एनटीए, केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए हैं।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को तय की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता ने पीठ से अनुरोध किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया दो दिनों तक रोकी जा सकती है क्योंकि उच्चतम न्यायालय इन सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई करने वाला है। अधिवक्ता ने तर्क दिया मैं काउंसलिंग पर स्थगन का अनुरोध नहीं कर रहा हूं। मैं केवल प्रार्थना कर रहा हूं कि 6 जुलाई को होने वाली काउंसलिंग केवल दो दिनों के लिए टाल दी जाए। इसका कारण यह है कि मुख्य मामला 8 जुलाई को सूचीबद्ध है।

### संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** एनटीए ने संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा 2024 को स्थगित कर दिया है। परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होनी थी। एनटीए की ओर से बताया गया है कि लॉजिस्टिक कारणों से परीक्षा स्थगित की जा रही है। कहा गया है कि परीक्षा की नई तारीख बाद में आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा।

## केजीएमयू समेत प्रदेश के 10 विश्वविद्यालय डिफाल्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकपाल न नियुक्त करने पर यूजीसी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने शुक्रवार को राजधानी स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के 10 विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई विश्वविद्यालयों की ओर से लोकपाल न नियुक्त करने पर हुई है। विश्वविद्यालयों में छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए एक लोकपाल नियुक्त करना होता है।

डिफाल्टर विश्वविद्यालयों की सूची में राजधानी स्थित केजीएमयू (दंत), अटल बिहारी चिकित्सा विवि, टीएस मिश्र चिकित्सा विवि, बुंदेलखंड विवि झांसी, कानपुर स्थित चंद्र शेखर आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, बलिया स्थित जननायक चंद्रशेखर विवि, आजमगढ़ स्थित महाराजा सुहैलदेव राजकीय विवि, प्रयागराज स्थित प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विवि, सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी मेरठ, यूपी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि मथुरा, इटावा स्थित उप्र. यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस, सैफई शामिल है।

## वाराणसी में झूला घी कारोबारी के यहां ईडी ने की छापेमारी

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को वाराणसी में उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला परिवार के कार्यालय और आवास पर छापेमारी की। एक टीम सुबह नाटी इमली स्थित आवास पहुंची तो दूसरी टीम सारनाथ स्थित कार्यालय पर छापेमारी करने पहुंची। इसकी जानकारी जब शहर के उद्यमियों को हुई तो कई लोग अलर्ट नजर आए। झुनझुनवाला फैमिली का खाद्य तेल प्रोडेक्ट 'झूला' प्रतिष्ठित ब्रांड है। जांच इसी से जुड़ी बताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, यह दो हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड से जुड़ा मामला है, वाराणसी के अलावा दिल्ली, हरियाणा सहित कुल 12 स्थानों पर छापेमारी की गई है।

## पानी के लिए आतिशी ने शुरू किया पानी सत्याग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्लीवालों के हक का पानी भाजपा की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह की शुरुआत की। आतिशी सत्याग्रह शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और फिर राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद वह धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंची और अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरूआत की। उनके साथ केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

दिल्ली जल संकट



- आरोप, दिल्ली को पानी नहीं दे रही हरियाणा की भाजपा सरकार

इस दौरान जलमंत्री ने कहा कि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली को रोजाना 1005 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा देता है, लेकिन पिछले दो हफ़्ते से हरियाणा केवल 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है।

### छवि धूमिल — गाड़ी से हूटर, सायरन, फ्लैशलाइट उतारने के अभियान में मनमानी

## ...फिर जीरो टॉलरेंस की मंशा को दागदार नहीं कर सकेंगे दारोगा

अजय दयाल, लखनऊ

- 1 जुलाई से स्वदेशी कानून लगाएगा पुलिस के अमर्यादित आचरण पर अंकुश

**अमृत विचार :** कुछ दिनों की बात है, इसके बाद कानून का अनुपालन कराने के मद्देनजर दारोगा भी अपनी कानूनी शक्तियों का अनुचित इस्तेमाल करने में हिचकेगा। 1 जुलाई से लागू होने जा रहे स्वदेशी कानूनों में परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर जोर देने के साथ पुलिस भी जवाबदेह बनेगी। दरअसल, गाड़ी से हूटर, सायरन, फ्लैशलाइट उतारने के ताजा आदेश को लेकर फील्ड पुलिस के इसी रवैये पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस वालों ने कहीं किसी प्रशासनिक अधिकारी का पीछा कर बत्ती उतरवाई तो किसी महिला अधिकारी की गाड़ी बीच चौराहे रोककर हूटर हटा दिया। फील्ड पुलिस इस कानून का पालन कराने को लेकर इतनी सख्त है कि एडीएम, एसडीएम, सीएमओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार ही नहीं एमपी, एमएलए भी परेशान और आहत महसूस कर रहें हैं।

आरोप यह लग रहा है कि पुलिस की कार्रवाई प्रशासन के अधिकारियों को टारगेट करके सड़क पर बेइज्जत करने की है। इसीलिए बीच सड़क इन अधिकारियों की गाड़ी को घेरकर बत्ती-हूटर उतारे गए और वीडियो वायरल करवाया सो अलग। ऐसे में मुख्यमंत्री की वीआईपी संस्कृति समाप्त करने की मंशा के विपरीत वीआईपी को ही निशाना बनाने का संदेश कुछ पुलिसकर्मियों के चलते प्रसारित होने लगा।

सीआरपीसी की धारा 36 में थाना इचार्ज को मिले विशेषाधिकार, उच्चाधिकारियों को मिले कानूनी अधिकारों की ही तरह हैं। ऐसे में अकसर थाने को अपनी शक्तियों में समाहित करने की फील्ड और उच्च पद पर बैठे पुलिस अफसरों के बीच खींचतान भी रहती है। इसी खींचतान के तहत ही माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के आदेश की आड़ लेकर व्यक्तिगत नंबर बढ़वाने का सिलसिला चल निकला है। इसमें संदेह नहीं की सरकार और व्यवस्था का उद्देश्य जीरो टॉलरेंस नीति को अमल में लाने की है लेकिन व्यावहारिकता में संदेश नकारात्मक गया। बहरहाल, 1 जुलाई से अंग्रेजों के जमाने के इंडियन पीनल कोड (आईपीसी), सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट में बदलाव होने जा रहा है।

> कानून का अनुपालन कराने की स्थिति में भी स्वविवेक और मर्यादा का पालन करना ही चाहिए। अपराधी और अपराध की प्रवत्ति के मद्देनजर ही पुलिस की कार्रवाई में सख्ती दिखायी जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो लक्ष्मणरेखा लांघने से बचना चाहिए। नये कानूनों का संज्ञान लेते हुए पुलिस को भी कार्यशैली बदलनी होगी।
> –अरुण गुप्ता, पूर्व आईपीएस

> इसमें संदेह नहीं कि पुलिस मनमानी दिखाती है, लेकिन मोटर व्हिकल एक्ट के उल्लघंन पर कार्रवाई अवश्य की जानी चाहिए। अगर उल्लंघन है तो चालान काटा जाए। दुर्व्यवहार न तो पुलिस की ओर से हो और न ही कानून तोड़ने वाले की तरफ से।
> –शैलैन्द्रनाथ, सेवानिवृत्त न्यायाधीश

## एसटीएफ ने पेपर लीक मामले में 18 के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सिपाही भर्ती

- 200 अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस दाखिल कर रही आरोपपत्र

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने 18 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया है। करीब 200 आरोपी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ आरोपपत्र जिलों की पुलिस दाखिल कर रही है।

पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा 17 और 18 फरवरी को प्रदेश में विभिन्न केंद्रों पर कराई गई थी। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद सरकार ने परीक्षा निरस्त कर छह महीने के भीतर नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराने का आदेश दिया था। उधर, एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में पांच मार्च 2024 को छह आरोपियों दीपक उर्फ दीप, प्रवीण, रोहित उर्फ ललित, साहिल और नवीन को गिरफ्तार किया था। 12 मार्च को जींद निवासी महेंद्र , अभिषेक शुक्ला, रोहित पांडेय और शिवम गिरी के बाद 21 मार्च को मानेसर के सतीश धनकड़ को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ ने खुलासा किया था कि प्रश्नपत्र रवि अत्री गैंग ने अहमदाबाद स्थित कंपनी के वेयरहाउस से लीक कराया था। एसटीएफ ने रवि अत्री के अलावा विक्रम पहल, राजीव नयन मिश्रा, डॉ शुभम मंडल को भी गिरफ्तार किया।

### प्रोन्नति बोर्ड की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

एसटीएफ की जांच आगे बढ़ने के साथ पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के कुछ अधिकारियों की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनसे परीक्षा कराने वाली अहमदाबाद की कंपनी एजूटेस्ट के चयन और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के प्रबंधों को लेकर सवाल-जवाब हो सकते हैं। भर्ती बोर्ड ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। कंपनी की जमानत राशि जब्त कर भुगतान रोकने की भी तैयारी है।

# डकवर्थ लुईस नियम से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दी शिकस्त

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

**टी-20 वर्ल्डकप**

- **कमिंस और जम्पा की शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश 28 रन से हारा**

स्टा र तेज गेंदबाज पैट कमिंस की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक और एडम जम्पा की शानदार स्पिन गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। जम्पा ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिये। वहीं कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजते हुए आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 35 गेंद में नाबाद 53 रन बनाये जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। ट्रेविस हेड (31) और वॉर्नर ने पहली ही गेंद से आक्रामक खेल दिखाया।

दोनों ने बिना किसी नुकसान के 60 रन बना लिये थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। उन्होंने हेड और मिचेल मार्श (एक) को जल्दी आउट किया। दोहरे झटकों के बावजूद मैच पूरी तरह से आस्ट्रेलिया की गिरफ्त में था। अपना आखिरी टी-20 विश्व कप खेल रहे वॉर्नर ने छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोके जाने के समय आस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिये थे। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर उसे जीत के लिये 72 रन ही चाहिये थे।

इससे पहले मिचेल ने आस्ट्रेलिया को शुरुआती सफलता दिलाते हुए पहले ही ओवर में तंजीद हसन को आउट किया। इसके साथ ही टी20 विश्व कप में उनके सर्वाधिक 95 विकेट हो गए। उन्होंने श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा।

### पैट कमिंस ने टी-20 विश्व कप में पहली हैट्रिक बनाई

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में इस टी-20 विश्व कप की पहली हैट्रिक बनाई। 31 बरस के कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी हसन को आउट किया। इसके बाद आखिरी ओवर की पहली गेंद पर तौहीद हृदय को पवेलियन भेजा। यह टी20 विश्व कप में सातवीं हैट्रिक थी। कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये। आस्ट्रेलिया के लिये उनसे पहले ब्रेट ली यह कारनामा कर चुके हैं और उस समय भी विरोधी टीम बांग्लादेश ही थी। ली ने 2007 में हैट्रिक बनाई थी। उनके अलावा आयरलैंड के तेज गेंदबाज कुर्टिस कैंफर (2021), श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा (2021) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा भी यह कमाल कर चुके हैं।



## पेरिस ओलंपिक के दौरान मेजबानी का दावा मजबूत करने उतरेगा भारत

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल प्रशासक 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दावा मजबूत करने के लिए आगामी पेरिस ओलंपिक के दौरान कड़ी 'लॉबिंग' करेंगे। भारत अगर मेजबानी हासिल करने में सफल रहता है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास करेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई ने गुरुवार को ओलंपिक मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सामने पेश की। एमओसी ने अपनी इस रिपोर्ट में उन छह खेलों का जिक्र किया है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है।

# भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव

## बांग्लादेश से भारतीय टीम को मिल सकती है कड़ी टक्कर, रोहित और कोहली से कोच को विराट पारी की उम्मीद

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी चूंकि प्रतिद्वंद्वी के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उसे हलके में कतई नहीं लिया जा सकता। दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें। विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। बायें हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिये टीम में रखा गया था, लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाये लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली। एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है।

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हार्दिक पंड्या का बल्लेबाजी फॉर्म में लौटना सुखद रहा। गेंदबाजी में भारत उसी संयोजन को उतार सकता है। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को पहली बार अफगानिस्तान के खिलाफ ही मौका मिला और वह प्रभावी साबित हुए। मैच के बाद अक्षर पटेल ने कहा था कि बायें हाथ के तीन स्पिनरों को उतारने से फायदा मिला है। इनमें से एक कलाई का स्पिनर और दो ऊंगली के स्पिनर हैं। इन तीनों का संयोजन जबर्दस्त रहा है।

हमारे पास अच्छी टीम है और हमारा तालमेल बेहतरीन है। हम आपस में बात करते हैं कि क्या कारगर साबित हो रहा है और क्या नहीं। एक ईकाई के रूप में गेंदबाजी करने पर यह बहुत जरूरी है। वेस्टइंडीज में भारत का एकमात्र लक्ष्य खिताब जीतना है और बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उसी सिलसिले में अगला कदम होगा चूंकि 24 जून को सामना आस्ट्रेलिया से है। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाये रखने के लिये हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।



**टीमें : भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

**मैच का समय : रात आठ बजे से।**

### बल्लेबाजों से शांतो को जीत का यकीन

**नॉर्थ साउंड।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे, लेकिन उन्होंने सुपर आठ चरण में भारत के खिलाफ अगले मैच समेत बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन का वादा किया। बांग्लादेश ने ग्रुप चरण में तीन मैच जीतकर सुपर आठ के लिये क्वालीफाई किया था, लेकिन सुपर आठ चरण के पहले मैच में आस्ट्रेलिया ने उसे डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। अब उसका सामना भारत से है। शांतो ने कहा कि अगले दो मैच महत्वपूर्ण हैं। इन्हें जीतकर हम बेहतर स्थिति में होंगे और हम दोनों मैच जीतने की कोशिश करेंगे। यह पूछने पर कि क्या टीम बल्लेबाजी में फॉर्म के लिये जूझ रही है, शांतो ने कहा कि यह कहना मुश्किल है कि हम अच्छा क्यों नहीं खेल पा रहे। हर खिलाड़ी सक्षम है और अतीत में अलग-अलग जगहों पर अच्छा खेला है। उन्होंने कहा कि लेकिन मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है कि यहां अच्छा क्यों नहीं खेल पाये। हर किसी को अपना स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी है लेकिन वे खेल नहीं पा रहे।

## खेल डायरी

### अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

**लंदन।** विम्बलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज की विम्बलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6.7, 3.6 से हार गए। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह कैरियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। विम्बलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैम्पियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6.4, 4.6, 6.4 से मात दी । अब उनका सामना ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी बिली हैरिस से होगा।

### अदिति अशोक संयुक्त 22 वें पायदान पर

**वाशिंगटन।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में पहले दौर में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वापसी करते हुए पार 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 22वें स्थान पर है। अपना 30वां मेजर खेल रही अदिति का इस साल का यह तीसरा बड़ा टूर्नामेंट है। इससे वह शेवरॉन और यूएस ओपन में कट हासिल करने में सफल रही है। अभी एवियन और एआईजी महिला ओपन का आयोजन बाकी है। वह पहले, सातवें और नौवें होल में बोगी करने के बाद पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने 10वें और 11वें होल में बर्डी से उसकी भरपाई की।

### पाकिस्तान टीम से जुड़ेंगे नए टेस्ट कोच गिलेस्पी

**कराची।** पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी अगले महीने टीम से जुड़ेंगे और बांग्लादेश के खिलाफ अगस्त में होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए उन्हीं की देखरेख में शिविर आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के अनुसार शिविर 24 जुलाई से आयोजित किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के अलावा पाकिस्तान ए टीम में शामिल खिलाड़ी भी भाग लेंगे। शिविर का आयोजन गिलेस्पी और सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में ही किया जाएगा। टेस्ट कप्तान शान मसूद भी इंग्लैंड से जल्दी लौट आएंगे।

### श्रेयसी सिंह भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। श्रेयसी सक्रिय राजनीति में भी शामिल हैं और बिहार के जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।

## मेस्सी के प्रदर्शन से कनाडा 2-0 से हारा

**अटलांटा, एजेंसी।** मौजूदा चैम्पियन अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका फुटबॉल में अपने अभियान का आगाज कनाडा को 2.0 से हराकर किया और दोनों गोल में लियोनेल मेस्सी ने सूत्रधार की भूमिका निभाई। मेस्सी ने 49वें मिनट में जूलियन अल्वारेज को गेंद सौंपी जिन्होंने पहला गोल किया। इसके बाद 88वें मिनट में लौटारो मार्तिनेज के गोल में सहायक की भूमिका निभाई। अर्जेंटीना 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप के बाद लगातार तीसरा बड़ा खिताब जीतने की कोशिश में है। अमेरिका में दूसरी बार दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल की यह सबसे बड़ी चैम्पियनशिप हो रही है। अब अर्जेंटीना का सामना मंगलवार को चिली से न्यूजर्सी में होगा।

## अमेरिका से वेस्टइंडीज को मिल सकती है कड़ी टक्कर

ब्रिजटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। अमेरिकी बल्लेबाज स्टीवन टेलर ने मैच से पूर्व कहा कि हम यहां अच्छा खेलने आये हैं।

**टीमें : अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज़ गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहाँगीर।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

## बुमराह के आसपास भी नहीं है कोई गेंदबाज : मांजरेकर

**ब्रिजटाउन, एजेंसी।** पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि भारतीय टीम भाग्यशाली है जिसके पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बाकी गेंदबाजों से मीलों आगे है।

बुमराह ने अफगान के खिलाफ टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिये। भारत ने यह मैच 47 रन से जीता। मांजरेकर ने कहा कि कई मैचों में हमने चौके नहीं गंवाये। उनके और बाकी तेज गेंदबाजों के बीच का अंतर देखिये। दुनिया के बाकी शीर्ष गेंदबाजों को देखें तो बुमराह और उनमें बाकी अंतर है। भारत भाग्यशाली है कि उसके पास बुमराह जैसा गेंदबाज है।

# गेंदबाजों ने अफ्रीका पर लगाई लगाम

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

**टी-20 वर्ल्डकप**

- **दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को दिया 164 रनों का लक्ष्य**
- **डिकॉक ने तूफानी पारी खेलते हुए जड़ा अर्धशतक**

इंग्लैंड ने शुक्रवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ ग्रुप दो के मुकाबले में टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

इंग्लैंड के गेंदबाजों ने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए अफ्रीका को 163 रन पर ही रोक दिया। आर्चर ने 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी रही और डिकॉक ने 38 गेंदें खेलकर चार छक्के और चार चौकों की मदद से 65 रन की शानदार पारी खेली। वहीं उनका साथ दे रहे रीजा हेंड्रिक्स 25 गेंदों पर सिर्फ 19 रन ही बना सके और अफ्रीका ने अपना पहला विकेट 86 रन पर गवां दिया। इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने अफ्रीका के बल्लेबाजों पर हावी दिखाई दिए और एक के बाद एक विकेट लेते गए। जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज रहे। इन्होंने 4 ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट झटके। आदिल रशीद और मोईन अली ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। वहीं, डेविड मिलर ने तूफानी पारी खेलते हुए 28 गेंदों पर दो छक्के व चार चौकों की मदद से 43 रन की पारी खेली।



## चौबे के अध्यक्ष पद छोड़ने से भारतीय फुटबॉल को फायदा

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत के बर्खास्त फुटबॉल कोच इगोर स्टिमक ने शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वह जितनी जल्दी पद छोड़ेंगे, देश में फुटबॉल के भविष्य के लिए उतना ही बेहतर होगा।

उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल उनकी देख-रेख में इस देश में बिल्कुल नहीं बढ़ रहा है। फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में टीम के पहुंचने में विफलता के बाद स्टिमक को सोमवार को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।



इसके एक दिन बाद क्रोएशिया के इस पूर्व खिलाड़ी ने धमकी दी कि अगर 10 दिनों में उनके बकाये का भुगतान नहीं किया गया तो वह एआईएफएफ के खिलाफ फीफा पंचाट (ट्रिब्यूनल) में मुकदमा दायर करेगा। वह अपने कार्यकाल के दौरान 'झूठ और अधूरे वादों से तंग आ चुके थे'।

**यूरो कप 2024** | यूक्रेन ने 2-1 से जीता मुकाबला, टूर्नामेंट में बने रहे की उम्मीद कायम

# रोमन के गोल से स्लोवाकिया को मिली शिकस्त

डुसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

यूक्रेन ने शुक्रवार को यहां यूरोपीय चैम्पियनशिप 2024 फुटबॉल मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोमन यारेमचुक के गोल की बदौलत स्लोवाकिया पर 2-1 से जीत हासिल कर खुद को अगले दौर की दावेदारी में बनाये रखा।

यूक्रेन की यह 2024 में चार प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी करते हुए तीसरी जीत है। सोमवार को रोमानिया से मिली 0-3 की हार के कारण खराब गोल अंतर से यूक्रेन नाजुक स्थिति में था और एक और हार उसे बाहर होने की कगार पर भेज सकती थी।



स्लोवाकिया पर जीत के बाद जश्न मनाते यूक्रेन के खिलाड़ी।

### इटली को हराकर स्पेन नॉकआउट चरण में

**गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)।** तीन बार की यूरोपीय चैम्पियन स्पेन ने मौजूदा चैम्पियन इटली को 1.0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किये गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इटली के कोच लूसियानो स्पालेत्ती ने हार के बाद कहा कि वे जीत के हकदार थे। हम मैच में कभी थे ही नहीं। प्रदर्शन में काफी अंतर था। स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर

## भारत टी-20 श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

भारत इस साल नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की।

सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार श्रृंखला आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जायेंगे। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लगातार समर्थन के लिए बीसीसीआई और विश्व क्रिकेट को धन्यवाद करना चाहूंगा। भारतीय क्रिकेट टीम का हमारी सरजमीं पर दौरा हमेशा रोमांचक होता है।

मैं जानता हूं कि हमारे प्रशंसक इस श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे जिसमें दोनों टीमों की प्रतिभा दिखेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका में हमेशा ही मजबूत रिश्ता रहा है जिस पर दोनों देशों को गर्व है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

आसमान में धूप के बीच बादल छाए रहेंगे। बारिश भी हो सकती है।

| 38.3° अधिकतम तापमान | 26.4° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 :00 |



योगाभ्यास करते राज्यमंत्री, कमिश्नर व अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि।



प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर बच्ची को प्रमाणपत्र देते राज्यमंत्री व पूर्व राज्यमंत्री।



पहाड़ी में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

### ग्रामोदय विवि में भी योग पर कार्यक्रम

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में योग दिवस पर कार्यक्रम हुआ। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन व कुलपति प्रो. भारत मिश्रा की अगुवाई में योगाभ्यास किया गया। इस मौके पर संतोषी अखाड़ा के महंत रामजी दास, दिगंबर अखाड़ा के महंत दिव्य जीवनदास, जानकी महल के महंत सीताशरण दास, गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख डॉ. रामनारायण शास्त्री, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी डॉ. वीके जैन, सीएमओ विशाल सिंह एवं कुलसचिव नीरजा नामदेव आदि मौजूद रहीं। डॉ. तुषार कांत शास्त्री, दशरथ प्रजापति ने योगाभ्यास कराया।

### अपने आप में व्यापक शब्द है योग : जिला जज

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद न्यायाधीश के आवास परिसर में योगाभ्यास हुआ। न्यायिक अधिकारियों, बार के सदस्यगण, कर्मचारियों आदि ने इसमें हिस्सा लिया। जिला जज विकास कुमार प्रथम ने कहा कि योग अपने आप में व्यापक शब्द है। योग हमारे शरीर, आत्मा एवं चित्त को शुद्ध करने के लिए किया जाता है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण यादव पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, राममणि पाठक प्रथम अपर जिला जज, रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, नीलू मैनवाल सचिव/अपर जिला जज, राजेंद्र कुमार भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सूर्यकांत धर दुबे सिविल जज (सी.डि.), सैफाली यादव सिविल जज (जू.डि.), अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट, रवि श्रीवास्तव, रितेश सिंह, राजेश यादव, कंचन सिंह, प्रिया, शानू सिंह, अनुराग चंदेल आदि न्यायिक कर्मचारी आदि मौजूद रहे। सचिव/अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के मध्य जेल अधिकारियों व जनशिक्षण संस्थान चित्रकूट के सहयोग से योग शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर शशांक पांडेय अधीक्षक जिला कारागार, संतोष कुमार वर्मा, रजनीश सिंह, चितरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, बृजकिशोरी, प्रमोद कुमार कनौजिया, डा. रामानुजम, अनिल कुमार सिंह, जानकी शरण निषाद, पद्म सिंह व अनन्या सिंह आदि मौजूद रहीं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह लगी योगा की क्लास

## स्वस्थ रहने के लिए नित्य योग के साथ पर्यावरण की रक्षा करना भी आवश्यक, समाज की जिम्मेदारी है कि प्रकृति के साथ कतई खिलवाड़ नहीं करें

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को जिले में मुख्यालय समेत अन्य स्थानों पर योगाभ्यास किया गया। मुख्य कार्यक्रम जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में हुआ। यहां प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री होमगार्ड विभाग एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ योग किया। राज्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग के साथ पर्यावरण की रक्षा भी आवश्यक है।

इस मौके पर मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला कोऑपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। नरेंद्र नारायण चंद्रवंशी, मंजू केशरवानी व अन्य प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास कराया। मंत्री ने पर्यावरण सुरक्षा, जल संचयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 20-30 साल में जलस्तर बहुत ही नीचे चला गया है। आने वाली पीढियों के लिए पानी बचाकर चलना है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ नहीं करें। मन और शरीर स्वस्थ रहे, इसके लिए हमें पौधरोपण करना होगा। आयुष विभाग की ओर से मंत्री व मंडलायुक्त को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट की गई। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय उफरौली के बच्चों प्रभा देवी, शिवम एवं दीपांशु को सम्मानित किया गया। नोडल अधिकारी आयुर्वेद डा. आशुतोष त्रिपाठी ने सभी का आभार जताया। एडीएम उमेश चंद्र निगम, राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सौरभ यादव, मोहम्मद जसीम अहमद आदि मौजूद रहे। सदर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय मुस्लिमपुरवा में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक, शिक्षामित्रों ने योगाभ्यास किया। शिक्षामित्र शिक्षक सर्वेश यादव ने कहा कि योगासन से विकार दूर होते हैं और शरीर के अंग पोषण पाकर सही काम करते हैं। परहित सेवा संस्थान और उप्र पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्राचीन सोमनाथ मंदिर चर परिसर में कार्यक्रम हुआ। कैलाश उपाध्याय ने योग और प्राणायाम सिखाया। संस्थान के प्रबंधक अनुज हनुमत, क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डा. रामनरेश पाल, डॉ. संग्राम सिंह, उमेश द्विवेदी, सनत उपाध्याय, निर्भय, दुर्गा प्रसाद आदि रहे। राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड ने योग दिवस का शुभारंभ किया। योगाचार्य संजय कुमार ने योग का महत्व समझाया। सहायक अधीक्षक वीर सिंह, सह परिवीक्षा अधिकारी अंजना पोडवाल, योग प्रशिक्षक अरविंद सिंह, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, अर्जुन यादव, लवकुश कुमार, लवलेश यादव आदि रहे।



राजापुर में योगाभ्यास करते एसडीएम व अन्य। अमृत विचार



मुस्लिमपुरवा स्कूल में योग करते बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार



सोमनाथ मंदिर में योगाभ्यास करते युवा। अमृत विचार



जिला जज आवास परिसर में भी हुआ योग। अमृत विचार

**कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास : चित्रकूट।** भूमि संरक्षण इकाई व सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों ने भी योगाभ्यास किया। इसमें विजयपाल पटेल, अशोक कुमार पांडेय, सुधीर कुमार, राम सिंह आदि मौजूद रहे। विजयपाल ने लोगों को योग के लाभ बताए।

### पहाड़ी में भी जगह-जगह हुए कार्यक्रम

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** विकासखंड मुख्यालय में ब्लाक कार्यालय, थाना परिसर आदि जगहों पर योग शिविर लगे। खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र व प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह की अगुवाई में लोगों ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर ब्लाक में एडीओ पंचायत कमल कुमार सिंह, सचिव कमल सिंह, लोकेश सिंह, कमलेश कुमार, महेंद्र पांडेय, एडीओ कोआपरेटिव मनोज कुमार, राजकरण, विनोद कुमार, सलामत, शारदा विश्वकर्मा और थाना परिसर में वरिष्ठ उप निरीक्षक मनीष कुमार, सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार मिश्र, अवधनारायण, सुरेश सिंह, परशुराम यादव, मातादीन, किशन कुमार, प्रेमनारायण, अखिलेश यादव, शेष नारायण मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. उदय प्रताप सिंह, डा. दीपक यादव, डा. मोहित विद्यार्थी आदि के साथ स्वास्थ्यकर्मियों ने योगाभ्यास किया।

### राजापुर में किया गया योगाभ्यास

**राजापुर (चित्रकूट)।** लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में उप जिलाधिकारी प्रमोद झा, न्यायिक उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव, तहसीलदार रामसुधार राम, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, नायब तहसीलदार राजीव दुबे, नायब तहसीलदार सरधुआ शिवानंद पाण्डेय, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा की अगुवाई में तुलसी इंटर कॉलेज, केदारनाथ जगन्नाथ महाविद्यालय, वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय, स्वामीदीन पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों ने योगा किया। थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह की अगुवाई में पुलिसकर्मी शामिल हुए। सतीश मिश्रा ने योगाभ्यास कराया। ईओ बीएन कुशवाहा, सुनील मिश्रा, ओमप्रकाश, सौरभ मिश्रा, अशोक सोनी, अशोक सोनकर, अशोक याज्ञिक, अनिल कुमार गुप्ता, राजेंद्र कुमार पांडेय, प्रदीप कुमार दिनेश, चंद्रप्रकाश, देशराज आदि रहे।

# नीट में धांधली पर सपाइयों ने फूंका सरकार का पुतला

चित्रकूट कार्यालय

- परीक्षा रद करने और सीबीआई जांच कराने की मांग
- 23 लाख विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ का आरोप

**अमृत विचार।** समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव की अगुवाई में नीट में धांधली, भ्रष्टाचार और परीक्षा को रद्द न करने से आक्रोशित युवाओं ने शनिवार को ट्रैफिक चौराहे के पास सरकार का पुतला दहन किया। सपाइयों ने पुनः परीक्षा कराने की बात कही। साथ ही इस परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग उठाई।

रोहित ने कहा कि लगभग 23 लाख विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया । एक ही परीक्षा केंद्र से कई लोगों के एक साथ सौ फीसदी नंबर आना एक बड़ी धांधली की ओर संकेत करता है। भाजपा सरकार में ऐसी कोई परीक्षा नहीं हुई, जिसका पेपर न लीक हुआ हो।

नौजवानों का भविष्य अंधकारमय हो गया है, बेरोजगारी चरम पर है। परीक्षा को आयोजित कराने वाली एजेंसी की जांच होनी चाहिए। युवा सपाइयों ने मांग की कि परीक्षा को रद्द करते हुए पुनः कराई जाए। सीबीआई जांच की जाए, जिससे छात्रों को न्याय मिल सके। इस मौके पर अभिलाष यादव, कुशल यादव, सुनील, मुकेश कोटार्य, डा. संजय कुमार, मोहन प्रजापति, महेश यादव, रावेंद्र, राजकुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, मोहम्मद अहद, मो. रेहान खां, शिवम झा, राधे, धर्मेंद्र गुप्ता, रजित सिंह, योगेंद्र सिंह, धीरज कोटार्य, अजय, आशू यादव, रोहित पटेल, सूरज सिंह आदि मौजूद रहे।



पुतला फूंकते सपा छात्रसभा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

## गांजा बरामद, दो शातिर गिरफ्तार

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** थाना पुलिस ने तीन किलो 650 ग्राम गांजा बरामद किया है। दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को एसआई मातादीन अन्य पुलिसकर्मियों के साथ रात गश्त पर थे।

इसी दौरान कस्बे के पास गैस एजेंसी रोड से दो बाइकसवार आरोपियों शिवसागर त्रिपाठी को एक किलो 850 ग्राम व अजय प्रजापति निवासी ग्राम नहरा को एक किलो 800 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस टीम में एसआई किशन कुमार और आरक्षी आनंद प्रताप सिंह शामिल रहे।

# दिव्यांग बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए अब सरकार देगी भत्ता

चित्रकूट कार्यालय

- शारीरिक कमी नहीं बनेगी बच्चों की शिक्षा में बाधा: बीएसए

**अमृत विचार।** सरकार ने दिव्यांग बच्चों को स्कूल आनेजाने में होने वाली दिक्कत के मद्देनजर भत्ता देने की व्यवस्था की है। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव ने दी। ऐसे में बच्चों की शारीरिक कमी उनकी शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी।

बीएसए ने बताया कि जिले में 120 बच्चों को एस्कार्ट और 240 दिव्यांग बच्चियों को स्टाईपेंड योजना के तहत लाभ दिया जाएगा। एस्कार्ट योजना के तहत 70 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले बच्चों के अभिभावकों को छह हजार और स्टाइपेंड योजना के तहत 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाली छात्राओं को दो हजार रुपये सालाना दिए जाएंगे। दोनों ही योजनाओं का लाभ लेने के लिए बच्चों की स्कूल में साठ फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा संदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस साल भी शिविर लगाकर बच्चों के दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए जाएंगे।

### इन बच्चों को मिलेगा लाभ

बीएसए ने बताया कि नेत्रहीन, बौद्धिक दिव्यांग, सेरेब्रल पाल्सी व जापानी इंसेफ्लाइटिस से प्रभावित बच्चे स्वयं स्कूल आनेजाने में असमर्थ रहते हैं। इनको किसी साधन की आवश्यकता होती है। ऐसे में इस योजना मंत इन बच्चों को प्रमुखता दी जाएगी। योजना के तहत छह सौ रुपये प्रतिमाह के हिसाब से दस माह का भत्ता अभिभावकों के खाते में सीधे भेजा जाएगा। इसी तरह चालीस प्रतिशत दिव्यांगता वाली बालिकाओं को दो सौ महीने के हिसाब से धनराशि मिलेगी।

**मंथन शुरू** प्रत्याशी चयन और कुछ नेताओं की भूमिका पर उठाए सवाल, बाहर से आए दो नेताओं का कर्वी और मऊ में हार पर मंथन

# समीक्षा बैठक में भाजपाइयों ने हार के कई कारण गिनाए

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में भाजपा की बांदा-चित्रकूट सीट से पराजय और चित्रकूट, मानिकपुर विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के शर्मनाक प्रदर्शन के बाद पार्टी आलाकमान ने मंथन शुरू कर दिया है। नेतृत्व के निर्देश पर पहुंचे दो नेताओं ने यहां दोनों विधानसभा क्षेत्रों में समीक्षा बैठक की और हार के कारणों को जानने की कोशिश की। पुष्ट सूत्र बताते हैं कि भाजपाइयों ने हार की सबसे बड़ी वजह प्रत्याशी चयन को बताया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इस दौरान जमकर भड़ास निकाली।

इस लोकसभा चुनाव में दोनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा का प्रदर्शन पिछले कई चुनावों से ज्यादा बदतर रहा। दोनो जगहों पर पार्टी खिसककर तीसरे नंबर पर चली गई। कभी बीजेपी का गढ़ माने जाने वाले चित्रकूट जिले में भाजपा की यह हालत किसी के गले नहीं उतर रही। जैसी अपेक्षा की जा रही थी, पार्टी आलाकमान ने इस पर गंभीरता से मंथन भी शुरू कर दिया है। कोई आश्चर्य नहीं कि इस कवायद की गाज कुछ नेताओं पर गिर जाए। शुक्रवार को प्रदेश उपाध्यक्ष महेश तिवारी और आगरा उत्तरी के विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल यहां पहुंचे और पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से पराजय के कारण जानने की कोशिश की। पार्टी के अंदरखाने से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों नेताओं ने इस चुनाव को छोड़कर पिछले चुनावों के जीते-हारे जनप्रतिनिधियों, मंडलों के अध्यक्षों, ब्लाक प्रमुखों, जिला पंचायत अध्यक्ष, पालिकाध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्षों के अलावा जिलास्तरीय पदाधिकारी से हार के कारणों को टटोलने की कोशिश की। बताया जाता है कि कार्यकर्ताओं में सबसे ज्यादा गुस्सा प्रत्याशी चयन को लेकर था। कहना था कि प्रत्याशी पूरे समय मोदी और योगी के नाम पर वोट मांगते रहे। जबकि अपनी उपलब्धियों को लेकर कुछ नहीं बता पाए।

अंदरखाने की माने तो कुछ ने तो यहां तक कहा कि आरके पटेल अपने पुत्रों के मोह से ऊपर नहीं उठ पाए। उनकी गलत बातों पर भी आंखें मूंदे रहे। उनके और उनके पुत्रों के कार्यव्यवहार को लेकर भी जबर्दस्त नाराजगी दिखी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा उर्फ हीरो का प्रकरण, मानिकपुर में ढाबे में की गई मारपीट, भरतकूप में दुर्घटना में मारे गए दो युवकों का मामला, सीआईसी में आतिशबाजी हादसे में मासूमों की मौत के मामले में बड़े नेताओं की चुप्पी आदि को लेकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुलकर शिकायत की। कुल मिलाकर मुख्यालय में टाउन हाल और मऊ में नगर पंचायत कार्यालय में हुई समीक्षा बैठकों में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपनी भड़ास जमकर निकाली। बताया जाता है कि निष्कर्ष निकाला गया कि प्रत्याशी चयन, ब्राह्मण समुदाय की नाराजगी, कई नेताओं का भितरघात, पदाधिकारियों की आत्ममुग्धता, प्रत्याशी का पुत्रमोह को लेकर कार्यकर्ताओं में असंतोष, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की उपेक्षा आदि वजह हार के प्रमुख कारण रहे। देखना यह रोचक होगा कि अब इस कवायद का असर क्या होता है। दोनों नेता अपनी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सैनी को सौंपेंगे।



समीक्षा बैठक के दौरान मंच पर भाजपा नेता। अमृत विचार



मौजूद भाजपा के जिलास्तरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

### नीचे बैठे रहे जिलाध्यक्ष

जानकारी के मुताबिक, समीक्षा करने आए नेताओं ने टाउन हाल में जब जिला कमेटी के पदाधिकारियों से बात की तो उस दौरान जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी व अन्य बड़े नेता नीचे बैठे रहे। दोनों नेताओं ने टाउन हाल के मंच पर पदाधिकारियों से एक-एक करके हार की वजह पूछी और इन लोगों ने खुलकर अपनी बातें भी रखीं।

### भैरों, आनंद का भी मुद्दा उठा

सूत्रों के अनुसार, बैठक में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र और निवर्तमान विधायक आनंद शुक्ला की नाराजगी का भी मुद्दा उठा। स्थानीय नेताओं ने बताया कि आरके प्रत्याशी बनने के बाद इन दोनों से नहीं मिले। ज्यादातर का यह तर्क था कि अगर आरके सिंह पटेल इन नेताओं के घर जाकर मान मनौव्वल करते तो बात इतनी नहीं बिगड़ती। बड़े नेताओं के आने पर पार्टी के जिला नेतृत्व ने इनको मंच तक में उचित सम्मान नहीं दिया।

### सहकारिता चुनाव पर भी हुई चर्चा

पता चला है कि जिला पदाधिकारियों ने दोनों नेताओं को यह भी बताया कि असंतुष्टि और भितरघात की शुरुआत सहकारिता चुनाव से हुई, जिसमें एक ब्लाक प्रमुख ने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करते हुए मंडल अध्यक्षों के चुनाव में अपने आदमियों को तरजीह दी। ऐसे लोगों को जिनका पार्टी से कोई लेना देना नहीं रहा। इससे और इस तरह के कई मामलों में जमीनी कार्यकर्ताओं को अपनी उपेक्षा महसूस हुई और वे चुनाव में पूरी लगन से काम नहीं कर पाए।

### जनप्रतिनिधियों के ट्वीट भी दिखाए गए

इस दौरान दोनों समीक्षकों को कार्यकर्ताओं ने वे ट्वीट और पोस्ट भी दिखाए जिनसे बात बिगड़ती चली गई और असंतुष्ट और नाराज हो गए। इनमें एक जनप्रतिनिधि की टिप्पणी का स्क्रीन शॉट भी दिखाया गया, जिसमें उन्होंने बेहूदा शब्द का इस्तेमाल किया था।

### चित्रकूट की पराजय को गंभीरता से लिया

पार्टी के नेता इस बात को स्वीकार करते हैं कि अयोध्या के साथ-साथ चित्रकूट में भाजपा की पराजय को नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। पहले विधानसभा और फिर लोकसभा में हार से प्रभु राम से जुड़े तीर्थस्थलों को प्रमुखता देने की पार्टीलाइन को भी धक्का लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चित्रकूट से प्रेम किसी से छिपा नहीं। वह अपने दो बार के कार्यकाल में अब तक लगभग आठ बार चित्रकूट का दौरा कर चुके हैं।

## सार-संक्षेप

### सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने पति-पत्नी में सुलह कराई। शकुनत बानो पुत्री फत्ते मोहम्मद निवासी गोपालपुर ने पति रहीस, ससुर राजू, सास जुलेखा निवासी खुटला रहुनिया (बांदा) पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने की शिकायत करते हुए एसपी को प्रार्थनापत्र दिया था। एसपी के निर्देश पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र गुड्डी देवी, आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव, और मंजूलता ने दोनों पक्षों को केंद्र बुलाया व समझाया।

### किसान दिवस में समस्याओं पर चर्चा

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने किसानों की समस्याओं को बिंदुवार रखा। किसानों ने एक जुलाई तक अन्ना मवेशियों को संरक्षित किए जाने, पौधरोपण आदि पर जोर दिया। जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तक किसानों को निजी ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए सामग्री उपलब्ध नहीं की गई। चकबंदी विभाग किसानों को आपस में लड़ाने का काम कर रहा है। बैठक में खंडेहा में धारा 52 लागू किए जाने, समितियों में समय से उर्वरक उपलब्ध कराए जाने की मांगें रखीं। इस मौके पर कृषि उपनिदेशक, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, डीएफओ आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गडवारा विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

**निविदा सूचना**

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत गडवारा में राज्य वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। दिनांक 22/6/2024से 25/6/2024तक

| क्र0 | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | भुरवा के घर से पुलिया तक डब्ल्यू बी एम रोड निर्माण कार्य | 184600 | 3650 | 500 |

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

ग्राम पंचायत गडवारा विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

**कार्यालयः ग्राम पंचायत-मछरिहा, विकासखण्ड-चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट**

पत्रांक: मेमो/प0वि0/पंद्र0वित्त/मनरेगा/टेन्डर/2023-24 दिनांक: 21.06.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत-मछरिहा द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/ आयकर में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 24.06.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री 22.06.2024 से 24.06.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (लाख रू0 में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मछरिहा | ग्राम पंचायत मछरिहा में देशराज के घर से जुगल किशोर के घर तक इंटरलाकिंग खडंजा निर्माण एवं के0सी0 ड्रेन (नाली) निर्माण। | 458665 | 9173 | 500.00 |

निविदा शर्ते:- नोट- निविदा से सम्बन्धित शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

ग्रा0वि0अ0 मछरिहा प्रधान मछरिहा


पुलिस लाइन में योगाभ्यास करते प्रमुख सचिव, विधायक व डीएम। अमृत विचार


योग गुरु को सम्मानित करती नगर पालिका चेयरमैन। अमृत विचार


तहसील में योगाभ्यास करते एसडीएम व अन्य। अमृत विचार

# निरोगी काया के लिए योग जरूरी : प्रमुख सचिव

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की रही धूम, पुलिस लाइन ग्राउंड में प्रमुख सचिव समेत सदर विधायक, डीआईजी, डीएम व एसपी ने किया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समूचे जनपद में हर घर योग की धूम रही। शहर के पुलिस लाइन ग्राउंड में प्रमुख सचिव परिवहन, जिलाधिकारी, सदर विधायक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक समेत सभी अफसरों व कर्मचारियों ने आम लोगों के साथ योगाभ्यास किया और लोगों को नियमित योग करने की नसीहत दी। उधर दीवानी न्यायालय के नवीन सभागार में जिला जज की अगुवाई में न्यायिक अफसरों ने भी योग का अभ्यास किया। प्रमुख सचिव परिवहन ने योग को निरोगी काया के लिए जरूरी बताया। कहा कि योग व्यक्ति के सामाजिक और मानसिक विकास को बल प्रदान करता है।

शुक्रवार को शहर के पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख सचिव परिवहन एल.वेंकटेश्वर लू, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, डीआईजी अजय कुमार सिंह, डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल, सीडीओ वेदप्रकाश मौर्य ने दीप प्रज्वलित करके किया। सभी ने सामूहिक रूप से योग वंदना की और योगाभ्यास कार्यक्रम का विधिवत आगाज किया। योगाभ्यास कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा.निरेन्द्र बहादुर सिंह के निर्देशन में सभी ने स्वयं एवं समाज के लिए योग की थीम पर योगाभ्यास किया। मुख्य योग प्रशिक्षक रमेश राजपूत, सजल कुमार रेंडर, राहुल जैन और आयुर्वेद विभाग के योग प्रशिक्षकों ने सभी को दो घंटे तक योगाभ्यास कराया और दैनिक जीवन में योग उपयोगिता व लाभ से रूबरू कराया।

मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव परिवहन श्री लू ने योग को अपने जीवन में अपनाने की नसीहत दी। कहा कि नियमित योग शरीर के विकास के साथ मानसिक संतुलन भी बनाए रखने में मददगार होता है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने जीवन में योग का महत्व बताते हुए कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित योग बहुत जरूरी है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। पुलिस लाइन मैदान में आयोजित कार्यक्रम में करीब छह सैकड़ा से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया और योग को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। संचालन चिकित्साधिकारी डा.अर्चना भारती और डा.इंद्रवीर सिंह ने किया। इसके अलावा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी ऐतिहासिक व सामरिक महत्व के स्थलों, पार्कों, तहसीलों, ब्लाकों, ग्राम पंचायतों, नगर पालिका-नगर पंचायतों, स्कूल-कालेजों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, योग वेलनेस सेंटर, आयुष ग्राम छिबांब आयुर्वेदिक चिकित्सालय, यूनानी चिकित्सालय, होम्योपैथी चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी आदि में भव्य तरीके से किया गया।


राजादेवी डिग्री कालेज में योगाभ्यास करते शिक्षक। अमृत विचार

### स्कूलों-कॉलेजों में हुआ योग शिविरों का आयोजन

आदर्श बजरंग इंटर कालेज में पांच दिनों से चल रहे योग शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने गर्ल्स व ब्वायज एनसीसी कैडेट्स के साथ योगाभ्यास किया। योग गुरु बिंदकुमार सिंह ने प्रार्थना, शिथिलीकरण, ग्रीवा चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वक्रासन, सेतुबंधासन, पवनमुक्त आसन, मकरासन, शवासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन आदि का अभ्यास कराया। शहर के राजादेवी डिग्री कालेज में योग प्रशिक्षक रामकेश राजपूत और प्राचार्य डा.संतोष तिवारी के निर्देशन में कॉलेज के करीब तीन सैकड़ा छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। डीआर पब्लिक स्कूल में योगाचार्य प्रदीप शिवहरे ने विद्यालय के स्टाफ और बच्चों को योगाभ्यास कराया। विद्यालय के प्रबंधक चंद्रमौलि भारद्वाज व मैनेजर श्रुति भारद्वाज ने योग को जीवन में उतारने की सलाह दी। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अमिता सिंह की अगुवाई में योग को जीवन में उतारने की संकल्प लिया गया।


सदर विधायक को सम्मानित करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार


अवस्थी पार्क में योगाभ्यास कराते योग प्रशिक्षक। अमृत विचार

- दीवानी न्यायालय के नवीन सभागार में जिला जज समेत न्यायिक अधिकारियों ने किया योग

### अवस्थी पार्क में योग गुरु ने कराया योगाभ्यास

शहर के अवस्थी पार्क में योग गुरु प्रकाश साहू की अगुवाई में विशेष योग शिविर का आयोजन हुआ। योग प्रशिक्षिका सुनीता गुप्ता ने सभी को योगाभ्यास कराया। नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने योग गुरु प्रकाश साहू को सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, वर्षा सेठ, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, मनोज जैन, बीके सिंह बड़े भइया, राजकुमार राज, सभासद आशीष गुप्ता, मंजूषा सिंह समेत नगर पालिका के कर्मचारी आदि रहे।

# कस्बों और ग्रामीण इलाकों में भी योग दिवस पर लगे शिविर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कस्बाई और ग्रामीण इलाके भी अछूते नहीं रहे। अतर्रा कस्बा स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में व्याख्याता राजेश सिंह ने शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को योग कराया और योग का महत्व भी समझाया। कालेज के निदेशक एसपी शुक्ल ने नियमित योगाभ्यास की नसीहत दी। अतर्रा तहसील में एसडीएम रावेंद्र सिंह, तहसीलदार रामचंद्र सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमर सिंह राठौर, थाने में सीओ गवेंद्र पाल गौतम, थानाध्यक्ष कुलदीप तिवारी, एसआई केडी त्रिपाठी, हिंदू इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डा.राकेश पटेल, अतर्रा डिग्री कालेज में प्राचार्य अवधेश चंद्र मिश्रा, ब्रह्म विज्ञान इंटर कालेज में प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी की अध्यक्षता में योगाभ्यास किया गया। बबेरू तहसील परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल व उपजिलाधिकारी नमन मेहता, अशोक उपाध्याय आदि ने योग शिविर में भाग लिया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सूर्य पाल सिह यादव, तहसीलदार लखन सिह राजपूत, भाजपा नेता अजय पटेल, शिक्षक संजय सिह,विवेकानन्द गुप्ता जमुना गुप्ता योगेन्द्र सिह, सौरभ शिवहरे, लक्ष्मण राजपूत, अमित अग्रहरि मौजूद रहे। उधर, नरैनी, तिंदवारी, चिल्ला, पैलानी आदि इलाकों में भी जगह जगह शिविर आयोजित करके शरीर को स्वस्थ रखने को योगाभ्यास का संकल्प दोहराया गया।


योगाभ्यास करते जिला जज व न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

# तेज रफ्तार लोडर पलटा युवक की मौत, 4 घायल

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार लोडर आनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी शिवाकांत (35) पुत्र रामप्रसाद पत्नी और बच्चों के साथ कमासिन में रहता था। वह अपने ससुर के साथ बबेरू में कपड़ा की दुकान खोले था। शुक्रवार की दोपहर चित्रकूट से आ रहे लोडर में बैठ कर बबेरू आ रहा था। तभी गुरौली सपहाई के पास लोडर आनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे शिवाकांत समेत लोडर चालक संदीप (35) पुत्र गुरुप्रसाद निवासी सकरहुआ चित्रकूट, दिलीप (20) पुत्र इंद्रजीत, उसका चाचा रामबहादुर (45) पुत्र रामस्वरूप निवासी बियावर चित्रकूट, संदीप का साला जितेंद्र (15) पुत्र अमरनाथ निवासी सांड़ी (पैलानी) घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों में चीखों पुकार मच गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरो ने शिवाकांत को मृत घोषित कर दिया। उधर, घायल संदीप ने बताया कि वह लोडर लेकर भैंस लेने अपनी ससुराल सांड़ी गांव जा रहा था। तभी चालक के बगले बैठे जितेद्र को अचानक नींद आ गई। उसका सिर स्टेरिंग से टकरा जाने पर लोडर आनियत्रित होकर पलट गया।

# अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन शुरू

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- जनसभा में अधिवक्ताओं ने आंदोलन तेज करने की बनाई रणनीति

**अमृत विचार।** पहली जुलाई से देश और प्रदेश में लागू हो रहे तीन नए कानून के खिलाफ जिला अधिवक्ता संघ का बेमियादी क्रमिक अनशन शुरू हो गया। पहले दिन कचहरी गेट पर हुई जनसभा में जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष व महासचिव ने तीन नए कानून को काला कानून करार देते हुए आंदोलन तेज करने पर जोर दिया। अधिवक्ताओं से तीन नए कानून का खुलकर विरोध करने का आह्वान किया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला अधिवक्ता संघ के बैनर तले कचहरी गेट पर शुक्रवार से तीन नए कानून के खिलाफ अधिवक्ताओं का बेमियादी क्रमिक अनशन शुरू हो गया। पहले दिन पूर्व अध्यक्ष रामस्वरूप सिंह सीनियर के नेतृत्व में पूर्व महासचिव जयकरन वर्मा, रीना कनौजिया, साधना द्विवेदी, राजबहादुर निषाद, शोभेलाल प्रजापति, साधना कोटार्य, विशंभर सिंह, गणेश प्रसाद सोनी क्रमिक अनशन पर बैठे। कचेहरी गेट पर जनसभा करते हुए अधिवक्ताओं ने तीन नए कानून पर आक्रोश जताया। अध्यक्ष अशोक दीक्षित व महासचिव रामप्रकाश शिवहरे ने आंदोलन को और तेज करने की जरूरत पर बल दिया। कहा कि सरकार ने इस काले कानून के जरिये अधिवक्ताओं को बंधना चाहती है। चेतावनी दी कि सरकार अधिवक्ताओं की ताकत को कमतर न समझे। काले कानून की संज्ञा देते हुये तत्काल हटाने की मांग की। इस मौके पर ओमप्रकाश सिंह गौतम उर्फ मुन्ना बाबू, पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, दिनेश कुमार, रोहन सिन्हा, निखिल सक्सेना, गंगाप्रसाद चतुर्वेदी, आशीष मिश्रा, कौशलेंद्र शुक्ला, विजयशंकर शुक्ला, राजेंद्र यादव, आदित्य सिंह, शैलेंद्र गुप्ता व प्रशांत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### समर्थन में न्यायिक कार्यों से विरत रहे वकील

जिला अधिवक्ता संघ की हड़ताल के समर्थन में अतर्रा तहसील अधिवक्ता संघ के वकील हड़ताल पर रहे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर तीनों कानून में हुए परिवर्तन पर आक्रोश जताया। कहा कि अपरिपक्व लोगों ने कानून को परिवर्तित किया है। तीन नए कानून के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, महासचिव राजेंद्र जाटव, अरविंद पांडेय, सूरज बाजपेई, सुशील गुप्ता, राजललन गर्ग, राजेंद्र गुप्ता, श्याम बाबू गुप्ता, मनोज द्विवेदी, राम प्रकाश यादव, नंदकिशोर कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। उधर, दूसरे गुट के तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे अनपत सैनी ने हड़ताल का समर्थन कर अधिवक्ताओं की लड़ाई को जायज ठहराया।

# अध्यादेश वापस लेने को व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिला उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश सर्राफ की अगुवाई में शुक्रवार को नजूल संपत्तियों के अधिग्रहण संबंधी अध्यादेश पर व्यापारियों ने विरोध जताते हुए आक्रोश जताया। कलक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें कहा है कि 7 मार्च 2024 को प्रदेश सरकार द्वारा नजूल भूमि से संबंधित जारी अध्यादेश से लोगो में चिंता एवं रोष व्याप्त है। जारी किया गया अध्यादेश वापस लिया जाये। ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे प्रदेश में नजूल की अनेक भूमि हैं जिन पर रिहायसी भी कायम हैं। साथ ही व्यापार भी चल रहे हैं। ऐसी सूरत में ध्वस्तीकरण या अन्य कार्रवाई किया जाना लोकहित में नहीं है। कहा गया कि प्रदेश से सटे हुए अन्य प्रदेश उत्तराखंड मध्य प्रदेश व राजस्थान में भी नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड करने की योजना चल रही है। व्यापारियों ने कहा कि इस अध्यादेश के चलते लोगों को अपनी रिहायश व व्यापार की समस्या उत्पन्न होगी। व्यापारियों ने प्रदेश सरकार से इस अध्यादेश को समाप्त करके नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड कराने की मांग की। प्रदेश में नजूल सम्पत्तियो का प्रयोग करने वाले सभी लोगो के लिए न्यूनतम शुल्क निर्धारित कर उनकी लीज का नवीनीकरण किया जाए। जिससे लोगों के मन में भय व भविष्य की चिंता समाप्त हो सके। आवास विकास परिषद द्वारा भूखंड सील एवं धवस्तीकरण पर फिलहाल रोक लगाने व कुछ शुल्क लेकर व्यवसायिक गतिविधि की मान्यता प्रदान करने की मांग की। अन्यथा की स्थिति में जिले व प्रदेश का व्यापारी सड़कों पर उतर कर विरोध-प्रदर्शन करेगा।

# पत्नी के मायके से न आने पर लगाई आग

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव निवासी रामजी (28) पुत्र रामखेलावन प्रजापति ने दोपहर बाद लगभग साढ़े 4 बजे अपने घर में बाईक से पेट्रोल निकाल कर अपने ऊपर छिड़क लिया और आग लगा ली। इसकी चीख पुकार सुन परिवार के लोग पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाई। तब तक इसके शरीर का काफी हिस्सा आग से जलकर झुलस गया था। परिजन तत्काल ई रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए यहा के चिकित्साधिकारी डॉ विपिन शर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। इसके पिता ने बताया कि इसकी पत्नी एक माह पहले अपने मायके कल्ला धनपुरा जिला हमीरपुर चली गई थी। राम जी कुछ दिनों पहले अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था लेकिन उसने आने से मना कर दिया था तभी से राम जी पत्नी के न आने की वजह से परेशान रहता था।

**मुद्दा** रातों रात तैयार की गई नई तहरीर, हटाया गया सूबे के राज्यमंत्री का नाम

# नहीं दर्ज हो सकी रिपोर्ट, ढीले पड़े विद्युत विभाग के अफसर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- विद्युत अभियंताओं के साथ राज्यमंत्री के कार्यकर्ताओं की अभद्रता का मामला

**अमृत विचार।** दो दिन तक चली ड्रामेबाजी, मान मनौव्वल और तहरीर की अदला-बदली के बाद भी आखिरकार मुकदमा दर्ज नहीं हो सका। सुबह से विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी रोजाना की तरह काम पर लौट आए। हालांकि कथित तौर पर राज्यमंत्री और विद्युत अभियंताओं के बीच मारपीट और अभद्रता का मामला समूचे शहर में चर्चा का विषय जरूर बना रहा। उधर विद्युत कर्मचारी दबी जुबान मामले में ऊपर का दबाव आने की बात कहते रहे। पीड़ित विद्युत अधिकारी, कर्मचारी जहां राज्यमंत्री के पीएस और अन्य के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को तहरीर देने की बात कह रहे हैं, वहीं पुलिस अधीक्षक किसी भी प्रकार की तहरीर मिलने से इंकार कर रहे हैं।

बिजली विभाग और राज्यमंत्री के बीच हुआ विवाद अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामले को लेकर जहां विभागीय अफसर बैठकों में व्यस्त रहे, वहीं कर्मचारी रोजाना की तरह अपने काम पर डटे रहे। सूत्रों की माने तो पूरे मामले में दो दिन की ड्रामेबाजी और मान मनव्वल के दौर के बाद जब बात बनती नहीं दिखी तो विभागीय अफसरों ने एक बार फिर से पुलिस का रुख किया। बताते हैं कि एसपी से मुलाकात के बाद पीड़ितों की तहरीर में फेरबदल किया गया और नई तहरीर में राज्यमंत्री का नाम हटाकर थोड़ा बहुत बदलाव किया गया। पीड़ित अधिकारी, कर्मचारी दबी जुबान बताते हैं कि गुरुवार की देर रात पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर नई तहरीर दी गई। जिसमें राज्यमंत्री के पर्सनल सहायक और चार लोगों समेत 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। एसपी अंकुर अग्रवाल ने उन्हें तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराने का भरोसा दिलाया और मामले की जांच करने की बात कही। लेकिन शुक्रवार की देरशाम तक मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सका और न ही पूरे मामले में कोई कार्रवाई ही की गई। हालांकि गुरुवार को विद्युत विभाग के अफसर खासे लामबंद रहे, लेकिन शाम तक पूरा मामला शासन स्तर तक गूंजने लगा और ऊपर से बने दबाव का असर हकीकत में दिखने लगा। उधर पुलिस अधीक्षक भी किसी भी प्रकार की तहरीर मिलने से इंकार कर रहे हैं। पूरे मामले पर विद्युत विभाग के अफसरों से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने मीटिंग में होने की बात कह कर टरकाते रहे। उधर घटना के बाद से भयभीत राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन ने मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वह शाम छह बजे के बाद और अवकाश दिवस में किसी सरकारी बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे।


डीएम को ज्ञापन सौंपती जदयू की महिला प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल। अमृत विचार

### विभिन्न संगठनों ने राज्यमंत्री के खिलाफ किया प्रदर्शन

**बांदा।** जहां एक ओर विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मारपीट और अभद्रता के मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं, वहीं शुक्रवार को विभिन्न संगठनों के लोगों ने राज्यमंत्री की दबंगई को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जनता यूनाईटेड महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के विरोध में नारेबाजी की और जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। बताया है कि सूबे के राज्यमंत्री अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ अभद्रता करते हैं और सरकारी कार्यालयों में गुर्गों के साथ जबरन घुसकर मारपीट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। शालिनी पटेल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राज्यमंत्री के गुर्गों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कहा है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो जदयू महिला विंग सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगी। उधर इस मामले को लेकर बुंदेलखंड इंसाफ सेना ने भी प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए .एस नोमानी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि सत्ता में बैठे प्रमुख लोग अधिकारियों, कर्मचारियों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, जिससे योगी सरकार की छवि खराब हो रही है।

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में मीटर रीडर की मौत

**बांदा।** कानपुर के घाटमपुर थाना क्षेत्र के परास गांव निवासी प्रसन्न (30) तिवारी पुत्र उमाशंकर तिवारी बांदा में बिजली विभाग में कुशल कर्मी मीटर रीडर था। वह कालू कुआ मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। गुरूवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियो में उसकी अचानक हालत खराब हो गई। मकान मालिक ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रसन्न को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। मृतक के बड़ेभाई आनंद तिवारी ने बताया कि प्रसन्न 2011 से यहां रह रहा था।

### फांसी लगा खुदकुशी का प्रयास

**बांदा।** जसपुरा थाना क्षेत्र के कुम्हरिया डेरा निवासी मनोज (35) पुत्र भुल्लू सिंह गुरूवार को खेत में मूग की कतराई करा रहा था। उसका मोबाइल कही गिर गया। इस पर बड़े भाई ने उसे डांट दिया। नाराज होकर मनोज खेत से घर आ गया। उसने कमरे के अंदर धन्नी में रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकला तो मौके पर पहुंचे घरवालो ने देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के पुनाहुर गांव निवासी रामबाबू (30) पुत्र भैरम प्रसाद की गुरूवार की शाम अचानक हालत खराब हो गई। घरवालो ने उसे रानीदुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के फुफेरे भाई अशोक ने बताया कि रामबाबू पेट दर्द से परेशान था।

### सीएचसी से बाइक ले उड़े चोर

**नरैनी।** कालिंजर थाना क्षेत्र के परसहर गांव निवासी उमेश कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी आशा कार्यकत्री के पद पर कार्यरत है। बाइक में पत्नी को बैठाकर लगभग ढाई बजे नरैनी कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आया था। अस्पताल के बाहर बाइक खड़ा कर दोनों सीएचसी के अंदर चले गए। कुछ देर बाद बाहर निकले तो उनकी बाइक मौके से गायब मिली। पीड़ित ने बताया कि अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में एक चोर बाइक ले जाते दिखाई दे रहा है।


योग करते लोग। अमृत विचार


दीप प्रज्ज्वलित करती एसपी अपर्णा गुप्ता। अमृत विचार

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्टेडियम में भव्य आयोजन, सुबह से ही उमड़ने लगे लोग

# उत्साह के साथ दो घंटे तक किया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुक्रवार को जिला स्टेडियम में भव्य आयोजन किया गया। योग शिविर का उद्घाटन प्रदेश के वित्त सचिव शाहिद मंजर रिजवी, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी और पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान जुटी भारी भीड़ ने दो घंटे तक योगाभ्यास किया। योगा करने के प्रति लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। योगाभ्यास के लिए सुबह साढ़े चार बजे से टेंपो, ई-रिक्शा, ऑटो में सवार होकर लोग जिला स्टेडियम पहुंचे। सुबह से ही स्टेडियम में खासी चहलपहल बढ़ गई। स्टेडियम में बिछाई गई मैट और फर्श पर लोगों ने योगाभ्यास किया।

मंच पर योग प्रशिक्षक भरत कुमार, सुशील गुप्ता, ब्रह्मकुमारी से रागिनी बहन आदि ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगभ्यास कराया। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन पर उमड़ी भीड़ ने दो घंटे तक योगाभ्यास किया। लोग सुबह से ही ढीले कपड़ों, टीशर्ट व लोवर पहनकर योगाभ्यास के स्टेडिम पहुंचे, जहां पर योगाभ्यास की शुरूआत दीप प्रज्जवलित के बाद हुई। स्टेडियम मैदान में शुरू हुए योग शिविर में चारो तरफ योगासन करने में जुट गए। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक प्रशिक्षकों के निर्देशन पर योगा करते नजर आए। इस मौके पर अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों व संस्थाओं के सदस्यों व नागरिकों ने योग शिविर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उधर योग प्रशिक्षक सचिन गुप्ता ने पुलिस लाइन मे क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे की उपस्थिति में पुलिस कर्मचारियों व अन्य लोगों को योगाभ्यास कराया। मंच संचालन अपर्णा नायक, शिक्षिका ने किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि योग इंद्रियों को नियंत्रित कर चरित्र निर्माण करता है, जो कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है। माता-पिता अपने बच्चों को योग का महत्व बताते हुए उनको नियमित योग करने के लिए प्रेरित करें। नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहने के साथ साथ चुस्त दुरुस्त रहता है और सारा दिन किसी भी तरह का अलस नहीं आता है। कहा कि योग करने वालों से रोग दूर रहते हैं। ब्लड प्रेसर और शुगर के मरीजों को अनोममिलोम व अन्य योग करना चाहिए ।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवम यूनानी अधिकारी डॉ. बलभद्र सिंह, डा रामकिशोर, नोडल अधिकारी, डॉ. नीलम प्रभारी होमियोपैथिक अधिकारी, अमित देवरिया डीपीएम, डॉ. ममता वर्मा, डॉ. विकास कुमार, डॉ. प्रबल प्रताप, डॉ. अर्पित कुमार, डॉ. अमिता सिंह सहित समस्त आयुर्वेदिक विभाग के कर्मचारी गण तथा होमियोपैथिक विभाग के कर्मचारियों का सक्रिय योगदान रहा। इस मौके पर सांसद अजेंद्र सिंह लोधी, पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, चेयरमैन नगर पालिका संतोष चौरसिया, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त रामप्रकाश, समाजसेवी व जनसमूह उपस्थित रहा।

# कई जगहों पर हुए योग के कार्यक्रम नागरिकों की बढ़-चढ़ कर भागीदारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कस्बा श्रीनगर के बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय, कोतवाली श्रीनगर, एकल विद्यालय व लक सोसाइटी में दशम योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे समाज के गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। योगाचार्य रतीशचंद्र रावत ने नवोदय महाविद्यालय में योग शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कोतवाली श्रीनगर में कोतवाली प्रभारी शिशुपाल सिंह ने योग शिविर में सभी पुलिस कर्मियों के साथ योगासन किया। द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट केडिट सोसाइटी भवन में योग शिविर का आयोजन किया, जहां सभी को योगाचार्य द्वारा ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, ब्रक्षासन, हलासन, त्रिकोणासन सहित अन्य व्यायाम कराया गया। इस अवसर पर अनिल शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश नामदेव, विश्वनाथ सिंह परिहार, आशीष मिश्रा, अनिल रावत, ललित विश्वकर्मा, राहुल तिवारी, शारदा साहू, लखन सैनी, ज्ञान, निर्मला तिवारी, धर्मराज कुशवाहा, महेश रैकवार आदि रहे।

### शिक्षण संस्थानों में भी किया गया योगाभ्यास

सरस्वती विद्या मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग शिविर के मौके पर झांसी से आए योग शिक्षक कमलेश कुमार मिश्रा ने विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों को योगाभ्यास कराया। योग शिक्षक ने कहा कि योग से हम सब संपूर्ण जीवन सुखी व निरोगी रहकर जी सकते हैं। योग प्राणायाम के अलावा अन्य आसन बताए और अलग अलग आसन से लाभ भी बताए गए। इसी तरह जिले के इंटर कालेजों और परिषदीय विद्यालयों में भी स्कूली बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। शिक्षकों ने योग दिवस पर विद्यालय खोलकर बच्चों को योगाभ्यास कराने के साथ साथ योग के गुर भी सिखाए। शुक्रवार को जिले भर में विद्यालयों, समाजसेवी संस्थाओं, पुलिस लाइन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन में योग शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस मौके पर पेंशनर्स सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा, महामंत्री बीके तिवारी सहित तमाम पेशनर्स मोजूद रहे।


छात्रा को प्रशंसा पत्र देते अधिकारी। अमृत विचार

# नए कानून के विरोध में उतरे वकील

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** एक जुलाई से लागू होने वाले नई धाराओं वाले कानून नई भारतीय संहिता तीनों कानूनी किताबों में क्रम बदलने के विरोध में पुरानी करोड़ों की लागत की किताबें बेकार हो जाने के विरोध में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया। जिससे न्यायालय में कामकाज प्रभावित रहा। वकीलों की हड़ताल के चलते दूर दराज से मुकदमों की पैरवी करने आए वादकारियों को तारीख लेकर बैरंग लौटना पड़ा।


अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

जिला बार एसोशिएशन की तरफ से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अधिवक्ताओं ने बार एसाशिएशन के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह और महामंत्री शिवपाल के नेतृत्व डीएम की अनपस्थिति में कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पूर्व कानून भरतीय दंड के विधान के परिवर्तित कानून में कुछ धाराओं में दण्ड की मात्रा आरोपी के दायित्व व कर्तव्य गुणवत्ता पर निर्भर करने का व्यापक विरोध होने पर भी अभी तक उसे संशोधित न किया। बेहद व्यवाहरिक विसंगतियां पैदा हैं। ज्ञापन देने वालों में बार एसोशिएशन के पूर्व अध्यक्ष ईरेंद्र बाबू, पूर्व अध्यक्ष भारत विशाल शुक्ला, पूर्व महामंत्री चंद्रशेखर स्वर्णकार रहे।

# लव मैरिज के बाद मिल रहीं धमकियां

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- स्थानीय पुलिस से निराश नवदंपति एसपी की चौखट पर पहुंचे

**अमृत विचार।** महोबकंठ थाना क्षेत्र के ग्राम भूरा निवासी दो प्रेमियों ने घर से भाग कर 15 दिन पूर्व एक दूसरे से विवाह कर लिया, लेकिन लड़की पक्ष द्वारा अब नवदंपति और लड़के पक्ष के परिजनों को धमकियां देकर परेशान किया जा रहा है। परेशान होकर नवविवाहिता जोड़े ने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। साथ ही स्थानीय पुलिस द्वारा कोई सुनवाई न किए जाने का भी आरोप लगाया।

थाना महोबाकंठ के ग्राम भूरा निवासी प्रेमचंद व उनकी पत्नी सरस्वती ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि परिजनों की रजामंदी न होने पर उन्होंने 18 मई को घर से भाग कर 4 जून को विवाह कर लिया। बताया कि हम दोनो बालिग थे इसलिए अपनी मर्जी से यह कदम उठाया और शहर में एक किराए का मकान लेकर रहने लगे। आरोप लगाया कि लड़की के परिजन आएदिन धमकियां दे रहे हैं।

# दवा के साथ मॉर्निंग वॉक व योग की सलाह

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- एलआईसी अधिकारियों व कर्मचारियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**अमृत विचार।** भारतीय जीवन बीमा नगर शाखा कार्यालय में शुक्रवार को वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम शुभारंभ एलआईसी के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने किया। इसके बाद चिकित्सकों द्वारा एलआईसी कर्मचारियों और अभिकर्ताओं का एक एक करते स्वास्थ्य परीक्षण किया। डाक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण दौरान कुछ लोगों को दवा लेने की सलाह दी। साथ ही इस भागदौड़ भरी जिंदगी में नियमित सुबह मॉर्निंग वॉक व योगा करने की सलाह दी।

शाखा प्रबंधक ने कहा कि हम सबको निरोगी रहने के लिए सुबह मार्निंग वॉक के लिए जाना चाहिए, जो लोग सुबह की सेर पर नहीं जा सकते वह घर पर ही योगाभ्यास करें, इससे शरीर स्वास्थ्य रहता है। कहा कि ऐसा करने से आप सब निरोगी रह सकेंगे।

समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर अपने शरीर का ख्याल रखे। स्वास्थ्य परीक्षण न कराने से शरीर पर शुरू होने वाली बीमारी की जानकारी नहीं मिल पाती है, जिससे छोटी बीमारी आगे चलकर बड़ा रुप ले लेती है। इस मौके पर सहायक शाखा प्रबंधक अजय श्रीवास, शाखा प्रबंधक विक्रय सतीश अहिवार, अमित तिवारी, अंजना, चंदनी, रामप्रकाश शुक्ला आदि अधिकारियों के अलावा कमलेश कुमार, तनजीम अख्तर, रेखा सिंह, सुरेश सोनी, अखिलेश चौरसिया, सहित तमाम कर्मचारियों के साथ साथ विकास अधिकारी सतीश आनंद, सुनील कश्यप, रामजी सिंह, आयुष जैन, वरिष्ठ अभिकर्ता कामता सक्सेना, संतोष नामदेव, प्रकाश सक्सेना, जगदीश साहू, वसीम अंसारी, जाहिद अली, पंकज सहित तमाम अभिकर्ता मौजूद रहे। स्वास्थ्य परीक्षण करने वाले डॉ. गाविंद सोनी, डॉ. आकांक्षा सोनी और उनकी टीम मौजूद रही।

# नहर में कूड़ा फेंकने पर बीमारियों का खतरा


कलेक्ट्रेट स्थित एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता महोबा

- ज्ञापन में मदन सागर से कीरत सागर को जोड़ने वाली नहर की सफाई कराने की मांग

**अमृत विचार।** शहर के मदर सागर से कीरत सागर को जोड़ने वाली नहर की सफाई न किए जाने से नाराज दो दर्जन लोगों ने समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव योगेश यादव योगी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद की। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति पर डीएम कार्यालय में अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द नहर की सफाई कराए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि लोगों को बारिश के मौसम में कूड़े से उत्पन्न होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाया सके। साथ ही बारिश का पानी बिना किसी अवरोध के मदन सागर से कीरत सागर तक पहुंच सके। तालाब में पानी भरा रहने से उनकी उपयोगिता बनी रहे।

जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि मदन सागर से कीरत सागर तालाब को जोड़ने वाली नहर की विगत कई वर्षों से सफाई न होने के कारण गंदगी से पटी पड़ी है, जिससे बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियों का खतरा उत्पन्न होने का लोगों को भय सता रहा है। बताया कि इस नहर में एक आवागमन के लिए पुलिया का निर्माण कराया गया था। उसी के समीप लोगों द्वारा कूड़ा भी डंप किया जा रहा है साथ ही कुछ पशपालकों द्वारा गोबर आदि गंदगी भी डाली जाने लगी है, जिससे लोगों का वहां से निकलना मुश्किल हो गया है। बताया कि कुछ लोगों द्वार नहर के अंदर ही कूड़ा फेंक दिया जाता है और धीरे धीरे नहर में पानी की जगह कूडा नजर आने लगा है और पानी टेल तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे नहर के पानी में डाला गए कूड़े से बदबू के चलते लोगों का जीना दूभर हो गया है।

ज्ञापन में बताया कि ऐतिहासिक मदर सागर तालाब से नहर के जरिए कीरत सागर तालाब को भरा भरा जाता है, जिससे कीरत सागर की सुंदरता बनी रहती है और लोग सुबह शाम वहां घूमने और टहलने के लिए जाते हैं साथ ही तमाम विद्यार्थी अपनी पढ़ाई भी कीरत सागर तट गुरप बनाकर करते हैं, जिससे उन्हें तालाब में पानी भरा होने के कारण गर्मी के दिनों में ठंडी हवा का एहसाल होता रहता है, लेकिन नहर की सफाई न होने से तालाब में भी कमी की होने की आशंका बढ़ गई है। ज्ञापन में नहर की सफाई कराकर वहां पर कूड़ा न फेके जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में चरनदास प्रजापति, पप्पू सविता, पुष्पेंद्र सिंह, मिलन यादव, धीरेंद्र यादव, अखिलेश सिंह, आशीष विश्वकर्मा आदि रहे।

# कांग्रेसियों की पुनः नीट परीक्षा की मांग

कार्यालय संवाददाता, महोबा


प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर के उपजिलाधिकारी को सौंपा

**अमृत विचार।** नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर पार्क में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। कांग्रेसियों ने नीट की परीक्षा रद् कर पुनः परीक्षा कराए जाने के साथ साथ धांधली में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है, जिससे नीट की सालों से तैयारी कर रहे युवाओं को डाक्टरी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलत होने का मौका मिल सके।

धरना उपरांत मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नीट परीक्षा में बडे.पैमाने पर धांधली की गई है। स्थिति यह है कि तमाम अभ्यर्थियों के दस प्रतिशत नंबर आना और एक ही परीक्षा केंद्र के कई अभ्यर्थियों के शतप्रतिशत नबर आना धांधली को उजागर कर रहा है। इसकी गम्भीरता से जांच कराई जानी चाहिए, जिससे अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके। ज्ञापन में बताया कि नीट परीक्षा में पेपर लीक होने के कारण देश भर के सैकड़ों गरीब और मेधावी छात्र छात्राओं का भविष्य चौपट हो गया है। इस तरह की अनियमितताएं परीक्षा प्रक्रिया की विश्वनीयता को कम करती है। इस तरह की धांधली से छात्र छात्राओं का मनोवल गिरा है और बाहर लेकर नीट की तैयारी में दिन रात माथापच्ची कररहे युवाओं को इस धांधली से करारा झटका लगा है।

ज्ञापन देने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी तुलसीदास लोधी, जिलाध्यक्ष नि0जन प्रकोष के अरविंद कुमार चौधरी, ब्लाक अध्यक्ष चरखारी नंदराम मुखिया, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मानसिंह राजपूत, अशोक कुमार राजपूत, अमरचंद्र सक्सेना, मुकेश नामदेव, मोनू सिंह, बिंद्रवन कुशवाहा, रामप्रकश, मुकेश सक्सेना आदि रहे।

# काव्य गोष्ठी में कबीर को याद किया गया

- कबीर जयंती से पूर्व सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन
- काव्य गोष्ठी का आकाशवाणी छतरपुर से प्रसारण आज

कार्यालय संवाददाता, महोबा


काव्य गोष्ठी में रचना सुनाते कवि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संत कबीर अमृतवाणी सत्यंग समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को पूर्व प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी के आवास पर कबीर जयंती से पूर्व सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कवियों और साहित्यकारों ने रचनाएं और कविता सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कबीर की रचनाएं और दोहों के माध्यम से उन्हें याद किया। गोष्ठी की अध्यक्षता समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी ने की।

गोष्ठी की शुरूआत संतोष द्विवेदी ने वाणी वंदना से की और इसके बाद रचना पढ़ते हुए कहा कि संत कबीर ने कविता से किया समाज सुधार, ऐसे संत फकीर को नमन है बारम्बार। अधिवक्ता प्रमोद सक्सेना ने रुढिवादिता पर प्रहार करते हुए रचना पढ़ी कि सोया हुआ समाज जगाया कबीर ने, बंधुत्व, प्रेमभाव जगाया कबीर ने। गोष्ठी में जितेंद्र आदित्य ने रचना सुनाई कि ऐसी लेखिनी लिख डाली है, सच्चे एक फकीर ने, साखी सबद रमैनी लिखी खुद व खुद जमीर ने। लाखनलाल चौरसिया ने कहा कि लगा सको तो जिंदगी में बाग लगाना चाहिए, खिलते हुए चमन में न आग लगाया कीजिए। डीएवी इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने कहा कि पाखंड आडम्बर रहित जीवन दिया कबीर ने, वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया कबीर ने। कवि सुभाष चौरसिया ने कहा कि संत शिरोमणि कबीर का अवतरण बार बार होता, तो अंध विश्वास, भक्ति रुढ़िता का अंधियारा न होता। बुंदेली कवि कृष्ण मोहन नायक ने रचना कह गए दास कबीर सब सांसी पढ़ी।

ज्ञापन सौंपा | एक किशत जमा होने के बाद भी भूमि खाली कराना अनुचित

# नजूल की भूमि फ्रीहोल्ड न करने पर व्यापारी खफा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** नजूल की जमीन फ्रीहोल्ड न किए जाने के विरोध में जिला उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी को सौंपा। साथ ही जल्द से जल्द नजूल की भूमि को फ्रीहोल्ड किए जाने की मांग की गई, जिससे वर्षों से नजूल की भूमि में रह रहे लोगों को वैधानिक अधिकार मिल सके।


एसडीएम को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा 7 मार्च को जारी किए आदेश में नजूल की भूमि पर सालों से काबिज लोगों के कब्जे हटवाकर भूमि को अधिग्रहण किया जाए। इस आदेश के बाद शुक्रवार को व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भागीरथ नगाइच और शिवकुमार सोनी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि लगभग सौ साल पहले ब्रिटिश हुकूमत दौरान ग्रांड साहब नाम के अधिकारी ने अपने नाम पर ग्राडगंज मोहल्ला बसाया गया था। यहां पर व्यापारियों को आगे की दुकाने आवंटित कर दी गई और पीछे की जमीन खाली पड़ी रही। इसी तरह पठनऊ और खनगा बांजार में भी दुकानें आवंटित की गई थी।

ज्ञापन में बताया कि वर्ष 1997 में तत्काली मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के शासनकाल में जिले की नुजूल भूमि को फ्रीहोल्ड कराए जाने का आदेश जारी किया गया था और नजूल की भूमि पर कब्जाधारकों को नोटिस भी जारी किए गए थे। शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन नजूल की भूमि को फ्री होल्ड कराने के लिए तीन किश्तों में तय रकम करनी थी। व्यापारियों एक-एक किश्त जमा भी कर दी थी, लेकिन दूसरी किश्त के लिए कोई नोटिस न आने पर व्यापारियों ने किश्त जमा नहीं की थी।

अब राज्यपाल द्वारा नुजूल की भूमि को खाली कराने का आदेश जारी होने पर व्यापार मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से भूमि को फ्री होल्ड कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के महामंत्री उमेश लाक्षाकार, नगर उपाध्यक्ष मनोज उपाध्यक्ष, गल्ला मंडी अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, नगर महामंत्री विजय साहू, कोषाध्यक्ष विजय पाटकार, अमित सोनी, सुरेश शुक्ला आदि व्यापारी शामिल रहे।

# चरखारी में आज दिन भर बंद रहेगी बिजली की आपूर्ति

**महोबा।** 33 केवी विद्युत उपकेंद्र चरखारी में वीसीबी पैनल बदले जाने के कारण दिन में काम चलेगा। जिससे उपकेंद्र से संचालित की जाने वाली बिजली लाइन 22 जून को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक बंद रहेगी।

इसके चलते चरखारी एक, चरखारी दो, सूप बम्हौरी, पंप कैनाल, और नमामि गंगे पेयजल एवं वर्कशॉप फीडर की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि दिन में बिजली जाने पर विद्युत उपभोक्ता वैकल्पिक व्यवस्था कर लें। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग किए जाने की भी अपील की है, जिससे पैनल का कार्य कराया जा सके।

## एक नजर

### स्थायी लोक अदालत के वरिष्ठ सदस्य को दी विदाई

**हमीरपुर।** शुक्रवार को स्थायी लोक अदालत के वरिष्ठ सदस्य ईश्वरी प्रसाद यादव के सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दी गई। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष/जज उमेश चंद्र श्रीवास्तव, सेवा निवृत वरिष्ठ सदस्य गणेश सिंह व हरिनाम डिप्टी डिफेन्स कौंसिल आदि ने उनका फूल मालाओं से स्वागत अभिनंदन कर उनकी सेवाओं की सराहना की। इस अवसर पर सत्यम यादव सहायक डिफेन्स कौंसिल, पेशकार रामप्रकाश, सुरेश कुमार, तौसीफ़, आशीष कुमार उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा पलटने से महिला घायल

**भरुआ सुमेरपुर।** घाटमपुर से कस्बा कबाड़ बीनने के बाद ई रिक्शा में कबाड़ लाद कर वापस जा रही महिला ई-रिक्शा पलटने से घायल हो गई। इसको उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। घाटमपुर निवासी मन्ता (40) कस्बे में कबाड़ बीनने आई थी। दोपहर बाद ई-रिक्शा में कबाड़ भरकर वापस घाटमपुर लौट रही थी।

### गर्मी और लू की चपेट में आने से दो की मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के इंगोहटा में लू और भीषण गर्मी से प्रभावित होकर एक राजमिस्त्री और एक फक्कड़ साधु की मौत हो गई। इंगोहटा निवासी सुरेश वर्मा (28) राजमिस्त्री का काम करता था। गुरुवार को वह खेतो में काम करने गया था। दिन भर काम करने के बाद शाम को घर आने के बाद रात में उसकी हालत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाने से पहले मौत हो गई। इसी तरह गर्मी और लू की चपेट में आने से हरी प्रकाश मिश्र उर्फ फक्कड़ (40) की हालत खराब होने पर उसे कानपुर में भर्ती कराया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

### घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के इंगोहटा गांव में खेत से साइकिल से घर लौटते समय रास्ते में गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक की कानपुर में उपचार दौरान मौत हो गई। सरवन (24) पुत्र धनीराम सोनकर 18 जून को साइकिल से खेत गया था। लौटते समय अचानक साइकिल का संतुलन बिगड़ने पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने उपचार के लिए उसे हैलट में भर्ती कराया गया। 20 जून की रात को दम तोड़ दिया।

### पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट

**भरुआ सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा में सुबह पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने युवक को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। मुंडेरा निवासी हरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव निवासी पीयूष सिंह, अमर सिंह, अमित सिंह, सुरेंद्र सिंह से उसकी पुरानी रंजिश है। शुक्रवार को सुबह करीब 6 बजे वह घर के दरवाजे पर बैठा था तभी उपरोक्त लोगों ने मारपीट की।

### तमंचे के साथ 1 आरोपी हुआ गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा भौली मार्ग में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संजय कहार पुत्र चौबे कहार वार्ड नंबर 7 नरैया कस्बा कुरारा को 315 बोर देसी तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़कर जेल भेजा है। थाना क्षेत्र के कुरारा भोली मार्ग में भगत तालाब के पास पुलिया पर एक संदिग्ध व्यक्ति तमंचा व एक जिंदा कारतूस ले जाने की सूचना पुलिस को मिली। उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा।

# युवक की हत्या कर शव खेत में फेंका, हड़कंप

## बीलपुर गांव की घटना, हाथ-पैर बंधे और मुंह में कपड़ा ठुंसा मिला

संवाददाता, सरीला हमीरपुर



घटनास्थल पर जांच करते पुलिस के अधिकारी। अमृत विचार

- तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज
- हत्या के कारणों व आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** थाना जलालपुर के बीलपुर गांव में युवक की हत्या कर शव खेत में फेंकने का मामला सामने आया है। युवक के दोनों हाथ रस्सी से बांधे थे तथा मुंह में कपड़ा ठुंसा मिला। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने फील्ड यूनिट टीम के साथ साक्ष्य संकलित कर जांच पड़ताल की। मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर बीलपुर गांव निवासी तीन लोगों के खिलाफ हत्या कर शव फेंकने का मामला दर्ज किया है। पुलिस हत्या के कारणों की जानकारी में जुटी है।

बीलपुर गांव निवासी लखन (28) पुत्र ललैया दोहरे ने बताया कि उसके पांच बेटों में यह सबसे छोटा व अविवाहित था। उनके साथ रहकर खाड़ू की डलियां बनवाने में हाथ बंटाता था। गुरुवार रात करीब 8 बजे लखन घर से खाना खाकर निकला था। देर रात जब वह घर नहीं आया तो उसकी तलाश की गई। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। शुक्रवार सुबह उसका शव गांव के पंचायत भवन के पीछे जलालपुर रोड के बगल में संतोष साहू के खेत में पड़ा मिला है। उसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। सुबह खेतों पर गए ग्रामीणों ने शव देखा। सूचना देने पर कुछ ही देर में पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। डॉग स्क्वॉयड टीम की मदद ली जा रही है। फिलहाल पुलिस हत्या के कारणों सहित कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। जलालपुर इंस्पेक्टर बृजमोहन ने बताया कि घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है। पीड़ित पिता ललैया पुत्र पंचोले दोहरे की तहरीर पर गांव निवासी संतु पुत्र सेवा, आकाश पुत्र रामदयाल व केशव पुत्र मुन्नू के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीकृत किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

# हत्या में दोषी पिता पुत्र सहित तीन को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** थाना जलालपुर के बीलपुर गांव में करीब छह साल पूर्व युवक की धारदार हथियार से की गई हत्या के मामले में एडीजीपी (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) अनिल कुमार खरवार की अदालत ने पिता पुत्र सहित तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अवैध संबंध के चलते रंजिश में हत्या की गई थी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्र प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि थाना जलालपुर के बीलपुर गांव में वादी नंदराम यादव के पुत्र बालकेश की पिछले 27 सितंबर 2018 को अवैध संबंधों में हुई रंजिश में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। हत्यारों ने शव को गांव के नंदी कोरी के खेत में टाई गांव की ओर जाने वाली सड़क किनारे फेंक दिया था। इस मामले में पीड़ित पिता नंदराम पुत्र भरोसा यादव ने घटना के अगले दिन आशीष यादव उसके पिता बिंद्रावन निवासी ग्राम टाई व मंगल कोरी पुत्र जमुना कोरी निवासी बीलपुर के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीकृत कराया था।

प्रकरण की विवेचना एसओ वीरेंद्र प्रताप सिंह ने की थी। शुक्रवार को न्यायालय दप्रक्षे अनिल कुमार खरवार की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। इसमें अदालत ने आशीष उसके पिता ब्रिंदावन व मंगल कोरी को दोषी करार दिया। तीनों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।



### मारपीट करने पर दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के रिठौरा गांव में शराबियों द्वारा महिला के साथ मारपीट करने पर पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। क्षेत्र के रिठौरा गांव निवासी राजरानी पत्नी कालका प्रसाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 14 जून को घर के बाहर खड़ी थीं। तभी गांव के ही रामनरेश कोरी पुत्र श्रीचंद व दिलीप पुत्र रामकेश शराब के नशे में आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



परिजनों को ढांढस बंधाते जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल। अमृत विचार

# प्रभारी मंत्री ने परिजनों को बंधाया ढांढस

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

- गत दिवस नदी में डूबने से हो गई थी 3 बच्चों की मौत
- रेडक्रॉस सोसायटी ने 50-50 हजार रुपये की चेक दी

**अमृत विचार।** गुरुवार को पौथिया गांव में 3 बच्चों की बेतवा नदी में डूबने से हुई मौत से परिजनों सहित पूरे गांव में मातम छाया है। शुक्रवार को जिले के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल परिजनों से मिलने उनके घर आए। मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं शासन से दैवीय आपदा के तहत 4-4 लाख रुपये मदद देने का भरोसा दिया। रेडक्रॉस सोसायटी की ओर पीड़ित परिवारों को 50-50 हजार रुपये की चेक दीं गईं। गुरुवार को बेतवा नदी नहाने गए एक ही मोहल्ले के तीन बच्चों सौरभ, रोहित, हर्षित की गहरे गड्ढे में जाने से मौत हो गई थी। शुक्रवार को शव गांव पहुंचे तो परिजनों सहित पूरे गांव में मातम छा गया। गांव में चर्चा है कि नदी के जिस स्थान पर बच्चे डूबे हैं वहां करीब पंद्रह वर्ष पूर्व बालू की खदान संचालित थी। तब लिफ्टर से बालू निकालकर खनन हुआ था। इसलिए वहां गहरे गड्ढे हैं। इन्हीं गड्ढों में डूबने से बच्चों की मौत हुई है। शुक्रवार को सुबह एसडीएम मौदहा राजेश चंद्र, सदर तहसीलदार, कानूनगो देवेंद्र अवस्थी, लेखपाल शगुफ्ता परवीन एवं दैवी आपदा के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। प्रभारी मंत्री के साथ पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति, भाजपा जिला प्रभारी देवेश व जिलाध्यक्ष सहित प्रधान वंदना सचान, आशीष सचान, पूर्व प्रधान आनंद अशोक सचान मौजूद रहे।



सरीला ब्लाक परिसर में योग करतीं बीडीओ व अन्य कर्मचारी। अमृत विचार

# निरोगी काया के लिए योग जरूरी: बीडीओ

**सरीला (हमीरपुर)।** योग दिवस के मौके पर तहसील व विकासखंड परिसर में एसडीएम व खंड विकास अधिकारी ने कर्मचारी और नागरिकों के साथ योग किया। बीडीओ ने कहा कि निरोगी काया के लिए योग बहुत जरूरी है। योग दिवस के मौके पर तहसील परिसर में एसडीएम राजकुमार गुप्ता, तहसीलदार रविन्द्र सिंह पाल व नायब तहसीलदार राम मोहन कुशवाहा ने राजस्व कर्मियों व गणमान्य लोगों के साथ योग कर योग के बारे में लोगों को जागरूक किया।

# सूर्य नमस्कार के साथ शुरू हुआ योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



पुलिस लाइन में योग करते अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

- पुलिस लाइन में मनाया गया दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**अमृत विचार।** दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पुलिस लाइन परिसर में पूरे मनोयोग से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी मंत्री मनोहर लाल श्रम एवं सेवायोजन, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में महर्षि पतंजलि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, आयुष विभाग के चिकित्साधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नगरवासी उपस्थित रहे। रानी बाथम योगाचार्य, डॉ. बृजेश कश्यप, अमित कुमार बाथम ने योगाभ्यास कराया। संचालन जलीस खान ने किया। योगाभ्यास के पश्चात प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त तहसील परिसर, समस्त नगर पंचायत/नगरपालिका, ब्लाक मुख्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुष चिकित्सालयों एवं समस्त ग्राम पंचायतों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सम्बन्धित ब्लाक के खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं स्थानीय गणमान्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। वहीं शहर के हरि ओम शिक्षा निकेतन विद्यालय में 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा श्रीराम बाल संस्कार शाला में विभिन्न योग क्रियाएं (ओम ध्वनि, अनुलोम विलोम, कपालभाती, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार, पवनमुक्त आसन, बज्र आसन, शवासन आदि) योग शिक्षिका नीलम व शिक्षक गोपाल ने संपन्न कराए।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। रामलीला मैदान में योग शिविर की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया ने की। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी शिव प्रकाश गुप्ता दाऊ ने योग साधकों को योग का अभ्यास कराया। पुष्पा गुप्ता महामंत्री शाश्वत ध्यान का अभ्यास कराते हुए सभी को ध्यान की गहराइयों तक ले गईं। राखी पांचाल ने सूक्ष्म अभ्यास करवाए। ब्रह्मानंद महाविद्यालय में स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि, प्रेरणा स्थल पर भव्य योग दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर योग प्रशिक्षक डॉ. स्वामीदीन गुप्त एवं प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र सिंह के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योग कराए गए। प्राचार्य ने कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।

### ईएच चिकित्सकों ने मनाया योग दिवस

**हमीरपुर।** इलेक्ट्रो होम्योपैथिक धर्मार्थ चिकित्सालय पटकाना में योग दिवस मनाया गया। यहां विनोद शुक्ला व ईएच डॉ. गणेश सिंह जिला प्रभारी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक कार्यालय ने मैटी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया। इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बुंदेलखंड प्रभारी डॉ नरेंद्र भूषण निगम, डॉ. मानसी नोडल अधिकारी, डॉ. अरसद अंसारी, डॉ. शफी बक्स, डॉ. रजनीश, अंश निगम व डॉ. प्रमोद प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# योग से ही मानव शरीर निरोग रह सकता है

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर




मुस्करा में योग कराते प्रशिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार। मौदहा क्षेत्र के किशनू बाबू शिवहरे महाविद्यालय सिसोलर में छात्र- छात्राएं, प्राध्यापक एवं कर्मचारी वर्ग ने योग किया। प्राचार्य डॉ.भवानीदीन ने इस दिवस के संबंध में कहा कि योग से ही मानव शरीर निरोगी रह सकता है। योग का मानव समाज में निर्विवाद महत्व है। डा.श्याम नारायण, डॉ.लालता प्रसाद, डा.रमाकांत पाल, आरती गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अखिलेश सोनी, गनेश शिवहरे, प्रदीप यादव, देवेंद्र त्रिपाठी श्याम सुन्दर चौहान, छात्र- छात्राओं में अनामिका गुप्ता, श्वेता चौहान, साधना, आकाक्षा, अमित कुमार, प्रद्युम्न सिंह, संदीप यादव व रिहाना जफर आदि शामिल रहे। उधर मुस्करा संवाददाता के अनुसार कस्बे के नवीन गल्ला मंडी में डॉ.मनोज त्रिपाठी के नेतृत्व में योग अभ्यास कराया गया। योग कक्षा व्यवस्थापक गया प्रसाद गुप्ता, पंखीलाल आदि मौजूद थे।

# गल्ला मंडी में किया योगाभ्यास

**मौदहा।** नगर के मण्डी प्रांगण में क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी, बलराम गुप्ता तहसीलदार, महेन्द्र गुप्ता नायब तहसीलदार, राजस्व कार्मिकों, नगर पालिका के सभासद छोटेलाल प्रजापति, उत्तम सिंह सहित नगर के अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे, अवर अभियन्ता व इसराईल खां एवं समस्त विभागों के कर्मचारी, पंकज कुमार, आशीष सिंह उर्फ अल्लू समाजसेवी सहित वृद्ध नागरिकों, महिलाओं और बच्चों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की।



योग दिवस पर दीप प्रज्ज्वलित करते अधिकारी। अमृत विचार

### ग्राम विकास सचिव की मौजूदगी में हुआ योगाभ्यास

**कुरारा (हमीरपुर)।** शासन से आए ग्राम विकास सचिव सुखलाल भारती के निर्देशन में योगाभ्यास हुआ। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता, एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल, एपीओ रुद्र प्रताप, मयंक सिंह, बाल विकास परियोजना के सुमनलता पाल आदि मौजूद रहे।

**पहल** प्रारंभिक शिक्षा का ज्ञान देकर भविष्य संवारने की तैयारी, चहक, परिकलन पुस्तकें पढ़ाई जाएंगी

# आंगनबाड़ी केंद्रों में किताबों से पढ़ाई करेंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नौनिहालों की प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में पहली बार प्रारंभिक शिक्षा का ज्ञान देकर उनका भविष्य संवारने का काम किया जाएगा। इसके लिए जिले में प्री प्राइमरी शिक्षा (कक्षा एक से पहले) शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए 876 आंगनबाड़ी केंद्रों में कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

वर्तमान शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए यह प्री प्राइमरी कार्यक्रम कुल 876 आंगनबाड़ी केंद्रों में चलाया जाएगा। अब परिषदीय स्कूलों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में निजी स्कूलों की तरह प्री प्राइमरी यानी नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी जैसी पढ़ाई कराई जाएगी। प्रारंभिक पढ़ाई करके छात्र प्राथमिक स्कूलों में कक्षा 1 में प्रवेश लेकर अग्रिम पढ़ाई करेंगे। ग्रीष्मावकाश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को ऑनलाइन पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि वह पढ़ाई में बच्चों की बुनियाद मजबूत बना सकें।




### 876 लोकेटेड केंद्रों में प्रारंभिक कक्षाएं संचालित

- पूर्व प्राथमिक शिक्षा के तहत परिषदीय विद्यालयों में बने 876 लोकेटेड केंद्रों में शैक्षिक सत्र 2023-24 प्रारंभिक कक्षाएं संचालित हुई थी। इनमें पढ़ाई के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से चहक, परिकलन, कलांकुर एवं एनबीटी की अभ्यास पुस्तकें उपलब्ध कराई गई थी।

"प्री प्राइमरी शिक्षा के तहत को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल-वाटिका स्थापित की जाएंगी। नामांकित छात्र-छात्राओं को खेल-खेल में पढ़ने व सिखाने के लिए राज्य परियोजना स्तर से विभिन्न शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। जो जल्द ही मिलने वाली है।

**शैलेंद्र सिंह - डीपीओ बाल विकास एवं पुष्टाहार**

"पिछले वर्ष 876 लोकेटेड केंद्रों में लर्निंग कॉर्नर भी विकसित किया गया है। इससे प्राथमिक कक्षाओं में नामांकन से पहले बच्चों का प्राथमिक स्तर विकसित हो रहा है। वर्तमान शैक्षिक सत्र में इन आंगनबाड़ी केंद्रों में कक्षाएं संचालित कराई जाएंगी। कहा कि नए सत्र की किताबें अभी नहीं आई हैं। आते ही उपलब्ध कराई जाएंगी।

**आलोक सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**

# कार की टक्कर से पीआरडी जवान की हुई मौत

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे की आईटीआई संस्थान से ड्यूटी कर बाइक से पचखुरा बुजुर्ग गांव जा रहे पीआरडी जवान को बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। जिससे जवान की मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कथिततौर पर टक्कर मारने वाली कार में बांदा का एक दरोगा सवार था। पुलिस ने गुजरात राज्य के नंबर वाली कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के पचखुरा बुजुर्ग गांव निवासी नत्थू प्रजापति (54) सुमेरपुर कस्बे की आईटीआई संस्थान में गार्ड के पद पर तैनाती थी। ड्यूटी करने के बाद मोटरसाइकिल से गांव की ओर जा रहा था तभी देवगांव तिराहे से पहले बांदा मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवारों ने उसे तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जवान को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक जवान सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति का रिश्ते में समधी बताया जा रहा है। जिस कार से ये हादसा हुआ है उसका नम्बर गुजरात प्रांत का है।

**हादसे में बाइक सवार घायल : मौदहा।** बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बैजेमऊ विकास खण्ड मौदहा - हमीरपुर।**

पत्रांक 26 / निविदा प्रकाशन / वित्त / 2024-25 दिनांक 21/06/24

**अल्पकालीन निविदा प्रकाशन**

ग्राम पंचायत बैजेमऊ में वित्त योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0 / लो0नि0वि0 / सि0वि0 / आयकर / व्यापार कर / ग्राम पंचायत / विकास खण्ड / जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो / सप्लायरों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यालय से कार्य दिवसों में प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 22.06.2024 से 29.06.2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 में दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 30.06.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोलें जायेगें।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (रू0 में) जी0एस0टी0 सहित | सामग्री अंश (रू0 में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सी0सी0/ नाली निर्माण कमलापत साहू के घर से मंदिर तक | 625686.00 | 530081 | 10601 | 450+18 प्रति0 जी0 एस0टी0 सहित | 3 माह |
| 2 | सी0सी0 / नाली निर्माण रतना केवट के घर से छुटकू सिंह के दरवाजे तक | 675000.00 | 560000 | 11200 | 450+18 प्रति0 जी0एस0टी0 सहित | 3 माह |

**निविदा हेतु शर्ते :-** 1. निविदा प्रपत्र / कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा। 2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्शित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0/ डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत बैजेमऊ वि0ख0 मौदहा - हमीरपुर के नाम बंधक / देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा। 3. निविदादाता आयकरदाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा। 4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738 / 23.07.2016 - 176 (सा0) / 06 दिनांक 28.12.2006 के अनुसार दिशा निर्देशों के क्रम में हो। 5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 6. प्रथक - प्रथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरनें होंगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी। 7. फर्म /सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी / अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी। जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा। 8. ग्राम पंचायत / समिति / अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदायें निरस्त कर सकती है। 9. उक्त सामग्री घट या बढ़ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा। 10. शासनादेश सं0 730/33-3-2022-11/2022 पंचायतीराज अनुभाग 3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये। 11. शासनादेश सं0 137 / अडतीस - 7 - 2022-63 नरेगा / 2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहियें। 12. प्रत्येक दशा में निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनायें निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये। 13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये।

**जुगुल किशोरी** ग्राम प्रधान — **नितेश कुमार सिंह** ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत बैजेमऊ विकास खण्ड मौदहा - हमीरपुर

# पेपर लीक होने के विरोध में कांग्रेसियों का पैदल मार्च

## राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज पेपर लीक कराने वालों पर कार्रवाई की मांग, कलेक्ट्रेट में धरना देकर किया विरोध-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बांदा


कलेक्ट्रेट में मौजूद अधिकारी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। अमृत विचार


नीट में धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नीट यूजी का पेपर लीक होने के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला। नारेबाजी करते हुए कांग्रेसजनों ने कलक्ट्रेट में धरना देकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नीट परीक्षा कराने वाली संस्था एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परीक्षा फिर से कराने और पेपर लीक कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर शुक्रवार को कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला कार्यालय में एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू की अगुवाई में पार्टी कार्यालय से कांग्रेसी मार्च करते हुए कलक्ट्रेट की ओर बढ़े। कचहरी होते हुए कांग्रेसी कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां परीक्षा कराने वाली संस्था एनटीए के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी धरने पर बैठ गए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें कहा कि चार जून को आए नीट के परिणाम के साथ कुछ अभ्यर्थियों के बढ़े हुए एक समान अंक, पेपर लीक के आरोप भी लगे थे। अभ्यर्थी मेहनत से परीक्षा की तैयारी करता है लेकिन भाजपा सरकार की नाकामी के कारण आए दिन पेपर लीक हो जाता है। ऐसे हालात में यूपीएससी जैसी परीक्षा भी दुष्परिणाम से नहीं बच सकती।

युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कांग्रेसियों ने मांग की कि युवाओं के भविष्य को रौंदने का प्रयास करने वाले शिक्षा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ सभी धांधलियों की जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री अपने पद से तत्काल इस्तीफा दें। नीट को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए।

परीक्षा लीक और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर शहर अध्यक्ष अफशाना शाह, अखिलेश शुक्ला, बी.लाल, सूरज बाजपेयी, रमेशचंद्र कोरी, केशव पाल, अनमोल जड़िया, जीतेंद्र गौरव, संतोष कुमार द्विवेदी, आकाश दीक्षित, सीता राम कमांडो, डा.केपी सेन, अशोक वर्धन कर्ण, बल्देव वर्मा, भूपेंद्र शुक्ला, सत्य प्रकाश द्विवेदी, पवन देवी कोरी, राजेश गुप्ता पप्पू, प्रेमचंद्र, रमेश गुप्ता, शशिकला देवी, अनीता देवी, सुखदेव गांधी, सब्बीर सौदागर, अशरफ उल्ला रंपा, नाथूराम सेन, सुरेश धुरिया आदि समेत कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने की पुनः परीक्षा कराने की मांग

**चित्रकूट।** नीट रद्द करने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने भी शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने जुलूस निकालकर ट्रैफिक चौराहे होते हुए तहसील में उप जिलाधिकारी को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों का कहना था कि गरीब, किसान व मध्यवर्गीय बच्चों के साथ जिस तरह से परीक्षाओं में खिलवाड़ किया जा रहा है और पेपर लीक किए जा रहे हैं, कांग्रेस पार्टी निंदा करती है और मांग करती है कि नए सिरे से परीक्षा कराई जाए। इस मौके पर कांग्रेसी शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो आदि नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन के दौरान रंजना बराती लाल पांडेय, अवधेश करवरिया, शिवगुलाम वर्मा, चुनवाद प्रसाद, कालीचरण राजपूत, तीरथ सिंह, राजेश सिंह, सविता पाल, नीरू गुप्ता, महेंद्र सिंह, यमुना शुक्ला, प्रशांत गुप्ता, शिवशंकर खंगार, दिवाकर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# नीट में भ्रष्टाचार का आरोप कांग्रेसियों ने जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- केंद्र सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी
- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा

**अमृत विचार।** नीट की परीक्षा परिणाम में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट खालिद अंजुम को सौंपा।

इस दौरान नीट परीक्षा परिणाम की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी की अगुवाई में कहा कि समूचे देश में बेरोजगारी और पेपर लीक जैसी समस्या से जूझ रहे नौजवानों को एक और झटका लगा है। नीट का परिणाम 14 जून को आना था।

पर आनन फानन में 4 जून को ही परिणाम घोषित कर दिया गया। इस दौरान लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, संजय वीर सिंह लोधी, अब्बास खान संतोष निषाद, महेश सिंह राणा, सूर्य किशोर तिवारी, जगदीश नारायण शर्मा आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते कांग्रेसी। अमृत विचार

## एक नजर

### करंट लगने से गाय की मौत, लोगों ने किया हंगामा

**राठ।** कस्बे के सिकंदरपुरा इलाके में सड़क निर्माण न होने पर अत्यधिक जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है इससे वार्ड में लगे विद्युत के खंभों में करंट प्रवाहित हो रहा है। करंट की चपेट में आने से रात में एक गाय की मौत हो गई। आक्रोशित वार्ड वासियों ने हंगामा काटते हुए जमकर प्रदर्शन किया और जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों पर उनकी समस्या की ओर ध्यान न देने का आरोप लगाया। सिकंदरपुरा इलाके की निवासी राम सिंह, हल्के, चुन्ना, चंद्रपाल, रजनी, रानी, ममता, आशा, हरकुंवर, दयावती, राधा, अरविंद, जॉनी, रोहित, प्रांजुल, धर्मेंद्र, कल्लू व कपिल आदि ने प्रदर्शन किया।

### शिविर में 21 लोगों ने किया रक्तदान

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के उद्योग नगरी में संचालित एचयूएल कंपनी में आयोजित रक्तदान शिविर में 21 कर्मचारियों ने महादान किया। शुक्रवार को उद्योग नगरी में संचालित एचयूएल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें यूनिलीवर के कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें मुकुंद कुमारम, ध्रुव रतनपुरा, अजय कुमार, गौतम मैती, संदेश पवार, धर्मवीर सिंह, आशीष कुमार, मनोज विश्वकर्मा, विशाल ठाकुर, गुरुदेव, आयुषी सोनी, देवेंद्र सिंह, हरेंद्र, सौरभ यादव, मोहित, शरद कुमार श्रीवास्तव आदि ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मैनेजर ग्लोबल हेल्थ अभिनव अतुल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मजदूरी कर लौट रहे युवक की बिगड़ी तबीयत, मौत

**तालग्राम।** कस्बा के मोहल्ला नौसरा निवासी सनोज शाक्य (35) मजदूरी करने के बाद घर लौट रहा था। रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई। नौसरा स्थिति मेडिकल स्टोर पर दवा लेने के लिए जाते समय वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया। यहां गुरुवार की शाम उसकी मौत हो गई।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र ग्राम महमूदपुर गंग निवासी शिशुपाल पुत्र अतर सिंह ने बताया कि 11 जून को वह साइकिल से कीरतपुर गांव से घर जा रहे थे। चांदापुर गौशाला के सामने एक अपाचे बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी और बाइक को छोड़कर भाग गया। हादसे में उसके गंभीर चोटें आईं हैं और फतेहगढ़ में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। (अमृत विचार)

### चाकू के हमले से दो घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर चाकूबाजी घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। क्षेत्र के बिहरका गांव निवासी लल्लू सिंह पुत्र बृजलाल ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि पड़ोसी नवल सिंह ने उसकी गर्दन में चाकू से वार कर दिया। जिससे गंभीर चोट आई है। पीड़ित का सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है। इसी तरह की घटना भैस्ता गांव में हुई। यहां की पुष्पा पत्नी अर्जुन ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसे व उसके पुत्र मनीराम को पड़ोसी श्रीपाल व आशीष ने अकारण ही मारपीट करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने चाकू से वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद पीड़ित का इलाज चल रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राम आसरे सरोज ने बताया कि दोनों मामलों पर तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच पड़ताल जारी है।

# लेखपालों ने दिया धरना नारेबाजी कर प्रदर्शन

संवाददाता, राठ हमीरपुर

- लेखपाल और रिटायर्ड फौजी के बीच हुई मारपीट का मामला

**अमृत विचार।** तहसील में रिटायर्ड फौजी के बीच हुई मारपीट के विवाद ने अब तूल पकड़ गया है। लेखपालों ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगा तहसील परिसर में ही अनिश्चित कालीन हड़ताल कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

प्लाट के दाखिल खारिज की रिपोर्ट न लगाने की वजह से रिटायर्ड फौजी और लेखपाल के बीच मारपीट हुई थी। कस्बे के जुल्हैटी निवासी शिवमंगल सिंह ने बताया कि वह रिटायर्ड सैनिक है। उसने अपनी पत्नी बीना देवी के नाम से नगर में दो प्लाट खरीदे थे। जिसका दाखिल खारिज करने के लिए वह काफी दिनों से शिवपाल लेखपाल के चक्कर लगा रहे थे। आरोप लगाया कि लेखपाल दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने में उससे 10 हजार रुपये रिश्वत मांग करे थे । इस पर मारपीट हो गई।

वहीं दूसरी ओर लेखपाल शिवपाल ने बताया कि शिवमंगल नाम का एक व्यक्ति उसे पर जबरन रिपोर्ट लगवाने का दबाव बना रहा था। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर मामला दर्ज कराए जाने की मांग की है। मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि घायल लेखपाल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# ऋण योजनाओं में आरसी की वसूली पर जोर

कार्यालय संवाददाता महोबा


बैठक में निर्देश देते डीएम मृदुल चौधरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बैंको की जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक में वार्षिक ऋण योजनाओं के एनपीए में जारी आरसी की वसूली पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने वसूली में किसी भी तरह की लापरवाही न करने के निर्देश दिए। ताकि अधिक से अधिक वसूली हो सके।

बैठक में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने विभिन्न प्रकार की सरकारी ऋण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों का जमा अनुपात कम है वह इसमें सुधार करें। सरकार समर्थित विभिन्न योजनाओं में बैंकों द्वारा प्राथमिकता से ऋण दिया जाय । उन्होने कहा कि बैंकों को विभिन्न योजनाओं में ऋण का जो लक्ष्य दिया गया है उसको समय से प्राप्त किया जाय। पशु पालकों, दुग्ध उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिया जाए। इसमें जितने आवेदन पत्र लंबित हैं उनका संबंधित बैंक तत्काल निस्तारित कराएं। कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें स्वयं सहायता समूह के जो आवेदन पत्र लंबित हैं, उनका निस्तारण कराएं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर को ऋण वितरण कराएं। जनपद में जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मुहैया कराएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राम प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित बैंकर्स व संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## सार-संक्षेप

### रोजगार मेले में 69 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन

**हमीरपुर।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रालि. लखनऊ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लि. हमीरपुर, आरएस ग्रुप राजस्थान, एलआईसी लाइफ इंश्योरेंस हमीरपुर, साइन स्टैंडड, नई दिल्ली द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित मेले में 105 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इसमें से कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए कुल 69 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन किया गया।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को निकाला

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफापुर निवासी शिखा देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी शादी चार अप्रैल 2022 को तिर्वा के मोहल्ला दुर्गा नगर निवासी गुलशन के साथ हुई थी। शादी के बाद दहेज की मांग करते हुए पति गुलशन, ससुर पल्लू, जेठ सिम्मी, जेठानी प्रीति, देवर अजय, देवरानी अंजली, देवर आशू व अनुज तथा ननद अनांशी ने मारपीट कर निकाल दिया। करीब ढाई साल से वह मायके में रह रही है। पिता की मृत्यु हो चुकी है और घर में वृद्ध मां, भाई व दो छोटी बहनें हैं। पीड़िता ने एसपी से शिकायत की। शुक्रवार को एसपी के आदेश पर ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

### पीजी कॉलेज में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

**हमीरपुर।** छात्र छात्राओं ने पीजी कॉलेज कुछेछा में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंच जिलाधिकारी से संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा है। इसमें उन्होंने प्रभारी प्राचार्य द्वारा यूपीआरटीओ सहायक को कार्य मुक्त करने की घटना की उच्च स्तरीय जांच करने की भी मांग की है। ज्ञापन में कहा कि प्रभारी प्राचार्य शिराज खान द्वारा मौलिक सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, साफ-सफाई, पंखे, शौचालय आदि की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। भीषण गर्मी के चलते परीक्षा केंद्र में परीक्षाओं में व्यवधान हो रहा है। कहा कि प्रभारी प्राचार्य शिराज खान द्वारा बिना कारण बताओ नोटिस के झूठे आरोप लगा कर यूपीआरटीओ सहायक अनुराग सोनी को कार्यमुक्त कर दिया है। उन्होंने उक्त प्रकरण की जांच मजिस्ट्रेट से कराने एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दौरान अनुराग सोनी, उदय प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र, पवन सिंह परिहार, अजमान राउफ, सिद्धार्थ, स्नेहा शिवहरे, रमा शिवहरे, अनामिका, पूनम देवी, खुशबू रहे।

### गिट्टी लदा ट्रक पलटने से चालक-परिचालक घायल

**जालौन।** गुरुवार की मध्य रात्रि के आसपास एक ट्रक गिट्टी लेकर मैनपुरी जा रहा था। उसके आगे आगे एक भूसा से भरा ट्रक चल रहा था। आगे जगह घेर कर चल रहे ट्रक के कारण पीछे चल रहे गिट्टी से भरे ट्रक को निकलने की जगह नहीं मिल पा रही थी। बंगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर छिरिया सलेमपुर के पास गिट्टी से भरे ट्रक को चालक ने निकालने का प्रयास किया तो गीली मिट्टी व खाली जगह होने के कारण वह पलट गया जिससे चालक ब्रजेन्द्र सिंह परिचालक धर्मवीर सिंह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मलकपुरा छिरिया सलेमपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गयी तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया तथा पलटने वाले ट्रक को सीधा करवाया तथा यातायात को सुचारू कराया है।

### 6 वर्ष से खराब पड़ा है ट्यूबवेल

**जालौन।** विकास खंड के ग्राम गायर में लगा सरकारी ट्यूबवेल 6 वर्ष खराब पड़ा है। यांत्रिकी खराबी के कारण ट्यूबवेल खराब होने के कारण लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रही है। गांव के तालाब भरने व सिचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2007-08 में गायर में सरकारी ट्यूबवेल लगाया गया था। गांव की सिंचाई की समस्या को समाप्त करने बीआरजीएफ योजना के तहत 9 लाख 44 हजार की लागत से ट्यूबवेल लगाया गया था। ट्यूबवेल लगने के बाद ग्रामीणों को सिंचाई में सहायता मिलती थी तथा गर्मी में तालाब भरा होने से गर्मी के मौसम में पशु पक्षियों को पीने का पानी मिलता था। गांव में लगा यह ट्यूबवेल यांत्रिक खराबी के कारण पिछले 6 वर्ष से खराब पड़ा है। इसके बाद भी जिम्मेदारों ने इसकी सुध नहीं ली।

# अधिग्रहण आदेश का व्यापारियों ने किया विरोध

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


अध्यादेश का पुतला फूंकते व्यापारी। अमृत विचार

- सरकार नजूल संपत्तियों को अविलंब फ्री होल्ड करे

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार द्वारा नजूल की संपत्तियों के अधिग्रहण करने को लेकर हुए एक अध्यादेश को लेकर उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। शुक्रवार को उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश में नजूल की संपत्तियों को अधिकृत करने संबंधी प्रदेश की राज्यपाल द्वारा 7 मार्च 2024 को एक अध्यादेश जारी किया गया।

इस अध्यादेश को लेकर पूरे प्रदेश में व्यापारी, उद्यमी व समाज के सभी वर्गों के लोगों में चिंता एवं रोष व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया कि पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से लेकर पूरे प्रदेश में नजूल संपत्तियों का उपयोग समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा व्यावसायिक, औद्योगिक के उद्देश्य से किया जा रहा है। व्यापार मंडल इस अध्यादेश का विरोध करता है क्योंकि यह लोकहित में नहीं है। ज्ञापन देने के दौरान व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, युवा व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, नगर महामंत्री प्रमोद बजाज, युवा नगर अध्यक्ष उमा शंकर गुप्ता नगर मंत्री रहमत वेग, कामता प्रसाद वबेले, मो.अनवार सहित लगभग 2 दर्जन व्यापारी उपस्थित रहे।

# हज के दौरान बिछड़ी महिला की मौत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** हज यात्रा के दौरान कस्बे की एक महिला की मौत हो गई। आरोप है कि परिजनों को उसका शव नहीं दिखाया गया और न ही उनकी कोई निशानी दी गई। कस्बे निवासी एक परिवार की पुत्री शमां सुल्तान उर्फ गुड्डी (58) अपने इंजीनियर पति कस्बे के हुसैनगंज निवासी वजीह उद्दीन उर्फ वज्जन के साथ हज यात्रा के लिए लखनऊ से 7 जून को गई थी।

हज कार्यक्रम के दौरान ही शैतान को कंकण मारने के रस्म के बाद मेट्रो से वापस आते समय स्टेशन में उनके पति से हाथ छूट गया। तबसे वह नहीं मिली है। हज में सहयोगी बने मोअल्लिम के जरिए सूचना मिली कि उनका इंतकाल हो चुका है। इससे परिवार के लोगों का रो रोकर लोगों का बुरा हाल है। आनन-फानन में उनका बेटा, भाई व अन्य परिजन मक्का पहुंच गए, लेकिन परिजनों को शव को नहीं दिखाया गया और न कोई निशानी ही उन्हें दिखाई गई।

सऊदी अरब सरकार के इस बेरूखी से लोगों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। घटना के 5 दिन बीतने के बाद भी अभी तक सऊदी सरकार से उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला। हज यात्री शमा सुल्तान उर्फ गुड्डी के भाई कस्बा के हुसैनगंज मोहल्ला निवासी नौशाद ने बताया कि बहन और बहनोई लखनऊ के आशियाना में निजी मकान बनाकर रह रहे थे। उसका बहनोई जिला पंचायत में अवर अभियंता रहे।

कामयाबी

रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ने हासिल की नई उपलब्धि, मजदूर के परिजनों ने चिकित्सक का जताया आभार

# गुर्दे का सफल ऑपरेशन कर मजदूर को दिया नया जीवन


मरीज का हाल पूछते चिकित्सक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज चिकित्सक ने मरीज की जान बचाकर फिर से एक नई उपलब्धि हासिल की है। यूरो सर्जन ने मजदूर के गुर्दे का सफल आपरेशन करते हुए नया जीवन दिया। मजदूर के परिजनों ने चिकित्सक समेत पूरी टीम की जमकर सराहना करते हुए आभार जताया।

गिरवां क्षेत्र के तेरामाफी गांव निवासी बच्चा वर्मा (43) पुत्र छोटा पेशे से मजदूर है। उसके पेट मे पिछले दो वर्षों से दर्द बना रहता था। गरीबी और अज्ञानता के चलते वह आसपास के झोलाछाप डाक्टरों से दवाई ले कर काम चला रहा था। पिछले कुछ दिनों से पेट दर्द ज्यादा बढ़ने पर वह रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज इलाज कराने आया। मेडिकल कालेज में यूरो सर्जन डा.सोमेश त्रिपाठी ने जांचें कराने के बाद आपरेशन कराने की सलाह दी। चिकित्सक की सलाह पर मरीज आपरेशन के लिए तैयार हो गया।

यूरो सर्जन और उनकी टीम ने लगभग ढाई घंटे तक चले आपरेशन के बाद मजदूर का गुर्दा खराब होने से बचा लिया। कुछ दिन मेडिकल कालेज में रखने के बाद यूरो सर्जन ने उसे छुट्टी दे दी। मरीज बिल्कुल स्वस्थ है। यूरो सर्जन ने बताया कि मरीज का एक गुर्दा जन्मजात छोटा और कम काम रहा था। दूसरे गुर्दे की नली में भी जन्मजात सिकुड़न थी। गुर्दे में सूजन बढ़ती जा रही थी और खराब हो रहा था। चिकित्सक के मुताबिक समय रहते मरीज आपरेशन न कराता तो दूसरा गुर्दा भी खराब हो जाता। उसकी जान जा सकती थी।

बताया कि सरकारी फीस पर मरीज का पूरा आपरेशन किया गया है। मरीज व उसके परिजनों ने चिकित्सक समेत उनकी टीम के कार्यों की प्रशंसा की। आपरेशन करने वाली टीम में यूरो सर्जन समेत एसआर डा.गुंजन, डा.प्रिया दीक्षित, डा.शैलेंद्र, एनेस्थीसिया डा. आशुतोष के साथ ओटी स्टाफ शामिल रहा।

# यूपी बोर्डः हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी किए गए सम्मानित

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


मेधावी बच्चों को सम्मानित करतीं आशिया बुशरा साथ में प्रदीप गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के पड़ाव स्थित ट्रेडर्स की ओर से करीब 150 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने मेधावियों श्लोक कुमार को हाईस्कूल की परीक्षा में 96.2 फीसदी अंक लाने पर, साहिल खान 95.4, खुशबू, ऋतिक, राहुल, विकास राजपूत, जयदीप विश्वकर्मा, हर्ष गुप्ता आदि बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर सरस्वती बाल मंदिर, सेठ छोटेलाल एकेडमी, क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल, इंडस वैली पब्लिक स्कूल, क्वेस्ट फॉर एजुकेशन और सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज के मेधावी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रिंसिपल सेठ छोटेलाल एकेडमी आशिया बुशरा, प्रवेश तिवारी, सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज के शिक्षक बृज किशोर चौहान, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर जयवीर सिंह, क्वेस्ट फॉर एजुकेशन से विनय गुप्ता, अनुज मौर्य ने बच्चों को आर्शीवाद दिया।

अपुत्रस्य गृहं शून्यं दिश: शून्यास्त्वबान्धवा:।
मूर्खस्य हृदयं शून्यं सर्वशून्यं दरिद्रता॥

पुत्रहीन के लिए घर सुना हो जाता है जिसके भाई न हो उसके लिए दिशाएं सूनी हो जाती हैं, मूर्ख का हृदय सूना होता है, किंतु निर्धन के लिए सब कुछ सूना हो जाता है।

## संपादकीय

# लंबित सुधारों का समय

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की शनिवार को होने वाली बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों और सिफारिशों पर कारोबारियों, नीति निर्माताओं और आम जनता सहित विभिन्न हितधारकों की नजर बनी हुई है। गत वर्ष अक्टूबर के बाद पहली बार होने वाली इस बैठक में, परिषद के पास बहुत सारे नियमित काम हो सकते हैं, जिसमें ऑनलाइन गेम और कैसीनो पर 28 फीसदी शुल्क जैसे पिछले फैसलों से संबंधित स्पष्टीकरण और समीक्षाएं शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि परिषद जीएसटी की जटिल, बहु-दर संरचना को तर्कसंगत बनाने की योजना को पुनर्जीवित करने जैसी बड़ी चीजों के लिए भी वक्त निकालेगी। परिषद के लिए अपने लंबित सुधार संबंधी एजेंडे पर जोर देने का यह सही समय है ताकि इसे मूल रूप से परिकल्पना के मुताबिक वास्तव में एक अच्छा और सरल कर बनाया जा सके। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद समय-समय पर जीएसटी व्यवस्था से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए यह बैठक करती है, जिसमें कर दरें, नीतिगत बदलाव और प्रशासनिक मुद्दे शामिल होते हैं। देश में जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। सात वर्ष में यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है।

जीएसटी परिषद भारत के अप्रत्यक्ष कर ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यह सुनिश्चित करती है कि यह देश के आर्थिक लक्ष्यों के अनुरूप हो और नागरिकों व व्यवसायों पर कर का बोझ कम करे। बिजली, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों जैसे बाहर रखे गए मदों को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की भी जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यवसाय जगत इन इनपुट के लिए क्रेडिट का लाभ उठा सकें। शुक्रवार को वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया। जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। यानि छोटी कंपनियों के लिए अनुपालन को आसान बनाने के साथ-साथ सभी व्यवसायों के लिए इस प्रणाली को सरल बनाने की गुंजाइश है। हालांकि जीएसटी परिषद जीएसटी से संबंधित निर्णय लेती है, लेकिन केंद्र सरकार को, राजनीतिक संरचना से परे, लंबित सुधारों को शुरू करना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसमें सुधार की गुंजाइश है। यह हमारी सुधरती अर्थव्यवस्था का मजबूत संकेत हैं।

# मांसाहार, शाकाहार और पशु वध



डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्याय संगत होगा?

इन दिनों सोशल मीडिया पर बहस चल रही है। बहस में मांसाहार और शाकाहार पर विचार व्यक्त किए जा रहे हैं और जो एक विशेष धार्मिक मत के त्योहार पर प्रारंभ हुई थी। मांसाहार के लिए होने वाले पशु-वध पर बात करें तो जंतु-जगत जिसमें मानव भी सम्मिलित है, अपने आहार के लिए अन्य जीवन को नष्ट तो करता ही है। हरे पौधे ही प्रकाश, कार्बन डाइऑक्साइड और पानी से अपना भोजन स्वयं बना सकते हैं, जंतु नहीं। उन्हें तो वनस्पतियों द्वारा बनाए गए भोजन पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। क्योंकि यह भोजन उन वनस्पतियों के शरीर के अंदर ही भंडारित होता है, इसलिए उन्हें वनस्पतियों के प्राण भी लेने ही होंगे।

निश्चित रूप से वनस्पतियां भी जीवित होती हैं। हम लोग तमाम अन्य प्राणियों के प्राण भी लेते ही हैं। हम लोग न मालूम कितने बैक्टीरिया और वायरसेज को मार देते हैं। दही तो लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया का संवर्धन ही होता है, हम इसे आराम से खाते हैं। हम अनेक कृमियों और अपने लिए हानिकारक कीटों को भी नष्ट करते ही हैं। ऐसा करते समय हम किंचित भी अपराध बोध से ग्रस्त नहीं होते हैं। अंतर कहां पर है? अंतर इन जीव-जंतुओं की चेतना के स्तर में है। एक बैक्टीरियम, एक स्पंज, एक कॉकरोच, एक बकरे और एक मानव की चेतना के स्तर में अंतर होता है। यह अंतर उनके मस्तिष्क अथवा तंत्रिका तंत्र में अंतर के कारण होता है।

यदि लोग आत्मा की बात करते हैं तो जैसा कि कहा जाता है। आत्मा हर जीव-जाति या 'योनि' में एक समान ही होती है, तब तो फिर किसी भी जीव का वध एक समान ही होना चाहिए। तब तो एक पौधे, एक अमीबा, एक बकरे और एक मानव का वध एक समान ही होना चाहिए, लेकिन क्या ऐसा वास्तव में है? क्या एक पौधे को मारना, एक चींटी को मारना, एक कॉकरोच को मारना, एक बकरे को मारना और एक मानव को मारना एक समान ही है? नहीं, ऐसा नहीं है। यह अंतर चेतना के अंतर के कारण ही है। एक पौधा पीड़ा का अनुभव नहीं करेगा, एक स्पंज भी ऐसा नहीं करेगा, एक बकरा पीड़ा और डर का अनुभव करेगा और एक मनुष्य इन बातों के अतिरिक्त

जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अत: जो प्राणी दु:ख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी।

अन्य प्रकार से प्रभावित भी होगा। उसके परिजन दुःखी होंगे, उस व्यक्ति के सारे विचार नष्ट हो जाएंगे, उसकी बुद्धिमत्ता से समाज वंचित हो जाएगा।

जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अतः जो प्राणी दुःख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु-वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी। क्या हम बंगालियों जिनको मछली प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है से यह कहें कि वह मछली खाना बंद कर दें? क्या हम चीनी लोगों से कीड़े-मकोड़े और अन्य प्रकार के जीव जंतुओं को खाना बंद करने के लिए कहें? क्या हम संसार के अरबों मांसाहारी लोगों को 'पापी' मानें? मैं ऐसा नहीं करना चाहूंगा।

बहुत से ठंडे प्रदेशों, जहां केवल मास और लाइकेन होते हैं और जिन्हें रेनडियर तो खा सकते हैं, लेकिन मानव नहीं, में हम मानव को उन मॉसेज और लाइकेंस को खाने पर विवश करें? नहीं, हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। बायोलॉजिकली भी हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। यदि मानव को उन प्रदेशों में रहना है तो उसे रेनडियर को खाना ही पड़ेगा। कुल मिलाकर मैं यही कह सकता हूं कि हम जीव-दया का सिद्धांत अपने मन में सदैव रखें, लेकिन हम इसके लिए कट्टर न हों। इसके अतिरिक्त हम नियम अपने लिए तो बनाएं अन्य के लिए नहीं। हम दूसरों को अपने नियम मानने पर विवश न करें। हम हमारे नियमों को दूसरों के द्वारा न माने जाने पर उन्हें 'पापी' न कहें। हम उनके ऐसा करने पर उन्हें एक 'निम्न स्तर' का मानव न मानें। हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्यायसंगत होगा?

एक बात और है। यह बात तो भोजन के लिए पशु वध की थी। यहां तो लचीला हुआ जा सकता है, लेकिन धर्म के नाम पर देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के नाम पर, उस 'ऊपर वाले' को प्रसन्न करने के नाम पर पशु वध को किसी भी सूरत में सही कैसे कहा जा सकता है? इन कार्यों के पीछे जो भी कारण बताए जाते हैं, यदि हम उनको तर्क के तराजू पर तौलें तो वह सब खोखले ही सिद्ध होंगे। मैं मनुष्य के लिए हानिकारक वायरसेज, बैक्टीरिया, कृमियों, कीटों और पशुओं का वध करना चाहूंगा। मैं संक्रमण होने पर उन हानिकारक जीवों को मारने के लिए दवाई खाना पसंद करूंगा। एक आदमखोर जंतु को भी और कोई उपाय न रहने पर मार ही दिया जाता है, क्योंकि मनुष्य की चेतना उस पशु की चेतना से बेहतर होती है। अपने आप को और अपनी जाति को जीवित रखना सबसे बड़ा धर्म है। यह वह मूल बायोलॉजिकल गुण है जिसके कारण जातियों में विकास हुआ और वह जीवित रह पाईं जिसके कारण जीवन के प्रारंभिक रूपों से आज के विविध रूप उत्पन्न हुए। इसलिए हमें खाना भी खाना होगा और अपनी रक्षा भी करनी होगी, लेकिन ऐसा हम दूसरों को जितना कम कष्ट पहुंचाकर कर सकें, उतना अच्छा है। मनुष्य अपने भोजन के लिए दूसरों को कुछ कष्ट तो पहुंचाता ही है। वह मधुमक्खियों से उनका शहद छीन लेता है और गाय-भैंसों के बच्चों से उनका दूध, लेकिन यह कष्ट जितना कम हो सके उतना अच्छा है। मैं धर्म के नाम पर एक तार्किक दृष्टिकोण रखना पसंद करूंगा।

एक अंतिम प्रश्न और है। अब कृत्रिम शहद और कृत्रिम दूध भी बन गया है। उनका सेवन उचित ही है। वैसे पशुओं से प्राप्त दूध एक जंतु उत्पाद ही है। हां, अब वनस्पतियों से भी दूध प्राप्त कर लिया गया है। आज पौधों की जेनेटिक इंजीनियरिंग करके उनसे मानव के समान गुणों वाला दूध भी प्राप्त कर लिया गया है। प्रयोगशालाओं में कृत्रिम मांस भी बना लिया गया है। यह एक जंतु कोशिका को संवर्धित करके बना लिया जाता है। वैसे ही जैसे वनस्पति कोशिका से वनस्पति प्राप्त की जा सकती है। इस कृत्रिम मांस को बनाने और उसे खाने में हम किसी भी प्राणी को किंचित भी कष्ट नहीं पहुंचा रहे होते हैं। यह पौष्टिक तत्वों का एक अच्छा स्रोत होता है और उचित मात्रा में लेने पर यह किसी भी प्रकार हानिकारक नहीं होता है। क्या इसे भी खाना मना होना चाहिए? यदि हां, तो क्या इसके पीछे केवल कुछ धार्मिक कारण ही कहे जाएंगे? क्या वह धार्मिक कारण समुचित होंगे? क्या यह मांस जीवित माना जाएगा अथवा मृत? और क्या इसकी कोशिकाओं में आत्माएं मानी जाएंगी? वैज्ञानिक रूप से तो जीवित कोशिकाओं से बना मांस जीवित ही होता है। ठीक वैसे ही, जैसे जीवित वनस्पति कोशिकाओं से बना कोई आलू जीवित होता है। भले ही वह प्राकृतिक रूप से बना हो अथवा कृत्रिम रूप से।

## प्रसंगवश

# कभी अनपढ़ भी हो सकता है प्रधानमंत्री



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

केंद्र सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर मध्य प्रदेश के धार जिले के एक कार्यक्रम में बोर्ड पर "बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ" सही ढंग से नहीं लिख पाईं, बहुत गलत लिखा। इसकी खूब खिल्ली उड़ रही है। दरअसल संविधान में लोकसभा सदस्य या मंत्री बनने के लिए कोई न्यूनतम शैक्षिक योग्यता निर्धारित ही नहीं है। तब इस तरह के नमूने तो आते ही रहेंगे। कभी अनपढ़, अंगूठा टेक व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री भी हो सकता है। नेहरू मंत्रिमंडल में मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा मंत्री थे। वे थे तो विद्वान, किंतु अंग्रेजी व अन्य बाहरी भाषाओं के, अपनी स्वदेशी हिंदी के नहीं। तत्समय हिंदी के प्रसिद्ध कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' लखनऊ के एक अस्पताल में बीमार चल रहे थे। ऐसे में प्रसिद्ध हिंदी कवयित्री महादेवी वर्मा ने कलाम साहब को पत्र लिखकर निराला जी के सही ढंग से इलाज कराने की मांग की। कलाम साहब ने उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त को पत्र लिखा। पत्र कुछ यूं थाः 'यूपी से महादेवी नाम की औरत ने मुझे खत लिखकर वाकिफ कराया है कि लखनऊ के एक अस्पताल में निराला नाम का शख्स जेर इलाज है। आप गौर करके उसका सही इलाज करवा दीजिए'। गुप्ता जी ने इलाज की समुचित व्यवस्था तो की, किंतु वह खत पत्रकारों को दिखा दिया कि देखो देश का शिक्षा मंत्री महादेवी जी और निराला जी को नहीं जानता। मेरी नौकरी के कालखंड में एक मंत्री जिले के मुआयने पर आए। शायद पढ़े लिखे नहीं थे। कार्यालय घूमे तीन-चार जगह फाइलों में हाथ लगाया, तो कुछ मिट्टी उंगली में लग गई। उन्होंने बस यह टिप्पणी की "गंदगी है, आप लोग धूल साफ करिये"। तात्पर्य यह है कि संविधान में ऐसे संशोधन किए जाएं कि अशिक्षित और अल्प शिक्षित मंत्री न बन सकें। समुचित योग्यता तो सांसद और विधायक की भी होनी चाहिए। नीति के श्लोकों में भी अनपढ़ के लिए कहा गया है, "न शोभते सभा मध्ये हंस मध्ये बको यथा"।। कुरान शरीफ की पहली पांच आयतें, जो हिरा की गुफा में नाजिल हुईं, उनका पहला शब्द था "इकरा" यानी पढ़ो। समूची संसद को इस पर ध्यान देना चाहिए।

# बड़ी अर्थव्यवस्था पर प्रति व्यक्ति आय में पीछे



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है।

भारत अपनी विविध संस्कृति, बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास के साथ सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। यह मील का पत्थर आर्थिक विकास और वैश्विक व्यापार में देश की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित करता है। हालांकि इस प्रभावशाली रैंकिंग के बावजूद, भारत प्रति व्यक्ति आय के मामले में कई शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं से काफी पीछे है।

यह असमानता महत्वपूर्ण चुनौतियों को उजागर करती है और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित करती है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक विशिष्ट अवधि में किसी देश के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह आर्थिक स्वास्थ्य और आकार का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। दूसरी ओर प्रति व्यक्ति आय की गणना जीडीपी को देश की जनसंख्या से विभाजित करके की जाती है, जो प्रत्येक नागरिक द्वारा अर्जित औसत आय को दर्शाती है, जबकि उच्च जीडीपी एक मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतीक है, उच्च प्रति व्यक्ति आय बेहतर जीवन स्तर और धन वितरण का संकेत देती है।

भारत की कम प्रति व्यक्ति आय के पीछे कारण भारत की जनसंख्या दोधारी तलवार है। उच्च जनसंख्या घनत्व, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर दबाव डालता है जिससे पूरे मंडल में जीवन स्तर में सुधार करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। देश की आर्थिक वृद्धि के बावजूद, धन वितरण असमान बना हुआ है। जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे रहता है, जबकि एक छोटा प्रतिशत पर्याप्त धन का आनंद लेता है। यह असमानता प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों को खराब करती है और समावेशी आर्थिक नीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है। भारत के कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है जिसमें कम वेतन, नौकरी की असुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा लाभों की कमी शामिल है। अल्प रोजगार भी बड़े पैमाने पर है, जहां व्यक्तियों को ऐसी नौकरियों में नियोजित किया जाता है, जो उनके कौशल और क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग नहीं करते हैं जिससे उत्पादकता और कमाई कम हो जाती है। हालांकि भारत ने शैक्षिक पहुंच में सुधार लाने में प्रगति की है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा असमान रूप से वितरित है। शिक्षा में यह अंतर निम्न कुशल नौकरियों और कम कमाई की क्षमता में तब्दील हो जाता है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार हो रहा है, फिर भी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब स्वास्थ्य परिणाम, कुपोषण और अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचा कार्यबल की समग्र उत्पादकता और आर्थिक योगदान को प्रभावित करते हैं।

दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भारत की यात्रा सराहनीय है, लेकिन इसकी जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय के बीच असमानता महत्वपूर्ण संरचनात्मक चुनौतियों को उजागर करती है। इन मुद्दों के समाधान के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें समावेशी विकास, कौशल विकास, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया जाए। सरकार की पहल आशाजनक हैं, लेकिन निरंतर प्रयास और प्रभावी कार्यान्वयन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आर्थिक विकास सभी नागरिकों के लिए बेहतर जीवन स्तर में तब्दील हो।

इन चुनौतियों का समाधान करके, भारत न केवल अपनी प्रति व्यक्ति आय बढ़ा सकता है, बल्कि अपनी आबादी के लिए अधिक न्यायसंगत और समृद्ध भविष्य भी सुनिश्चित कर सकता है। तकनीकी प्रगति और बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत को अनुसंधान और विकास में निवेश करना चाहिए, नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# दक्षिण में धार्मिक संरक्षणशीलता



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

त्रिवेंद्रम के प्राचीन पद्मनाभ मंदिर गया था, जो एक विष्णु मंदिर है। यहां विष्णु अनंत शय्या पर सो रहे हैं। इसलिए इस शहर का नाम तिरुअनंतपुरम है। इस मंदिर में पुरुषों को बस कमर के नीचे एक धोती में प्रवेश करना होता है, स्त्रियां पूरी साड़ी में होती हैं।

इस मंदिर के बारे में कहा गया है कि यह एक दूसरे प्रमुख वैष्णव क्षेत्र तिरुपति से भी अधिक संपत्तिवान मंदिर है। देखा गया है कि जहां विष्णु हैं, वहां संपत्ति की महिमा अधिक है, जबकि शैव मंदिर में संपत्ति की प्रधानता नहीं है।

प्रचारित है कि यहां कुछ बंद दरवाजे खोलकर कैग ने स्वर्ण और हीरे-जवाहरात की एक लाख करोड़ की संपत्ति का उद्धार किया था और अभी एक रहस्यमय दरवाजा बंद है जहां इससे भी अधिक संपत्ति है। मेरे देखने-समझने में यही आया कि ये सब अफवाहें हैं। इस मंदिर के चारों तरफ सुंदर प्राचीन मूर्तियां हैं, यक्ष और देवताओं की। एक जगह अद्भुत रूप से महाभारत के अश्वत्थामा का मंदिर है। मेरे लिए सबसे विस्मयजनक यह था कि ट्रावनकोर के राजा द्वारा लगभग तीन सौ साल पहले पुनर्निर्मित यह मंदिर अभी तक अपने प्राचीन स्वरूप में है। इसमें आधुनिक भव्यता का रत्ती भर प्रवेश नहीं है, यहां तक कि मुख्य गर्भ गृह में बिजली की लाइट भी नहीं है। इसकी जगह पवित्र अंधकार में डूबे सैकड़ों दीप जल रहे हैं। यहां तक कि अनंत निद्रा में खुद विष्णु स्पष्ट नहीं दिखते। फिर भी ज्यादातर दक्षिण भारतीय भक्त टूट पड़े हैं यहां और पद्मनाभ रूप में खो गए हैं।

त्रिवेंद्रम के इस प्रसिद्ध मंदिर में हर तरफ एक शांत धार्मिक परिवेश है, जहां कुछ भी मजेदार नहीं है। यहां लोग सैलानी नहीं हैं, सचमुच के ईश्वर भक्त हैं।

यदि काशी और अयोध्या के मंदिर पुनर्निर्मित होकर आधुनिक सुख और सुविधाओं से चमक रहे हैं और भीड़ को आकर्षित करते हैं, पद्मनाभ मंदिर में उसकी अपनी प्राचीन दिव्यता बरकरार है, जो भक्तों को आकर्षित करती है। दक्षिण भारत के लोगों में धार्मिक संरक्षणशीलता ज्यादा है, जबकि उत्तर भारत के उन्मादी धार्मिक लोगों ने धर्म को पान मसाला बना दिया है।

-फेसबुक वॉल से

# अव्यवस्थित नगर में तब्दील हो गया है स्वप्नलोक



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं।

"तुम्हारे शहर में ये शोर सुन-सुनकर तो लगता है कि इंसानों के जंगल में कोई हांका हुआ होगा।" दुष्यंत कुमार की गजल का यह शेर सरोवर नगरी नैनीताल की मौजूदा हालातों को बखूबी व्यक्त करता है। इंसानों और वाहनों की बेतहाशा भीड़ के चलते नगर की सांसें थम सी गईं हैं। सुंदर प्राकृतिक झील, अनुपम सौंदर्य और स्वास्थ्यवर्धक जलवायु के मद्देनजर 180 वर्ष पूर्व अंग्रेजों ने नैनीताल नगर की बसावट शुरू की थी। औपनिवेशिक शासक नैनीताल की तुलना यूरोपीय देशों से करते थे। अंग्रेज यहां के पारिस्थितिक एवं पर्यावरण का विशेष ख्याल रखते थे। तब नैनीताल की सुंदरता, शांति और सुरक्षा, विश्व विख्यात थी।

आज ये सभी खतरे में हैं। नैनीताल की बसासत के प्रारंभिक चरण में यहां आने-जाने के लिए रास्तों की समुचित व्यवस्था नहीं थी। तब कालाढूंगी से पैदल नैनीताल आया जाता था। कालांतर में पुरुषों के लिए घोड़ों की सवारी और महिला यात्रियों के लिए डांडी की व्यवस्था बना ली गई थी। 24 अक्टूबर, 1884 को काठगोदाम रेल यातायात से जुड़ गया। फिर यात्रीगण कालाढूंगी के बजाय काठगोदाम से पैदल नैनीताल आने लगे थे। इस दरम्यान नैनीताल नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज आगरा एंड अवध की ग्रीष्मकालीन राजधानी बन गया था। तब नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के सर्वशक्तिमान ओहदेदार लेफ्टिनेंट गवर्नर, प्रांत के आला अधिकारी समेत सभी कारकुन काठगोदाम से घोड़े की सवारी अथवा पैदल नैनीताल आया करते थे। कालांतर में ब्रेबरी तक तांगे आने लगे। ब्रेबरी से घोड़ों में बैठकर अथवा पैदल नैनीताल आया जा सकता था। 1893 में नैनीताल तक तांगे पहुंच गए थे। नैनीताल की बसावट के करीब सात दशक बाद 1915 में यहां मोटर सड़क पहुंची। तब तक नैनीताल विश्व मानचित्र में अपना विशिष्ट स्थान बना चुका था। लेफ्टिनेंट गवर्नर समेत सभी अंग्रेज हुक्मरान और उनके परिजन नगर के भीतर हाथ रिक्शा और घोड़ों की सवारी किया करते थे। 1901 में जब नैनीताल की ग्रीष्मकालीन आबादी 7609 थी, सिर्फ 520 बंगले और दूसरे मकानात थे। अंग्रेज नैनीताल के नाजुक पर्यावरण के मद्देनजर यहां निश्चित सीमा से अधिक आबादी को बसाने के सख्त खिलाफ थे।

कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर कैप्टन ए. डब्ल्यू. इबट्सन ने 19 जुलाई, 1929 को नगर पालिका, नैनीताल की वार्षिक रिपोर्ट में लिखी एक टिप्पणी में कहा था-"इस समय नैनीताल की एक स्वास्थ्यप्रद नगर की छवि है, पर भविष्य में इस छवि को बनाए रखने में कुछ जटिल समस्याएं नजर आ रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह नगर अति इंसानों से भर गया है।" जब कैप्टन इबट्सन ने यह टिप्पणी की उस दौर में नैनीताल की आबादी करीब बारह हजार थी। 1937 में नगर पालिका ने नैनीताल की मालरोड में नियंत्रित यांत्रिक यातायात की अनुमति प्रदान कर दी। मालरोड में यांत्रिक यातायात की अनुमति दिए हुए दो साल भी नहीं बीते थे भू-वैज्ञानिकों ने मालरोड के अतिरिक्त अन्य स्थानों में वाहनों की आवाजाही का विरोध करना प्रारंभ कर दिया था। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के तत्कालीन अधीक्षक ए. एल. कॉल्सन ने 5 अगस्त, 1939 की अपनी एक रिपोर्ट में नैनीताल नगर के भीतर वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी लगाने की सिफारिश की। इसके बाद मालरोड में वाहनों की आवाजाही को हतोत्साहित करने की दृष्टि से लेक ब्रिज शुल्क की व्यवस्था की गई। अब यह व्यवस्था नगर पालिका की आमदनी का मुख्य स्रोत बन गई है। 22 जनवरी, 1942 को नगर पालिका ने मालरोड में दस पैदल रिक्शे चलाने की अनुमति दी। प्रारंभ में सभी रिक्शों का स्वामित्व एवं संचालन नगर पालिका के पास ही था।

1947 में भारत आजाद हो गया। अंग्रेज अपने वतन लौट गए। संरक्षणवादी नीतियों को भी अपने साथ ले गए। 1960 के दशक में मालरोड में यांत्रिक यातायात नहीं के बराबर था। राजभवन को छोड़कर मालरोड के अलावा नगर के अन्य हिस्सों में गाड़ियों का संचालन प्रतिबंधित था। 1980 के दशक तक भी नगर में यांत्रिक यातायात नियंत्रित संख्या में था। यहां हवाखोरी को आने वाले अधिकांश सैलानी पैदल टहलना पसंद करते थे। देश के शीर्ष राजनेताओं को भी पैदल चलने में संकोच नहीं होता था। वीआईपी कल्चर इस कदर हावी नहीं था। मारुति संस्कृति आने के बाद नैनीताल का पूरा परिदृश्य बदल गया। नैनीताल नगर में मोटर मार्ग बाजार क्षेत्र, अश्व मार्ग और पैदल मार्ग सहित सड़कों की कुल लंबाई करीब एक सौ किलोमीटर के आसपास है। इसमें वाहन चालित सड़कों के रूप में मान्य सड़कों की लंबाई करीब 18 किलोमीटर है। बाकी पैदल मार्ग हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार नैनीताल में निजी एवं टैक्सी चौपहिया वाहनों की संख्या करीब साढ़े तीन हजार है। यहां मकानों की संख्या करीब दस हजार के आसपास पहुंच गई है। पर्यटक सीजन के दिनों प्रशासन द्वारा निश्चित संख्या में ही पर्यटक वाहनों को नगर में प्रवेश की आज्ञा दी जाती है। बावजूद इसके पीक सीजन में प्रतिदिन करीब ढाई-तीन हजार पर्यटकों के निजी वाहन नैनीताल आते हैं। इनकी निरंकुश रफ्तार के चलते पैदल चलने का अर्थ जीवन को खतरे में डालना हो गया है। अनियंत्रित, अनियोजित एवं अदूरदर्शी विकास ने स्वप्नलोक को एक अव्यवस्थित और अति भीड़भाड़ वाले नगर में बदल दिया है। इंतजामिया नैनीताल नगर की भार वहन क्षमता का आकलन कर तद्नुसार गाड़ियों की संख्या नियंत्रित करने के बजाय पार्किंग बनाने पर जोर दे रहे हैं। जब गाड़ियों के चलने के लिए सड़कें ही नहीं होंगीं तो पार्किंग बनाने का क्या लाभ?

नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं। इसी प्रकार हमारे पौराणिक धार्मिक स्थलों में आम पर्यटकों को नहीं श्रद्धालुओं को आने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए जिनका धर्म और अध्यात्म से कोई नाता न हो। ऐसे पर्यटक हमारे धार्मिक स्थलों की महत्ता और स्थानीय पर्यावरण के लिए घातक सिद्ध होंगे।

# ब्याज से आय पर राहत



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नई सरकार के लिए आगामी पूर्ण बजट बेहद चुनौती पूर्ण होगा, ऐसा माना जा रहा है। हाल के अंग्रेजी अखबार की सुर्खी बने एक आर्थिक जगत के समाचार के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज से होने वाली आय पर आयकर राहत की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी जिसका उपयोग विभिन्न बुनियादी योजनाओं के वित्त पोषण में किया जा सकेगा। अभी तक बैंक में जमा राशि का ब्याज एक वर्ष में 40000 से अधिक होने पर टैक्स काटा जाता है।

टैक्स में राहत यो भी जरूरी हो गई थी। क्योंकि देश में घरेलू जमा राशियों में काफी कमी आई है। ऐसे में बैंको को अपनी जमा राशियों को बढ़ाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अगर बजट के प्राविधानों में ब्याज में टैक्स से राहत मिलती है तो इसे एक अच्छी पहल माना जा सकेगा। अभी तक 40000 के ऊपर ब्याज होने पर 10 प्रतिशत टीडीएस के रूप में स्वतः काट लिया जाता है और अगर पेन कार्ड नहीं है तो टीडीएस के रूप में 20 प्रतिशत काट लिया जाता है। वहीं अभी तक ब्याज में छूट की रकम वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50000 है। देखना है इस पूर्ण बजट में वित्त मंत्री द्वारा इस मद में कितनी राहत की घोषणा होती है।

# सभी ने योग करके दिया निरोग रहने का संदेश

## प्रशासन और शासन ने भी बताया योग का महत्व,10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम इंदिरा स्टेडियम में हुआ

21 जून -योग दिवस

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जनपद के समस्त तहसील, ब्लॉक व ग्रामों में संपन्न हुआ, 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम इंदिरा स्टेडियम में मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी/मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे, सांसद नारायण दास अहिरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी ईरज राजा ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

नोडल अधिकारी/मंडलायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि योग हमारी प्राचीन सभ्यता है और संस्कृति का हिस्सा है आदिकाल से ऋषि-मुनियों ने योग के महत्व को बताने का प्रयास किया था, जब हम इस परंपरा से हटने लगे तो शरीर बीमार पड़ने लगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा आज से 10 वर्ष पूर्व यूएन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का दर्जा दिलवाया गया। इंदिरा स्टेडियम में 45 मिनट तक नागरिकों को योग क्रियायें कराई गई । जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी आदि जिला स्तरीय अधिकारी सहित आम नागरिकों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में प्रतिभाग किया।



यमुना नदी के तट पर योग करते लोग। अमृत विचार



योग करते कमिश्नर विमल कुमार दुबे,जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### रामकुंड में आयोजित हुआ योग शिविर

उरई (जालौन)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 6 :00 बजे से रामकुण्ड पार्क में योग अभ्यास का आयोजन उरई सदर के विधायक गौरी शंकर वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं गजराज सिंह निरंजन योग प्रशिक्षक के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। आज योग शिविर में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नवाब सिंह जादौन, मण्डल अध्यक्ष अमित समाधिया, महामंत्री भोलेन्द्र सिंह जादौन, जिला महामंत्री अग्निवेश चतुर्वेदी, जिला मंत्री नीरज द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष रवीन्द्र सिंह हरौली , सभाषद शैलेन्द्र सोनी, अमित गौड़, विजय अग्रवाल आदि भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। योग साधकों में राम कुमार त्रिपाठी, राजेन्द्र सिंह भदौरिया, एस बी शुक्ला, अशोक सविता, राजेश यादव, बबलू यादव, हरि शरण गुप्ता, दीपक यादव, अमित जैन, शम्भू मिश्रा, डॉ. एच एन विश्वकर्मा, फौजी गफूर, अनुराग मिश्रा, अरविन्द मिश्रा, शिवनाथ सिंह कुशवाहा, नरेन्द्र सिंह परिहार संजय द्विवेदी, मुकेश बिहारी सक्सेना, संजीव पाण्डेय, रमेश विश्वकर्मा, कमलेश श्रीवास्तव, सतीश गुप्ता, नन्दू कुशवाहा रहे।



पुलिस लाइन में योग करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### जिला कारागार में भी मनाया गया योग दिवस

उरई। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला कारागार उरई में प्रातः 07 :30 बजे से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग का आयोजन किया गया । यहां योग प्रशिक्षक द्वारा बन्दियों को आयुष मंत्रालय द्वारा निर्गत प्रोटोकॉल के अन्तर्गत योग की विभिन्न क्रियायें, गतिविधियों और आसनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में सहभागिता करते हुये अपर जिला जज सचिव राजीव सरन द्वारा अवगत कराया गया कि योग का अभ्यास एक बेहतर इंसान बनने के साथ एक तेज दिमाग, स्वस्थ दिल और एक सुकून भरे शरीर को पाने के तरीकों में से एक है। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक नीरज देव कारापाल प्रदीप कुमार, उपकारापाल तारकेश्वर सिंह, अमर सिंह, कनिष्ठ लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शुभम् शुक्ला, पीएलवी पंकज कुमार समेत सिद्धदोष आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस कर्मियों ने भी किया योग

उरई। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी की अगुवाई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में योग शिविर आयोजित हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों/कर्मचारी के साथ योग कर पुलिसकर्मियो को नियमित योगाभ्यास को अपने जीवन में अपनाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। सैकड़ों पुलिस कर्मियों ने किया योगाभ्यास किया इसके अलावा सभी थानों और क्षेत्राधिकारी कार्यालय में आयोजित हुए योग शिविर में पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

### भारत विकास परिषद ने योग दिवस पर बांटे फल

जालौन। दशम योग दिवस तहसील परिसर में तहसीलदार जालौन श्रीष मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन की टीम ने अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, सचिव प्रेम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में नगर में तहसील परिसर में आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में सहभागिता की। फल वितरण के कार्य में अश्विनी द्विवेदी , पंकज गर्ग, राजकुमार सोनी, इंद्रपाल सिंह मिक्कू, संतोष सोनी वीआईपी, त्रिलोकी नाथ गुप्ता, पवन अग्रवाल, धीरज बाथम जिलाध्यक्ष, वाचस्पति मिश्र योगाचार्य, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी, डॉ अनीस आदि ने फल वितरण में सहयोग किया। इस अवसर पर डॉ भूपेंद्र पटेल ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### डॉक्टरों ने भी कहा, अपनाओ योग

उरई। आज 21 जून को राजकीय मेडिकल कालेज उरई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के अवसर पर प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा उपस्थित अधिकारियों, चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को योग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।योगाचार्यों ने खुद योग करें एवं समाज को योग करायें के माध्यम का संदेश देते हुए योग के माध्यम से विभिन्न रोगों एवं बीमारियों से बचाव के उपाय बताये। उक्त कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य के निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारी, अधिष्ठान डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं डॉ. रीना कुमारी, प्रधानाचार्य, कालेज ऑफ नर्सिंग द्वारा करया गया। प्रधानाचार्य डॉ. आर के मौर्य ने बताया कि नियमित रूप से योग करने से रोगों के दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य डॉ. आरएन कुशवाहा, विभागाध्यक्ष सर्जरी डॉ. निशान्त सक्सेना, प्रॉक्टर डॉ. चरक सांगवान, डॉ. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. प्रशान्त निरंजन, डॉ. अरूण अहिरवार, डॉ. जितेन्द्र मिश्रा, डॉ. उमा माहेश्वरी, उप प्रधानाचार्य, कालेज ऑफ नर्सिंग एवं मेडिकल कालेज में कार्यरत समस्त संकाय सदस्य, चिकित्साधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### यमुना तट पर रजनी पाल ने लोगों को कराया योग

कालपी जालौन। शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर में यमुना नदी कालपी के तट में घुमंतू हसंतू क्लब, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राजयोगिनी योग शिक्षिका रजनी पाल के द्वारा योगाभ्यास का जोरदार प्रदर्शन कराया गया। कार्यक्रम में शामिल उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने नागरिकों से निरोग रहने के लिये योगासन करने का आह्वन न किया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों ने जानी योग क्रियाएं

कालपी( जालौन)। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सदर बाजार कालपी में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया। शुक्रवार की सुबह 7 बजे विद्यालय परिसर में राज योगिनी रजनी पाल व शारदा मिश्रा द्वारा योगाभ्यास योग्य प्राणायाम समिति विभिन्न प्रकारों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में रमेश तिवारी, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, सुरेश चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक हरभूषण सिंह चौहान को का माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव, भारत सिंह यादव, प्रदीप पाठक, रविंद्र पुरवार, अरविंद राठौर, डॉ. सुरेश प्रजापति, विशाल पोरवाल, सलीम अंसारी, अर्जुन प्रसाद, रमेश चंद्र, सुशील कुमार, सोनाली रमन हिमानी, पंकज, अर्पित सोनी, खुशबू प्रमुख रूप से शामिल रही। विद्यालय प्रबंधक हरभूषण सिंह चौहान में उपस्थित लोगों के तरफ आभार जताया।



योग करते लोग। अमृत विचार

# नियमों की धज्जियां उड़ा रहे खनन माफिया

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जनपद के कालपी तहसील अंतर्गत पथरेहटा खण्ड 5 का पट्टा सुदामा देवी के नाम खनन विभाग द्वारा आवंटित किया गया है। इस पट्टे को उनके परिवार के एवं सजातीय लोग चला रहे हैं।

पट्टेधारकों द्वारा बालू उठाने में एनजीटी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। शासन के नियमों के अनुसार बीच नदी से बालू नहीं उठाई जा सकती है क्योंकि इससे नदी के अस्तित्व को समाप्त होने का खतरा है। किन्तु बालू माफिया बीच नदी हैवी पोकलेन मशीनों द्वारा बालू खींच कर इकट्ठा कर ट्रकों में भरी जाती है। इसी प्रकार नदी की जलधारा रोककर वेतवा के अस्तित्व को समाप्त करने में आमादा है बालू माफिया। यदि इसी रफ्तार से नदी से बालू उठाई जाती रही तो वह दिन दूर नहीं जब वेतवा नदी का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। जिला प्रशासन एवं एसडीएम कालपी तथा खनिज विभाग इस ओर अविलंब ध्यान देंगे और नदी के अस्तित्व के साथ एनजीटी के नियमों का पालन करने के लिए पट्टाधारक को उचित पाठ पढ़ाएंगे।



बेतवा नदी की बीच धारा से भरी जा रही मौरंग। अमृत विचार

# पुलिस अधीक्षक ने ताश के पत्तों की तरह फेंटे 23 दरोगा

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने शनिवार को चौकी इन्चार्जों सहित 23 उप निरीक्षकों के एक मुश्त तबादलों की सूची जारी कर दी। इसमें लम्बे समय से पदस्थ उरई कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक रंधीर सिंह इसी पद पर कोंच कोतवाली पहुंचे।

तबादलों में निर्विवाद तरीके से कार्य कर रहे बस स्टैंड चौकी इंचार्ज अनुज पंवार पर गिरी गाज को ले कर लोग अचरज जता रहे हैं। उन्हें लाइन हाजिर किया गया है जबकि कोंच कोतवाली की खेडा चौकी के प्रभारी रिंकू चौधरी को उरई बस स्टैंड चौकी की कमान सौंप दी गयी है। थाना कदौरा के उप निरीक्षक प्रवीण कुमार को भेंड चौकी का नया इंचार्ज बनाया गया है। उरई कोतवाली के मंडी चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र कुमार भी लाइन हाजिर किये गए हैं। हालांकि उनका स्थान लेने के लिए लाइन से राज कुमार निगम को भेजा गया है।

थाना डकोर की काबिलपुरा चौकी के प्रभारी अंकुर भाटी को एसपी ने अपने नए पीआरओ के रूप में चुना है। वर्तमान पीआरओ संजीव कुमार को जालौन चौकी की बागडोर मिल गयी है।

## झमाझम बारिश से लोगों को मिली राहत

**उरई।** तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी व उमस से राहत मिली है। सुहावने हुए मौसम का लोगों ने आनंद उठाया । बारिश में एक तरफ जहां तेज रफ्तार से हवा चल रही थी वहीं पानी भी झमाझम गिर रहा था। मौसम के करवट बदलने से मनुष्य के साथ जीव-जंतुओं ने भी राहत की सांस ली है। हम आपको बताते चलें कि 47 डिग्री सेल्सियस तापमान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। गर्मी अधिक होने के कारण लोगों को टाइफाइड बुखार के साथ साथ उल्टी-दस्त आदि बीमारियां भी जकड़ रही थीं।

# अधिशासी अभियंता ने औचक निरीक्षक कर देखे अभिलेख

संवाददाता कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** विद्युत वितरण खंड द्वितीय उरई अधिशासी अभियंता महेंद्र नाथ भारती ने विभागीय कार्यो का निरीक्षक किया।

नगरी विद्युत व्यवस्था को सुधार करने के लिए कार्यदायी संस्था मोंटी कार्गो कम्पनी के द्वारा नगरीय निकाय में 5 सैकड़ा नए पोल तथा लाइनों को बिछाया जा रहा है। अधिशाषी अभियंता ने कई स्थानों पर पहुंचकर कार्यों की हकीकत को देखा। इसके बाद उन्होंने उपखंड कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी आदर्श राज, अवर अभियंता जितेंद्र कुमार तथा कर्मचारियों से बिंदुवार जानकारियां ली। बकाया धनराशि वसूली की समीक्षा भी की।

## एक नजर



ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेसी।

### नीट की सीबीआई से जांच कराने की मांग

उरई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में वीरपाल राजपूत जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस, बृजेश पांडेय, मजहर खान, लालू शेख, अरविंद सेंगर, शकुंतला पटेल, अमित पांडेय उसरगांव,फैजानुल हक सहित दर्जनों कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को देते हुए मांग उठाई है कि नीट-यू.जी.2024 परीक्षा के संचालन और परिणामों और पेपर लीक से जुड़ी कई शिकायतों को दूर करने की तत्काल आवश्यकता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार के कारण लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है । कांग्रेसियों ने राज्यपाल को भेजे ज्ञापन के माध्यम से मांग की है सभी परीक्षाओं की सीबीआई के द्वारा जांच करवाई जाये।

### छापामार कर खाद के तीन नमूने लिए गए

कालपी उरई। आज शुक्रवार को उपजिलाधिकारी और जिला कृषि अधिकारी ने खाद की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान खाद के तीन नमूने भी लिए गये। ।इसी कड़ी में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी हेमन्त पटेल ने जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव के साथ टरननगंज स्थित राकेश पुरवार समेत तीन खाद एवं बीज की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस मौक़े पर उन्होंने तीनों दुकानों उपजिलाधिकारी के अनुसार खाद बीज की गुणवत्ता परखने के लिए अक्सर दुकानों का निरीक्षण विभाग के साथ मिलकर किया जाता है।

# गोमांस की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

**उरई (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के निर्देश पर एट थाना पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर गोमांस की तस्करी करने वाले 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एट थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गोमांस की तस्करी करने वाला 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश मोहम्मद सलमान कहीं जाने की फिराक में कस्बे के अंदर खड़ा है। मुखबिर द्वारा सूचना मिलते ही एट थाना पुलिस की टीम ने बताये हुए स्थान पर दबिश देकर 50 हजार के इनामी बदमाश मोहम्मद सलमान को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। बताया जाता है गोमांस की तस्करी में शामिल 9 आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। उक्त गोमांस तस्कर चेन्नई के रास्ते से गल्फ देशों में गोमांस की सप्लाई करते थे।

# मोबाइल देकर बेहतर इस्तेमाल को किया प्रेरित

संवाददाता कालपी,उरई

**अमृत विचार।** शुक्रवार को नगर के व्यास क्षेत्र संस्कृत महाविद्यालय व कालपी कालेज कालपी में स्मार्ट फोन वितरित किये गये। इस दौरान छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया गया।

संस्कृत महाविद्यालय कालपी में मुख्य अतिथि डॉक्टर बृजगोपाल द्विवेदी की मौजूदगी में शासन द्वारा प्राप्त डिजी शक्ति योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन तीन छात्रों को वितरण किये इस दौरान उत्तम सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।



संस्कृत महाविद्यालय में छात्र को मोबाइल फोन देते अतिथि। अमृत विचार

दिशा-निर्देश

मंडलायुक्त झांसी ने जिलाधिकारी की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक

# शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर होगी कार्रवाई : मंडलायुक्त

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृ विचार।** मंडलायुक्त झांसी विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की ।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप कार्य करें जो लक्ष्य विभागों को प्राप्त हुआ है उसे पूर्ण कर जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि समय से कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याएं सुने और निस्तारण करें । उन्होंने कहा कि जो अधिकारी समय से कार्यालय नहीं पहुंचते हैं ऐसे अधिकारियों को चिह्नित कर वेतन काटने के साथ ही विभागीय कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। जन शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता व फर्जी निस्तारण मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि खेत तालाब योजना के तहत किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए। विद्युत आपूर्ति में आ रही शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए कार्य योजना बनाकर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो, साथ ही जर्जर पोल,जर्जर तार व खराब ट्रांसफार्मर आदि शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करें। सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि जब खरीफ का सीजन आ गया है, ऐसे में जो नहरों का रोस्टर अनुसार संचालन होगा उसे पहले से ही प्रचार प्रसार कर किसानों को जानकारी कराई जाए । उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं व निर्माण कार्य आदि किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, सीडीओ शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नरेंद्र देव शर्मा, आर के मौर्य आदि रहे।



कलेक्ट्रेट में बैठक लेते मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे झांसी साथ में डीएम व एसपी।

### ई-ऑफिस प्रणाली का मंडलायुक्त ने किया उद्घाटन

उरई (जालौन)। मंडलायुक्त झांसी विमल कुमार दूबे द्वारा आज ई-ऑफिस प्रणाली का कलेक्ट्रेट परिसर में उद्घाटन किया गया । ई-ऑफिस प्रणाली का उद्घाटन करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि इस व्यवस्था से त्वरित व पारदर्शी ढंग से काम होगा, इस व्यवस्था के माध्यम से कार्यप्रणाली, सरलीकृत, पारदर्शी, प्रभावी और जवाबदेही होगी। इसके अलावा यह कागज रहित होगी। कलेक्ट्रेट हेतु ईडीएम को ईएमडी मैनेजर नामित किया है। ईडीएम पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा ऑफिस के सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी कर्मचारियों ने कम समय में ही प्रशिक्षण लेकर इसकी शुरुआत में अपनी अहम भूमिका निभाई है। ई ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों की आठ फ़ाइल एडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी के पास अनुमोदन हेतु प्रेषित की गई , जिन सभी फाइलों पर मंडलायुक्त की उपस्थिति में जिलाधिकारी द्वारा तत्काल अनुमोदन ई आफिस प्रणाली के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, मुख्य कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, ई डिस्टिक मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### मंडलायुक्त ने पार्क का लोकार्पण कर किया पौधरोपण

उरई (जालौन)। मंडलायुक्त झांसी विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित वेद व्यास पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण कर पौधरोपण किया। जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट को सुंदर बनाने के लिए पहल की है। कलेक्ट्रेट परिसर में बनाया गया यह पार्क अपने औषधीय एवं आम, नींबू, केला, अमरूद व अन्य फलदार वृक्षों से हरा-भरा यह पार्क प्रदेश भर में नजीर बनेगा। मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने पार्क में पौधरोपण किया जिसमें आम के पौधे लगाए, इसके उपरांत वेदव्यास पार्क का अवलोकन किया। इस अवसर पर सीडीओ शिवाकांत द्विवेदी, एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, प्रदीप कुमार, आशुतोष चतुर्वेदी, सुरेश कुमार पाल, नाजिर विजय शरण दुबे सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र हसीव पुत्र सलीम व पुत्रबधू शवनम के अलावा उसके बच्चों अय्यान, अदनान व खतीजा से संबंध विच्छेद कर रहीं हूं। इन सभी को मै अपनी चल व अचल संपत्ती से बेदखल करती हूं। उक्त सभी के कृत्यों व लेनदेन के लिए वे खुद जिम्मेदार होगें। इससे मेरा कोई वास्ता नहीं है। **-रुखसाना वेगम पुत्नी सलीम निवासी मोहल्ला काजीपुरा थाना व जिला कन्नौज।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पहले पति स्व. नसीमुद्दीन से उत्पन्न पुत्र मोहम्मद अरशद और पुत्रवधू अफसाना खान का चाल-चलन अच्छा न होने के कारण संबद्ध विच्छेद कर लिया है तथा चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किसी भी नैतिक-अनैतिक समेत अन्य सभी कार्यो से मेरा कोई लेना-देना नहीं होगा। कामिनी परवीन पत्नी नफीसुल हसन निवासी-जवाहर नगर पुखरायां कानपुर देहात।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शाहीन बानो पत्नी नवाज अहमद पुत्री शहजहाँ अली, निवासिनी मोह्न पुराना बाजार वार्ड नं0 8 मैलानी परगना कुकरा तहसील गोला जिला खीरी।** शादी से पूर्व मैं शहनाज खातून के नाम जानी जाती थी। शादी के बाद मेरे अभिलेखों में शाहीन बानों अंकित है। मेरे पास कोई शैक्षिक अभिलेख नहीं मैं केवल साक्षर हूँ। यहकि शहनाज खातून व शाहीन बानों दोनों नाम एक ही महिला के अर्थात मेरे है। मैं इन दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ।

**NOTICE**

I have lost my Ansal Akansha flat property papers like original builder buyer agreement, payment receipts and etc. Sunder Lal Agarwal S/o Mr. PC Agarwal, A 106 South City Raebareily Road Lucknow Ph: 9415007261

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा आधार कार्ड पर नाम उत्तम कुमार अंकित है। जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में उत्तम कुमार त्रिपाठी अंकित है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति हैं। मेरा ड्राइविंग लाइसेंस में भी उत्तम कुमार ही अंकित करें। **-उत्तम कुमार पुत्र राम सिहाते निवासी-ग्राम सिकंदरपुर बहराइच।**

**NOTICE**

I NIRMALA MISHRA W/O LATE SEP. JAGDISH DUTT MISHRA RESIDENCE 205 VISHNUPURI COLONY CIVIL LINE CITY AND DISTRICT GONDA U.P. DO HEREBY DECLARE THAT MY REAL NAME IS NIRMALA MISHRA NOT NIRMALA DEVI. I WISH TO BE KNOWN AS NIRMALA MISHRA.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राधा गुप्ता पत्नी स्व0 राधा रमण गुप्ता, निवासी-ई-4888, राजाजीपुरम लखनऊ** की हूं मेरा पुत्र आशीष गुप्ता एवं पुत्रवधु शालिनी गुप्ता व पौत्र विनायक गुप्ता है। मैं अपने पुत्र आशीष गुप्ता एवं पुत्रवधु शालिनी गुप्ता व पौत्र विनायक गुप्ता से हैरान परेशान, मार-पीट व गाली गलौज व गलत संगत से दुखी हूँ। सामाजिक मान मर्यादाओं में ध्यान रखते हुए अपने बड़े पुत्र व उसकी पत्नी व उसके बच्चे से समस्त सम्बन्धों को समाप्त करती हूँ। उनके द्वारा भविष्य में किये जाने वाले किसी भी आसमाजिक कृत्य में संलिप्त होने पर व किसी भी लेन-देन के लिए मेरा व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं मानस प्रभा सिंह पुत्री राजकुमार सिंह, निवासिनी-ग्राम व पोस्ट दुधवन, थाना सरेनी तहसील लालगंज जिला रायबरेली पिनकोड-229215, मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मानस प्रभा सिह अंग्रेजी में MANAS PRABHA SINGH शुद्ध व सही अंकित है परन्तु त्रुटिवश एलआईसी पॉलिसी बाण्ड में मेरा घरेलू नाम हर्षिता सिंह अंग्रेजी में HARSHITA SINGH अंकित हो गया है। यहकि मेरा मानस प्रभा सिंह अंग्रेजी में MANAS PRABHA SINGH SINGH व हर्षिता सिंह अंग्रेजी में HARSHITA SINGH दोनो नाम एक ही महिला के है अर्थात् मेरे है मैं दोनो नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ।

**सूचना**

सूचित करना है कि निवास प्रमाण पत्र, खतौनी व बैंक खाते में मेरा नाम रेनू देवी पत्नी आत्माराम लिखा है जो सही है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शांती देवी अंकित है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम **रेनू देवी पत्नी आत्माराम निवासिनी अचलपुर तहसील तरबगंज थाना वजीरगंज जिला गोंडा** है

# दोआबा के 11 सौ स्थानों पर किया गया योगाभ्यास

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सरकारी स्तर पर व विद्यालयों में आयोजित किए गए कार्यक्रम, शरीर के लिए लाभकारी बताया

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 11 सौ जगहों पर योगा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शहर के प्रेक्षागृह में भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को योगाचार्य कमलेश सविता ने योगाभ्यास कराया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि योगा करने से शरीर स्वस्थ रहता है। कोई भी बीमारी नहीं होती है।

पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस के अधिकारी और जवानों ने योग गुरु से योगाभ्यास सीखा। जहां पुलिस अधीक्षक ने जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन सुबह योगा करने से शरीर में फुर्ती बनी रहती है। पुलिस के जवानों को फिट रहने के लिए योगा जरूर करना चाहिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, डीएसपी वीर सिंह सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे। इसी तरह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अनुपम कुशवाहा ने बताया कि जिला कारागार, वाह्य न्यायालय, खागा एवं ग्राम न्यायालय बिन्दकी परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जहां न्यायाधीश व प्राधिकरण के अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा द्वारा सभी को जानकारी दी गई कि स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए नियमित रूप से योगासन जरूरी है। जीवन में योग के लाभ और महत्व को देखते हुए इसे दुनिया भर में अहमियत दी गई।

सेहत के साथ ही योग मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में अमित पाल सिंह प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, मोहम्मद एलियास अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, हरि प्रकाश गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, महेन्द्र कुमार द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अनुपम कुशवाहा प्रभारी सचिव समेत अधिवक्तागण मौजूद रहे।

**बिंदकी।** नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर में तथा लंका रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में उपजिला अधिकारी अभिनित कुमार के निर्देशन अनुसार नगर पालिका परिषद द्वारा दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोगों को प्राणायाम, प्रार्थना ताड़ासन, वृक्षासन, पदहस्तासन, अर्धचक्रासन, कपालभाति, अनुलोम, विलोम सहित कई योग कराए गए। इस मौके पर एसडीएम अभिनीत कुमार ने बताया की योग करने से व्यक्ति पूरी तरह से निरोग रहता है कोई बीमारी नहीं होती है और कहा कि सभी लोग प्रतिदिन योगो को करना चाहिए। इस मौके पर तहसीलदार अचलेश कुमार, नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष राधा साहू रहीं। इसी तरह लंका रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में लक्ष्मीचंद उर्फ मोना ओमर के नेतृत्व में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार अमरेश कुमार सिंह, सुजीत उमराव, डॉ पंकज, बलराम सिंह, लेखपाल भान सिंह, संजय ओमर, बृजेंद्र ओमर, अन्नू ओमर, स्वाति ओमर, सोमवती निषाद समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में एसपी उदय शंकर सिंह व अन्य अधिकारियों ने किया योग। अमृत विचार



बिंदकी में योग करते एसडीएम अभिनित कुमार आदि। अमृत विचार




असोथर थाना परिसर में योगाभ्यास करते जवान। अमृत विचार

### धाता नगर पंचायत कार्यालय में किया गया योग

**धाता।** नगर पंचायत धाता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी, सभी वार्ड सदस्य, कर्मचारी, और सीएम अर्बन फेलो ने भाग लिया। डॉ. नवीन सोनी प्रभारी चिकित्साधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी ने योग दिवस मे भाग लिया। योग दिवस को योग प्रशिक्षक निर्भय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन मे आयोजित किया गया।

### असोथर थाने में जवानों ने किया योग

**असोथर।** सीओ थरियांव अरुण कुमार राय व थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य की अध्यक्षता में थाना परिसर में योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें थाना और चौकी के सभी कांस्टेबलों व उपनिरीक्षकों ने अपनी सहभागिता निभाई और योग कर आमजनमानस को एक संदेश दिया। वहीं महिला कांस्टेबलों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने भी योग दिवस में शामिल होकर योग कर निरोग रहने की बात कही। इसी तरह नगर पंचायत असोथर में अधिशासी अधिकारी एचपी सिंह एवं नगर अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर, योग प्रशिक्षक डॉ अजय कुमार के निर्देशन में नगर पंचायत के कर्मचारी व सफाई कर्मियों ने योगा कर योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाया।

# डायट परिसर में दिखा योग दिवस पर उत्साह

संवाददाता, थरियांव

**अमृत विचार।** डायट में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सभी प्रक्षिशु एवं शिक्षकों ने मिलकर योगा किया। योग का संचालन सुमित कुमार शर्मा द्वारा हुआ। डायट प्रवक्ता वीना सिंह ने डायट प्राचार्य आरती गुप्ता को बैच लगाकर स्वागत किया गया। और साथ ही मानवेंद्र सिंह (प्रवक्ता) ने सुमित कुमार शर्मा (योग विशेषज्ञ) को बैच लगाकर स्वागत किया। सुमित ने सभी प्रशिक्षुओं और सभी प्रवक्ताओं को योग के बारे में जानकारी दिए।

उन्होंने पद्मासन, सूर्यनामस्कर, कपालभांति, अनलोम-विलोम आदि के बारे में जानकारी दी। वहीं छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई और प्रशिक्षु को भी योग के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर प्राचार्या आरती गुप्ता, कृष्ण प्रताप सिंह, मानवेंद्र सिंह, अमृत कुमार यादव, राजेंद्र प्रसाद निर्मल, विनय मिश्रा, डाली सिंह, भारती सिंह, अंतिमा सिंह, संजीव सिंह आदि प्रवक्ता मौजूद रहे।

### चिकित्सा के साथ योग करने पर जोर

**फतेहपुर।** योग दिवस के मौके पर होम्योपैथी के मुख्य चिकित्साधीक्षक प्रयागराज मंडल डॉ सुमन रहेजा, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ अमरीष चंद्रा के निर्देशन में जिले के सभी राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसके तहत जनमानस को विभिन्न चिकित्सा पद्धति को अपनाने के साथ-साथ योग के समावेश का संदेश दिया गया। कहा कि स्वास्थ्य ठीक रखने में होम्योपैथी के साथ-साथ योग भी कारगर है। इस मौके पर डॉ जय सिंह पटेल, डॉ सभाजीत, डॉ कमलेश बाबू सचान, डॉ रिचा श्रीवास्तव, डॉ रश्मि उत्तम, डॉ आयुष पटेल, श्री नारायण बक्श आदि मौजूद रहे।



डायट परिसर में योगा करतीं छात्राएं। अमृत विचार

# नीट परीक्षा पुनः कराने के लिए कांग्रेसियों का प्रदर्शन

- जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा का पेपर लीक होने पर दोषियों पर कार्यवाही और दोबारा परीक्षा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा।

कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा पेपर लीक होने के बाद दुबारा परीक्षा कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि नीट का परिणाम चार जून को जारी हुआ था। पेपर लीक का आरोप भी अभ्यर्थियों के द्वारा लगाया गया था। परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ियों में अनुचित साधनों का प्रयोग किया गया। भाजपा शोषित राज्य जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात और हरियाणा में नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार के लिए कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई। जिससें परीक्षा ही दोष पूर्ण की आशंका में ग्रसित हो गई है। लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। अभिभावकों का लाखों रुपए खर्च होता है। नीट की परीक्षा कराने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए ने अपनी परीक्षा 18 जून 2024 को संपन्न कर नीट परीक्षा को अगले दिन ही अनियमितता की आशंका में ही रद्द कर दी है। इन सब मामलों में सीबीआई ने कई लोगों को गिरफ्तार भी किया है। महामहिम राष्ट्रपति से मांग है कि परीक्षा को दुबारा कराया जाए। ज्ञापन देने वाले लोगों में शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमलता पटेल, राजन तिवारी, आशीष गौड़, अभय शुक्ला, शिव कुमार अग्निहोत्री, संतोष कुमारी शुक्ला, सुधाकर अवस्थी, राजेन्द्र कुमार प्रसाद, चन्द्र प्रकाश लोधी, प्रमोद तिवारी आदि रहे।



कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करने आए कांग्रेसी। अमृत विचार

# रोजगार मेला व करियर काउंसिलिंग 24 को

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग के संकल्प हर हाथ हर परिवार को रोजगार उपलब्ध कराकर उसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 24 जून सुबह 11 बजे कार्यालय परिसर में रोजगार मेला व करियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

जिसमें पीपल ट्री आनलाइन सर्विसेज के लिए हाईस्कूल, इंटर आईटीआई डिप्लोमा उर्तीण आयु 18 वर्ष से 26 वर्ष वेतनमान 12 हजार 800 रुपये से 15 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। एसआईएस इंडिया लिमिटेड के लिए हाईस्कूल, इंटर, लम्बाई 165 सेमी, सीना 80 सेमी से 85 सेमी, आयु 19 से 40 वर्ष एवं वजन 56 किग्रा द्वारा प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों को वेतनमान 14 हजार से 25 हजार रुपये प्रतिमाह के लिए चयनित कर सेवायोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी का सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन के साथ ही रोजगार मेले के लिए आनलाइन आवेदन करना जरूरी है। अभ्यर्थी कागजातों के साथ आयोजन स्थल पर सुबह दस बजे तक उपस्थित हो जाएं।

## सार-संक्षेप

### जुलाई के अंत तक मिलेगा आरपीएफ को नया भवन

**फतेहपुर।** अमृत भारत योजना से रेलवे स्टेशन में चल रहे काम में तेजी आई है। बीते वर्ष जून में स्टेशन का निर्माण का कार्य शुरू हुआ था। अब तक स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर चार में 100 मीटर टिनशेड, सर्कुलेटिंग एरिया में एटीएम को दूसरी जगह शिफ्ट किया जा चुका है। जुलाई के अंत तक आरपीएफ को नई बिल्डिंग सौंपने की उम्मीद है। प्लेटफार्म नंबर एक में बन रही आरपीएफ बिल्डिंग के भूतल में ढलाई का काम शुरू हो गया है। वहीं सर्कुलेटिंग एरिया में भी पाथ-वे निर्माण के साथ पार्किंग स्थल में भी ढलाई होने लगी है। वहीं प्रवेश द्वार व बिल्डिंग को आकर्षक बनाने के लिए तरह-तरह की डिजाइन तैयार की जा रही है। सर्कुलेटिंग एरिया में तिरंगा झंडा लगाने का काम भी तेजी से चल रहा है। प्रोजेक्ट मैनेजर विनय मिश्रा ने बताया कि काम में तेजी लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाई गई है। साउथ सिटी में बन रहे प्रवेश द्वार को भी आकर्षक बनाया जाएगा। वहीं बाउंड्रीवाल का काम भी शुरू है। अगस्त के अंतिम सप्ताह तक काम पूरा होने की संभावना है।

### संचारी रोग नियंत्रण को 11 से दस्तक अभियान

**फतेहपुर।** अभियान के तहत 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान का द्वितीय चरण आयोजित होगा। जिसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा साथ मिलकर घर-घर भ्रमण के दौरान बुखार के रोगियों की सूची आईएलआई रोगियों की सूची टीबी रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची कुपोषित बच्चों की सूची, कुष्ठ रोग फाइलेरिया रोग एवं कालाजार रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची को एक कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगे। इस अभियान के दौरान आशा बहू द्वारा आभा आईडी भी बनाई जाएगी। बैठक में एसीएमओ, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### इलाज के दौरान मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा

**फतेहपुर।** सीएचसी में बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा काटा। परिजनों ने डाक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। पुलिस ने समझाकर परिजनों को शांत किया। मामला शांत होने पर परिजन अंतिम संस्कार को शव ले गए। हथगाम कस्बे के वार्ड नंबर 12 मोहल्ला कजियाना निवासी मीर मोहम्मद (60) की अचानक हालत बिगड़ी थी। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा काटने लगे। हंगामा देखकर डॉक्टर अमित कुमार चौरसिया ने पुलिस को सूचना दी। डा चौरसिया ने बताया कि मीर मोहम्मद को परिजनों ने गंभीर हालत में बुधवार को भर्ती कराया था। परीक्षण के बाद इलाज शुरू किया गया। दोपहर में उनकी हालत गंभीर हो गई। उन्हें सांस लेने में दिक्कत थी।

# खेत से झाड़ी हटाने के विवाद में पिता-पुत्र की पिटाई

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गुरूवार की सुबह खेत में झाड़ी हटाने को लेकर एक अधेड़ को गांव के ही पिता-पुत्र सहित तीन लोगों ने धारदार हथियार मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा गांव निवासी प्रसाद का पुत्र राममनोहर गुरूवार की सुबह छह बजे अपने खेत में काम करने गया था। वहीं गांव के ही धर्मपाल ने उसके खेत में झाड़ी डाल दिया था। जिस पर धर्मपाल के पुत्र सोनू से झाड़ी हटाने को कहा तो वाद-विवाद शुरू हो गया। तभी धर्मपाल, सोनू व उसके चाचा ने उसे धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया। इसी बीच बीच-बचाव करने पहुंचे धर्मपाल के पुत्र दिलीप व जगराम के पुत्र बबलू को भी हमलावरों ने मारापीटा।

# बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता को भेजा जेल

- छोटी बेटी के साथ भी बनाना चाह रहा था संबंध

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक कलयुगी पिता अपनी बड़ी बेटी के साथ बचपन से ही दुष्कर्म करता रहा। जब पिता ने छोटी बेटी को हवस का शिकार बनाना चाहा तो बड़ी बेटी ने इस बात का विरोध किया। विरोध करने पर पिता ने दोनों बेटियों को जमकर पीटा। पिता की प्रताड़ना से परेशान होकर बड़ी बेटी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली नाबालिग लड़की ने कोतवाली पुलिस को एक दिन पहले तहरीर दी कि उसकी मां की मौत के बाद पिता नशे में उसके साथ छह साल की उम्र से दुष्कर्म करते थे। उस समय वह कक्षा दो की छात्रा थी। जब वह 16 साल की हुई तो पिता दिन में कई बार दुष्कर्म करता था। विरोध करने पर डंडे से बेरहमी से पिटाई करता था। इसी बीच उसकी छोटी बहन जो 14 साल की थी तो पिता उसके साथ भी दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। छोटी बहन की इज्जत बचाने के लिए वह पिता का विरोध करने लगी। पिता अब दोनों के साथ गलत काम करना चाहता था। एक दिन जब पिता ने नशे की हालत में छोटी बहन के साथ छेड़खानी करते हुए गलत काम करने का प्रयास किया तो विरोध करने पर दोनों की पिटाई कर दी। किसी तरह हम दोनों बहनों ने दूसरे कमरे में जाकर जान बचाई। पिता की हरकतों से परेशान होकर पुलिस की मदद ली। इस मामले में कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि एक पिता अपनी बड़ी बेटी के साथ छह साल की उम्र से दुष्कर्म करता था और पिटाई करता था। जब छोटी बेटी के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया तो बड़ी बेटी ने विरोध करते हुए तहरीर दी। पिता नशे का आदी है और बेटी की तहरीर पर दुष्कर्म, पॉस्को एक्ट, जान से मारने की धमकी देने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने आरोपी पिता गुरु शरण उर्फ बउआ को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दोनों बहनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

कार्यदायी संस्थाओं की मनमानी | पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदकर छोड़ दी

# बारिश में ताल-तलैया बन जाएंगी गलियां

- ग्रामीणों का पैदल निकलना भी हुआ कठिन

संवाददाता, फतेहपुर/खागा

**अमृत विचार।** हर घर नल-हर घर जल योजना के तहत कार्यदायी संस्थाओं की मनमानी बारिश के दौरान ग्रामवासियों पर भारी पड़ने वाली है। कार्य के समय ठेकेदारों ने बेतरतीब ढंग से सड़कें खोदकर पाइप लाइन तो डाल दी लेकिन काम निपटने के बाद उनको उसी हाल पर छोड़ दिया गया। मानसून आने वाला है। कुछ ही दिनों में बारिश शुरू हो जाएगी और खोदी गई सड़कें गलियां ताल तलैया बन जाएंगी। जिस कारण लोगों को गड्ढे का अनुमान नहीं रहेगा तथा आवागमन और भी दुखदायी हो जाएगा।

जनपद स्थित करीब 840 ग्राम पंचायतों में रहने वाले लोगों को पर्याप्त पानी मुहैया कराने के लिए जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल योजना के तहत ग्राम समूह पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य जारी है। निर्धारित प्रक्रिया के बाद नामचीन कंपनियों ने कच्चा पानी लेने के लिए इंटेकवैल बनाया। फिर ट्रीटमेंट प्लांट तक कच्चा पानी ले जाने के लिए जमीन की खुदाई करवाकर पाइप डाले। कच्चे पानी को शुद्ध करके टंकी में चढ़ाने के लिए राइजिंग लेन और शुद्ध पानी को घर-घर पहुंचाने के लिए गांव की सड़कों और गलियों में वितरण पाइप लाइन बिछाई। इस कार्य को करते समय इन कंपनियों के ठेकेदारों ने जमकर मनमानी की। उन्होंने सीसी रोड, पेवरब्रिक्स, पत्थर वाली सड़कों, गलियों को खोद दिया और पाइप डालने के बाद उनको दुरुस्त करने में रुचि नहीं दिखाई। जिसकी वजह से अभी भी तमाम गांवों की सड़कों, गलियों में ग्रामीणों का चलना और वाहन चलाना कठिन हो गया है। जरा सी चूक यहां भारी पड़ती है। ग्रामीण गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। अब इस समस्या को लेकर ग्रामीण बेहद चिंतित और आक्रोशित हैं। उनके मुताबिक पिछले कई महीनों से वह सड़कें दुरुस्त कराने की मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन ठेकेदार व प्रशासनिक अफसर उसको अनसुना कर रहे हैं।



ग्राम बदनमऊ के मजरे कुल्ली के मार्ग का हाल। अमृत विचार

# माइनर में एक साल से पानी नहीं, सूख रही फसल

- तेंदुली गांव के पास से निकलने वाली महरहा माइनर की नहीं हुई सफाई

संवाददाता, बिंदकी

**अमृत विचार।** तेंदुली गांव के पास से निकलने वाली महरहा माइनर में एक साल से साफ सफाई न होने से बड़ी नहर का पानी न आने से सैकड़ों किसानों की फसल सूख रही है। जिससे किसानों में नाराजगी का माहौल दिखाई दे रहा है। वहीं किसानों ने बताया कि एक साल हो गया हैं। माइनर में पानी नहीं आया और किसानों की हरी भरी फसल नष्ट हो गयी है।

मलवां विकास खंड क्षेत्र के तेंदुली गांव के पास से निकलने वाली महरहा माइनर में एक साल से अधिक पानी न आने से किसानों में नाराजगी है। किसान अखिलेश सिंह ने बताया कि एक साल से अधिक का समय हो गया है, अभी तक साफ सफाई नहीं की गई। जिससे बड़ी नहर से पानी इसमें नहीं आ पा रहा है। जिससे पहरवापुर, ददनाखेड़ा, तेंदुली, चित्तापुर, सौह, महरहा गांव के किसानों की हरी-भरी फसल पूरी तरह सूख कर नष्ट हो गई। जिससे किसान बहुत परेशान हैं। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और आज भी माइनर ज्यों का त्यों पड़ी हुई है। माइनर में पानी न आने से पशु, पक्षी, जंगली जानवर पानी पीने के लिये तरस रहे हैं। जिससे किसानों में नाराजगी का मौहाल दिखाई दे रहा है। इस मौके पर किसान अखिलेश सिंह, बब्बू सिह, धुनर सिंह, ननकू, राम पाल, शिवदत्त, पटेल, अशोक सिंह समेत तमाम किसान मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# बैनामे के रुपये मांगने पर की गई थी जिला उद्योग केंद्र के चपरासी की हत्या

## जमीन देने का आश्वासन देकर आरोपियों ने ले लिए थे 1.35 लाख रुपये

- शव को बोरे में भरकर निचली गंगनहर में फेंका था
- युवती समेत पिता-पुत्र पकड़े गए, एसपी ने किया खुलासा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जमीन खरीदने के लिए दिए गए रुपये वापस मांगने पर जिला उद्योग केंद्र के चपरासी की गला दबाकर हत्या कर दी गई और आरोपियों ने शव को बोरे में भरकर 25 किलोमीटर दूर निचली गंग नहर में फेंक दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और ऑटो रिक्शा व चपरासी का एक पेन बरामद किया है। आरोपियों ने चपरासी से 1.35 लाख रुपये लिए थे और जमीन का बैनामा करने का वादा किया था।


रामदुलारे।

शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंसरामऊ निवासी अमर सिंह उर्फ झब्बू ने जिला उद्योग केंद्र के चपरासी रामदुलारे से 1.35 लाख रुपये उधार लिए थे और उसके बदले में जमीन का बैनामा करने का वादा किया था। कई माह बाद भी अमर सिंह ने जमीन का बैनामा नहीं किया तो 9 जून को रामदुलारे तगादा करने गांव पहुंच गया। उसी दिन अमर सिंह उर्फ झब्बू, बेटे अर्जुन सिंह व शिवानी पुत्री जवाहरलाल ने गांव के बाहर ट्यूबवेल पर अंगौछे से गला कसकर उसकी हत्या कर दी और शव को अपने ही ऑटो रिक्शा में डालकर ठठिया थाना क्षेत्र के खैरनगर इलाके में निचली गंगनहर में फेंक दिया। इससे पहले जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त धनंजय सिंह ने सदर कोतवाली में रामदुलारे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 11 जून को नहर से शव बरामद किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर मामला दर्ज किया गया।

सीओ सिटी कमलेश कुमार के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा, सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी, कलां चौकी प्रभारी अजब सिंह सहित पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में एक नाबालिग आरोपी वांछित है।


घटना की जानकारी देते एसपी अमित कुमार आनंद व पीछे खड़े तीनों आरोपी।

### ढाई लाख रुपये में हुआ था जमीन का सौदा

चपरासी रामदुलारे प्रयागराज के थाना शिवकुटी क्षेत्र के अंतर्गत तेलियरगंज नयागंज का निवासी थी। परिवार प्रयागराज में ही रहता है, जबकि वह जिला उद्योग केंद्र में ही रहता था। उसने अमर सिंह से ढाई लाख रुपये में एक बीघा जमीन का सौदा किया था, जिसमें से वह 1.35 लाख रुपये दे भी चुका था। उसने पहले शर्तिया बैनामा की बात कही थी, लेकिन नहीं किया। इस पर वह रुपये वापस मांग रहा था। जब वह बंसरामऊ गांव में तरबूज खाने गया तो वहीं उसे मार डाला।

### प्रयागराज जाने की बात कहकर गया था घर से

जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त धनंजय सिंह ने बताया कि 9 जून को रामदुलारे घर से प्रयागराज जाने की बात कहकर निकला था। उसने कोई प्रार्थनापत्र नहीं दिया था। केवल फोन पर छुट्टी मांगी थी। उन्होंने दो दिन घर जाने की अनुमति दे दी। अगले दिन उसकी बेटी ने फोन कर घर पर नहीं पहुंचने की बात कही तो उन्होंने गुमशुदगी दर्ज कराई और पुलिस अधीक्षक को भी जानकारी दी थी।

### लोन कराने उद्योग केंद्र आई थी शिवानी

रामदुलारे और हत्यारोपी शिवानी की जान-पहचान जिला उद्योग केंद्र में हुई थी। शिवानी फूलों की खेती के लिए लोन कराने आई थी, लेकिन उसे किसी कारण ऋण नहीं मिल सका। इस पर उसने रामदुलारे से रुपये उधार मांगे और जमीन का शर्तिया बैनामा करने का आश्वासन दिया। उसके साथ उदैतापुर गांव की एक किशोरी भी गई थी। शिवानी ने ही उसकी जान-पहचान अमर सिंह उर्फ झब्बू से कराई थी। जमीन के लालच में रामदुलारे ने 1.35 लाख रुपये दे दिए, जो उसकी हत्या का कारण बन गए।

### पुलिस का ऑपरेशन 'दूरदृष्टि' आया काम

चपरासी का शव 11 जून को ठठिया थाना क्षेत्र के बरियारपुरवा गांव के सामने नहर में बोरे में बंद मिला था। पुलिस ने अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम कराया। कपड़ों से जब पत्नी और बेटी ने शिनाख्त की तो पुलिस ने सर्विलांस की मदद ली। कॉल डिटेल में शिवानी का नंबर ट्रेस हुआ। इस पर पुलिस ने बंसरामऊ से नहर तक के मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो उसमें वह ऑटो रिक्शा ट्रेस हो गया, जिसमें शव को ले जाया गया था। पुलिस द्वारा ऑपरेशन 'दूरदृष्टि' के तहत लगवाए गए कैमरों से एक ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश हो गया।

## पराली में लगाई आग, दूसरे के खेत की फसल हुई राख

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम कपूरपुर में एक किसान ने अपने खेत की फसल काटकर पराली में आग लगा दी, लेकिन वह आग दूसरे खेत में पहुंच गई और पक्की खड़ी मक्का की फसल जलकर खाक हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपूरपुर निवासी वसीम खान पुत्र कबीर खान ने बताया कि गांव के करीब उनका एक खेत है, जिसमें मक्का की फसल पक्की खड़ी है। उस खेत के बगल में ग्राम मदारपुर निवासी सेवक राम पुत्र डब्बू का खेत है। उन्होंने अपने खेत की मक्का की फसल काट ली और खेत मे पड़ी पराली में आग लगा दी। उस आग की चपेट में पीड़ित वसीम खान की पक्की खड़ी मक्का की फसल भी आ गई और जलकर राख हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

- नीट-यूजी में हुई धांधली की जांच सीबीआई से कराने की मांग उठाई कांग्रेस ने
- कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नीट-यूजी में हुई धांधली को लेकर कांग्रेस ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। कांग्रेस ने परीक्षा परिणामों में हुई धांधली की जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा भी मांगा है। कांग्रेसियों ने एनडीए सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप भी लगाया है।

शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि नीट का परिणाम चार जून को जारी किया गया था, जिसमें कई गड़बड़ियां उजागर हुईं। भाजपा शासित प्रदेश उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात व हरियाणा में नीट के दोषियों की गिरफ्तारियां भी की गईं, जिससे पूरी परीक्षा दोषपूर्ण है। अभिभावकों के रुपये बर्बाद हुए तो कई युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए या राज्यपाल उनसे इस्तीफा मांगें। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष उषा दुबे, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अविनाश दुबे , जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे , किसान जिला अध्यक्ष वीर सिंह यादव ,अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव सरफराज हुसैन ,जिला महासचिव रमाशंकर राठौर, अशोक कनौजिया, कमरुद्दीन खां,आशुतोष त्रिपाठी, राहुल कुशवाहा, आशीष तिवारी, विनय, वसीम आदि रहे।


डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल को ज्ञापन देते कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

# पीआरडी जवान को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बिजली घर के कार्यालय में तैनात पीआरडी जवान की ड्यूटी के बाद तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। कंपनी कमांडर ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ररुआ गांव निवासी 55 वर्षीय पीआरडी जवान फकीरे लाल पुत्र अशोक कुमार बिजली घर में अधिशाषी अभियंता के कार्यालय में तैनात थे। गुरुवार की शाम ड्यूटी पूरी करके घर विशुनगढ़ जा रहे थे। रास्ते में तबीयत बिगड़ने लगी। किसी प्रकार घर पहुंच गए। परिजन उन्हें सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें ले जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। शुक्रवार को अधिकारियों ने पहुंच कर तिरंगा ओढ़ाकर राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान आकाश कुमार कंपनी कमांडर, उमेश चंद्र, रामवीर सिंह, रामविलास सिंह, रविंद्र सिंह, विकास कुमार, फूल सिंह, दयाराम, राज किशोर, अरविंद कुमार, प्रमोद कुमार, अनुज कुमार, विजय बहादुर, आत्माराम मौजूद रहे। घटना के बाद पुत्र राजू, रामकिशोर, दीपू, गुड्डू, सुरजीत, अनुपम का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।


फकीरे लाल।

## बलात्कार के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक पीड़ित परिवार ने अपनी पुत्री के साथ हुए बलात्कार का मामला कोतवाली पुलिस में दर्ज कराया था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गुरुवार की शाम आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वही मिली जानकारी के अनुसार युवती तीन माह की गर्भवती है। ग्रामीण इस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रहे हैं।

# बिजली कटौती से भड़के सपाइयों का प्रदर्शन

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- बिजलीघर पहुंचकर जताया विरोध एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिजली घर पर कटौती को लेकर नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। एसडीओ को ज्ञापन देकर जल्द ही बिजली से संबंधित सभी समस्याओं को निस्तारण कराए जाने की मांग की है।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव के नेतृत्व में सौरिख ब्लॉक के सपा कार्यकर्ता शुक्रवार को बिजली घर पहुंचे। यहां बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। नवाब सिंह का कहना था इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में बिजली कटौती आम जनता के घाव में नमक जैसा काम कर रही है। फसलें सिंचाई के अभाव में सूख रही हैं। विभाग के खिलाफ के नारे लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया गया। बाद में एसडीओ संत कुमार वर्मा को ज्ञापन देकर मांग की गई की बिजली कटौती को तुरंत रोका जाए।

इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं में जीतू यादव, गोलू यादव ,अजीत यादव ,देवेश शर्मा ,नरेंद्र यादव, राहुल यादव, चक्रेश यादव, सोनू यादव, मनीष यादव डंपी, सुरेंद्र राठौर, सिंटू यादव आदि लोग मौजूद रहे।


बिजलीघर पर एसडीओ को ज्ञापन देते सपा नेता। अमृत विचार

# रोगों से बचाव को समय से कराएं सीवर टैंक की सफाई

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- पालिका ने शिकायत के लिए जारी किया टोल फ्री नंबर 14420

**अमृत विचार।** नागरिक सीवर सक्शन मशीन से सेप्टिक टैंक की सफाई कराकर संक्रामक रोगों से बचाव करें। पालिका के पास तीन सीवर सक्शन मशीन उपलब्ध हैं। नागरिक निर्धारित शुल्क (न्यूनतम 1500 रुपये) जमा करके अपना सेप्टिक टैंक खाली करा सकता है।

यह जानकारी शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने नगर पालिका कार्यालय में दी। बताया कि सीवर सफाई के लिए एक से अधिक चक्कर लगने पर प्रति चक्कर 500 रुपये अतिरिक्त शुल्क जमा करना होगा। बताया कि नियमानुसार प्रति तीन वर्ष में सेप्टिक टैंक को खाली कराना अनिवार्य है। समय से सेप्टिक टैंक खाली न कराने पर संक्रामक बीमारियां फैलती हैं। पालिका द्वारा पूरी सुरक्षा के साथ टैंक को खाली कर वैज्ञानिक पद्धति से मल का निपटान किया जाता है। मैनुअल क्लीनिंग दंडनीय अपराध है। कहा कि कोई भी नागरिक जोनल सफाई प्रभारी राजन बाबू के मोबाइल नंबर 8318269606 पर फोन कर सेवा प्राप्त कर सकता हैं। टोल फ्री नंबर 14420 पर भी फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जोनल सफाई प्रभारी राजन बाबू, जिलेदार सिंह उपस्थित रहे।

# कर्मियों को स्वच्छता सम्मान से किया सम्मानित

संवाददाता, गुरसहायगंज

- स्वच्छता सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** नगर पंचायत समधन की तरफ से शुक्रवार को स्वच्छ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वार्ड सदस्यों, स्वच्छ वातावरण निगरानी समिति के सदस्यों, स्वच्छ सारथी क्लब व सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया।

नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक जिलेदार सिंह ने अपने-अपने वार्ड क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व पृथक्करण, होम कम्पोस्टिंग आदि से संबंधित सराहनीय कार्य पर वार्ड सदस्य इदरीश, सरफराज, निगरानी समिति के मो. नईम, कलीम, राशिद, स्वच्छ सारथी क्लब हाफिज जमाल, सफाई मित्र दीपू, रावेद्र, करन सिंह, सफाई नायक सुनील कुमार, नरेश चंद्र को प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा फूलमाला पहनाकर उनको सम्मानित भी किया गया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कस्बा के मोहल्ला शांति नगर इस्माईलपुर बारात घर स्थित बेस्ट, टू वंडर पार्क में कर्मियों, जनप्रतिनिधियों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान सभासद इदरीश, सरफराज, विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, हनीफ अली, बकार हुसैन, आनन्द, राहुल यादव, प्रशांत, सुनील कुमार, दीपू, रावेन्द्र, करन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


सम्मान प्राप्त करने के बाद लिपिक जिलेदार सिंह के साथ मौजूद कर्मी।

# अब कक्षा दो तक ही निपुण भारत मिशन

**कन्नौज।** बीएसए उपासना रानी वर्मा ने सभी बीईओ को पत्र भेजकर कहा है कि निपुण भारत मिशन का लक्ष्य समय रहते पूरा किया जाए। बाल वाटिका यानि प्री-प्राइमरी से कक्षा तीन तक के लिए कक्षा-कक्ष, शिक्षण प्रशिक्षण, स्कूल तैयारी माड्यूल, दीक्षा व आईटी प्रणाली के प्रयोग, अधिगम आकलन, पुस्तकालय के उपयोग एवं सामुदायिक सहभागिता आदि बिंदुओं पर ध्यान दें। वर्ष 2025-26 तक कक्षा एक से तीन तक के लिए भाषा व गणित के तीन महीने के लक्ष्य का निर्धारण करें। चूंकि निपुण भारत मिशन के लिए प्री-प्राइमरी से कक्षा दो यानि आठ साल तक की उम्र तक के लिए ही डिजाइन किया गया है। इस वजह से निपुण भारत मिशन बाल वाटिका से कक्षा दो तक के लिए ही चलेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं नेशनल केंरीकुलम फ्रेमवर्क के परिप्रेक्ष्य में बालवाटिका से कक्षा दो तक गतिविधियों का समयबद्ध क्रियान्वयन होगा।

# आठ बच्चे हुए स्वस्थ, घर के लिए डिस्चार्ज

**कन्नौज।** जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र में 15 सैम यानि अतिकुपोषित बच्चे भर्ती थे। इसमें आठ बच्चों को 14 दिन बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर घर भेज दिया गया। इस दौरान बच्चों की माताओं को बर्तन, साड़ी व खिलौने उपहार में दिए गए। साथ ही जिला अस्पताल की ओर से 700-700 रुपये का भुगतान भी उनके खातों में किया गया।

प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि तीन अक्टूबर 2023 से अब तक 73 बच्चों को लाभ मिल चुका है। शुक्रवार को ब्लॉक तालग्राम क्षेत्र की अंकिता पुत्री सुमन व ओजस पुत्र रीता देवी, सौरिख की अल्सिफा पुत्री नाजरीन, नगर कन्नौज क्षेत्र के मानव पुत्र मधु, गुगरापुर की कायनात पुत्री खुशनुमा, ग्रामीण कन्नौज क्षेत्र से अंशिका पुत्री रागिनी, शहर से छुआ पुत्री रेशमा व नैती पुत्री सीमा को डिस्चार्ज किया गया।


उपहार देते प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा।

## खाटू श्यामजी के तीसरे जागरण में झूमे भक्त

**सौरिख।** खड़नी के वनखंडेश्वर मंदिर परिसर में खाटू श्याम महाराज के विशाल रात्रि जागरण में भक्त रात भर झूमते रहे। कार्यक्रम में लखनऊ, दिल्ली, जयपुर और फरीदाबाद से आए कलाकारों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रिया, प्राची ठाकुर ने सामने आजा एक बार हो, बाबा कब से निहारूं तेरी राह होगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। गुड़िया मिश्रा (लखनऊ) एवं अभिषेक शुक्ला (जयपुर) ने कब आएगा मेरा सांवरिया गीत गाकर तालियां बटोरीं।

## सार-संक्षेप

### कारागार में हैं हीट स्ट्रोक से बचने के प्रबंध: जेल अधीक्षक

**जलालाबाद।** जिला कारागार अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भीषण गर्मी और हीट स्ट्रोक से बचने के लिए कारागर में उचित प्रबंध किए गए है। बैरकों व जेल के बाहर मुलाकातियों के लिए घड़ों में ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। बंदियों को सुबह शाम ताजा पानी से स्नान कराया जा रहा है। सुबह-शाम नीबू पानी जबकि बुजुर्ग बंदियों को ग्लूकोज दिया जा रहा है। लू और गर्मी से बंदियों का बचाव करने के लिए आम पना की भी व्यवस्था है।


प्रमोद कुमार त्रिपाठी।

### 31 जुलाई को छह साल के तब भी मिलेगा प्रवेश

**कन्नौज।** परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश को लेकर उम्र में कुछ छूट मिल गई है। पहले कक्षा एक में प्रवेश के लिए आयु की गणना पहली अप्रैल को छह साल पूरी होनी थी, लेकिन नए आदेश में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए बालक की उम्र 31 जुलाई 24 को छह साल की हो जानी चाहिए। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल के आदेश का हवाला देते हुए बीएसए उपासना रानी वर्मा ने भी सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर दिया है।

### स्वीमिंग पूल में नहाने को लेकर मारपीट में तीन घायल

**गुरसहायगंज।** सदर कोतवाली कन्नौज के ग्राम अकबरपुर निवासी अवेआलम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 जून की शाम लगभग 04 .30 बजे वह अपने भाई शाहेआलम, भतीजा अरबाज के साथ पश्चिमी बाईपास स्थिम स्वीमिंग पूल में नहाने आया था। जहां नितीश, संदीप अपने लगभग 15 साथियों के साथ आए और पहले नहाने को लेकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके भाई, भतीजे को मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के गागेमऊ गांव निवासी मोनिका सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि परिजनों ने औरैया जनपद के बेला थाना क्षेत्र के कुर्मी गांव निवासी अंकित सेंगर के साथ शादी की थी। ससुराल वाले शादी के कुछ दिन बाद दहेज में दस लाख रुपये नगद व एक कार की मांग करने लगे। मांग पूरी न होता देख पति अंकित सेंगर के अलावा ससुरालियों भुवनेश्वर सिंह व गीता सिंह ने मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना कर घर से मारपीट कर निकाल दिया। पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पति सहित सात पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज।** दहेज में बाइक व पचास हजार रुपये न मिलने पर पति सहित ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। फर्रुखाबाद निवासी चांदनी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पहले ग्राम खाडेद्वेवर निवासी राजा साथ हुई थी। शादी के बाद पति राजा, जेठ सद्दाम, ललई, ननद सोनी, बिल्लो, जेठानी साजमा, मेहनाज ने दहेज में बाइक व पचास हजार रुपये की मांग करते हुए उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। विरोध करने पर 30 मई को गाली गलौज की और मारपीट कर घर से निकाल दिया।

**खेती किसानी** | मंडी में मक्का की आवक बढ़ी, आढ़ती व किसान खुश, जाम से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने संभाला मोर्चा

# 10 दिन में 50 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए मक्का के भाव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मंडी में मक्का की आवक अधिक होने से आढ़ती जहां खुश हैं वहीं भाव सामान्य होने से किसान भी खुश नजर आ रहे हैं। मंडी में बिक्री के लिये मक्का आधिक आने से जाम लग रहा है। इससे निपटने के लिये यातायात पुलिस पूरी तरह से तैयार रही। यातायात प्रभारी व निरीक्षकों ने मंडी के निकट डेरा डाल दिया है।

मंडी में मक्का की आवक अधिक हो रही है। इससे आढ़ती खुश हैं। नियमित चार से पांच ट्रक मक्का की खरीद करने के बाद बड़े व्यापारी को भेज रहे हैं। भाव बीते वर्ष से अधिक होने से किसान भी खुश है। मक्का का भाव बीते वर्ष 1400 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल रहा तो इस वर्ष शुरुआती समय में 2150 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिकी। अब भले ही भाव 50 रुपये गिर कर 2100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद हो रही है, लेकिन फिर भी सभी दाम मिल रहे हैं। भाव और न गिर जाये इसीलिये किसान पूरी तरह से मक्का को सुखा कर मंडी ला रहे हैं। एक साथ सैकड़ों मक्का लदे ट्रैक्टर पहुंच रहे हैं। मक्का की आवक अधिक होने से मंडी सचिव समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी इस लिये खुश हैं कि जहां बीते वर्ष मक्का से मंडी की आय 50 लाख रुपये हुई थी तो इस वर्ष इससे भी अधिक होने की संभावना है। उधर, मंडी के बाहर मक्का लदे वाहनों से जीटी रोड पर जाम न लगे इस को लेकर यातायात प्रभारी आफाक खां दो अन्य यातायात निरीक्षकों के साथ शुक्रवार को पूरे दिन डटे रहे। यातायात प्रभारी का कहना था कि दो दिन से जीटी रोड पर जाम लग रहा था। इसी को देखते हुए वह खुद टीम के साथ लग गये हैं।



मंडी में खड़े मक्का लदे ट्रैक्टर व अन्य वाहन। अमृत विचार

### हाइब्रिड मक्का बीज 90 प्रतिशत अनुदान पर मिलेगा

**तिर्वा, कन्नौज।** बरसात के मौसम में किसानो को मक्का की खेती पर बढ़ावा देने के लिए सरकार 90 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध करा रही है। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि बरसात में फसल करने के लिए केंद्र पर मक्का का हाईब्रिड बीज आ चुका है। यह बीज किसानो को 90 प्रतिशत अनुदान पर मिलेगा। किसानों को 360 रुपया प्रति किलो के दाम पर हाईब्रिड बीज मिलेगा। अनुदान का रुपया किसानो के खाते में जाएगा। एक किसान को आठ से बीस किलो तक मक्का का बीज दिया जाएगा। बताया कि किसानों को तिल के बीज निशुल्क दिए जाएंगे। एक किसान को दो किलो तक बीज दिया जाएगा। दो किलो बीज करीब दस बीघा खेत मे बोया जा सकता है।


राजकीय कृषि बीज भंडार। अमृत विचार

## एक नजर

### बारिश से पहले दुरुस्त करें औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कें

अमृत विचार, लखनऊ: औद्योगिक क्षेत्रों में बारिश से पहले सड़कों की मरम्मत व पैचवर्क करा लिए जाए। सीवेज की सफाई का कार्य प्राथमिकता से कराएं। उद्यमियों को किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए। यह निर्देश मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार को आयुक्त सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए। मंडलायुक्त को उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र अमौसी, सरोजनी नगर व बंथरा की इकाइयों में बारिश से जलभराव की समस्या बताई। इस पर मंडलायुक्त ने एनएचएआई, अपर जिलाधिकारी भूमि अधिग्रहण एवं उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर को अतिक्रमण/परिसम्पत्तियों को हटाने को कहा।

### प्रो. सुरेश बने केजीएमयू के नए चिकित्सा अधीक्षक

अमृत विचार, लखनऊ: केजीएमयू में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर सुरेश कुमार को नया चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें 15 जुलाई 2024 तक के लिए दी गई है। यह आदेश शुक्रवार को कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने निर्वतमान चिकित्सा अधीक्षक डॉ.डी हिमांशु ग्रीष्म अवकाश पर जाने के बाद लिया है। मालूम हो कि डॉ.सुरेश कुमार, इसके पहले भी ट्रामा सेंटर के इंचार्ज के व चिकित्सा अधीक्षक पद पर रह चुके है।

### प्रमुख मुख्य अभियंता ने कार्यों की जांच की

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर रेलवे के दिल्ली स्थित मुख्यालय बडौदा हाउस के प्रमुख मुख्य अभियंता विजय प्रताप सिंह शुक्रवार को राजधानी पहुंचे। यहां पर उन्होंने हजरतगंज स्थित डीआरएम कार्यालय में डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा और अन्य अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में चारबाग स्टेशन के अपग्रेडेशन की जानकारी हासिल की। साथ ही चारबाग स्टेशन की सेकेंड एंट्री पर चल रहे कामों को परखा। उन्होंने स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जा रहे स्टेशनों की जानकारी भी प्रमुख मुख्य अभियंता ने ली।

# स्वस्थ जीवन के लिए योग को बनाएं नियमित हिस्सा: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


राजभवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में योग करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

▸▸ राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने राजभवन में किया योगाभ्यास

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वस्थ व दीर्घ जीवन के लिए लोग योग को नियमित अभ्यास का हिस्सा बनाएं। 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास के दौरान लोगों से यह अपील की। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी योगाभ्यास में हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग मानवता के अनुकूल है, जो देश, समाज, काल परिस्थितियों से बाधित होकर भी संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है। इस कार्य के साथ अगर हम जुड़ते हैं और संपूर्ण मानवता को जोड़ते हैं तो यह पूर्वजों और विरासत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा कही जाती है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई और फिर राजभवन गीत का भी प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को तुलसी का पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित योग साधकों व प्रशिक्षकों सामूहिक योगाभ्यास किया।

**योग एक संपूर्ण विद्या**

मुख्यंत्री ने कहा कि योग एक संपूर्ण विद्या है जो हमें शारीरिक व मानसिक रूप से एकजुट करता है। भारत की ऋषि परंपरा को देखें तो उन लोगों के पास कितनी दूरदर्शिता थी, किस तरह उन्होंने समाज को जोड़ा, धर्म को योग के साथ जोड़ने का एक अभिनव प्रयास इस रूप में हुआ। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# अयोध्या और प्रयाग में बनेगा अतिविशिष्ट राज्य अतिथि गृह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के अनुरूप बनेंगे नए अतिथि गृह

**अमृत विचार:** अयोध्या और प्रयाग में राज्य सरकार अतिथि गृहों के निर्माण कराने जा रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों अतिथि गृहों के निर्माण स्थल, ले-आउट, सुविधाओं और साज-सज्जा आदि का प्रस्तुतिकरण देखा।

अपने सरकारी आवास पर राज्य संपत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, सहित देश-दुनिया से अनेक विशिष्ट-अतिविशिष्ट अतिथियों का आगमन हो रहा है।

इनके प्रवास के लिए सुरक्षा व सुविधा के उत्कृष्ट मानकों के साथ गेस्ट हाउस की आवश्यकता है। इसी प्रकार प्रयागराज में गणमान्य जनों के बेहतर आतिथ्य के लिए एक सर्वसुविधायुक्त अतिथि गृह बनाया जाना आवश्यक है। इसके लिए प्रक्रिया यथाशीघ्र शुरु कर दी जाए।

# मौसम में सुधार के बाद भी ठप हो रहीं बिजली इकाइयां

## मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप, मांग घटकर 27 हजार पर पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बीते दिनों की तुलना में करीब दो हजार मेगावाट बिजली मांग में आई गिरावट

**अमृत विचार:** तापमान घटते ही प्रदेश में बिजली की मांग में कमी शुरू हो गई है। बीते दिनों की तुलना में करीब दो हजार मेगावाट की गिरावट है। अधिकतम मांग घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। इसके बाद भी उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला जारी है। मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप हो गईं, इससे बिजली संकट गहरा गया।

शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 27,813 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 18,067 मेगावाट रही। भीषण गर्मी के कारण इस माह बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई थी। 13 जून को सबसे ज्यादा अधिकतम मांग 30,618 मेगावाट रिकार्ड हुई थी।

**बिजली मांग की स्थिति**

| | |
|---|---|
| 12 जून | 30,240 मेगावाट |
| 13 जून | 30618 मेगावाट |
| 14 जून | 30,336 मेगावाट |
| 15 जून | 29,946 मेगावाट |
| 16 जून | 30,163 मेगावाट |
| 17 जून | 29,717 मेगावाट |
| 18 जून | 29,585 मेगावाट |
| 19 जून | 29,448 मेगावाट |

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा की 660 मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं हैं। इन इकाइयों के अगले तीन-चार दिनों में चालू होने की संभावना है, जबकि पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट की इकाई के 22 जून को चालू होने की संभावना जताई जा रही है। तीन इकाइयों के बंद होने से बिजली उत्पादन घट गया है। इससे बिजली संकट की स्थिति बनी हुई है, हालांकि, एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली लेकर स्थिति काबू में की गई है।

पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने के लिए प्रभावी उपाय किये गये हैं। स्थानीय खराबी के कारण बाधित बिजली आपूर्ति को कम समय में बहाल करने के लिए प्रयास जारी हैं।

## बिना लिखित आश्वासन के खत्म नहीं होगा धरना

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के बाहर मृतक आश्रितों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। वर्ष 2018 से मृतक आश्रितों की भर्ती की उम्मीद लिए तमाम लोग मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते रहे और निगम के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शन करने वालों के अनुसार बीते चार दिनों से धरना प्रदर्शन में कोई भी अधिकारी अब आश्वासन तक देने नहीं आया। बिना लिखित आश्वासन के धरना प्रदर्शन स्थगित भी नहीं होगा। प्रदेश भर में ऐसे मृतक आश्रितों की संख्या 1000 से ज्यादा है।

परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह ने बताया कि निगम मुख्यालय के अधिकारी भी मृतक आश्रितों की भर्ती करने के पक्ष में हैं। लेकिन इसके लिए निगम का फायदे में होना जरूरी है। ऐसे में प्रदर्शन करने वालों को डेढ़ महीनें इंतजार करना होगा। इस बीच कोर्ट जाने वाले मृतक आश्रितों को कोई राहत नहीं मिलेगी, क्योंकि शासन की ओर से वर्ष 2004 में जारी अधिसूचना के मुताबिक निगम हो या सार्वजनिक उपक्रम, जब तक फायदे में नहीं होंगे, अनुकंपा पर भर्ती नहीं की जा सकती है।

# जीवंत अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में विकसित होगी पीतल नगरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ मुरादाबाद को अगले सात साल में विकसित करने के लिए खींचा गया खाका

▸▸ पीतल की कारीगरी करने वालों के लिए महायोजना 2031 में विशेष प्रबंध

**अमृत विचार:** राज्य सरकार पीतल नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद के लिए महायोजना 2031 लेकर आई है। इसके अंतर्गत जहां एक तरफ शहर का विस्तार और विकास सुनिश्चित किया जाना है, वहीं इसकी पहचान और ओडीओपी में शामिल पीतल हैंडीक्राफ्ट के निर्माण और निर्यात उद्योग को भी बढ़ाने का काम किया जाएगा।

उद्देश्य है कि मुरादाबाद को जीवंत अर्थव्यवस्था (वाइब्रेंट इकोनॉमिक) केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। हाल ही में मुख्यमंत्री के सामने अधिकारियों ने मुरादाबाद महायोजना 2031 को प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत रिपोर्ट में मुरादाबाद में हस्तशिल्प ग्राम, मेगा एमएसएमई क्लस्टर, इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक पार्क, नॉलेज सिटी व मेडीसिटी के साथ ही 55 एकड़ में उप्र. राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण की बात भी कही गई है।

इसके अलावा औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए कौशल विकास केंद्र, निर्यातकों व निवेशकों की सुविधा के लिए ऑडिटोरियम और कन्वेंशन सेंटर, 1200 हेक्टेयर में मेगा टाउनशिप ''शिवालिक'' और 130 हेक्टेयर में औद्योगि व मिश्रत और 50 हेक्टेयर में आवासीय आत्याधुनिक टाउनशिप का भी प्रस्ताव है।

## शिक्षक भर्ती: तीन दिनों में आवंटित होंगे स्कूल

**अमृत विचार, लखनऊ:** बेसिक शिक्षा परिषद में 12,460 सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत बचे हुए अभ्यर्थियों को तीन दिनों में विद्यालय आवटिंत कर दिए जायेंगे। इस संबंध में परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है।

इन सभी अभ्यर्थियों को 2023 दिसंबर से लेकर 2024 जनवरी के बीच नियुक्त पत्र पहले दिया जा चुका है। लेकन मामला कोर्ट में जाने के बाद से विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया अटकी हुई थी। लेकिन अब 27 जून से 29 जून के बीच सभी शिक्षकों को विद्यालय भेज दिया जायेगा। इस संबंध में सचिव परिषद सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है वहां तैनाती की जायेगी। सचिव ने बताया कि जिस तरह से शिक्षकों को विद्यालय आवंटित होने है उसकी गाइडलाइन भी बेसिक शिक्षा अधिकारियों के लिए जारी की गई है। गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य किया जाएगा।

# विद्यालयों में पहुंचेगी गुणवत्तापूर्ण खेल किट

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

▸▸ शैक्षिक सत्र 2024-25 मे खरीदारी के लिए प्रमुख सचिव बेसिक ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार:** प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों के शैक्षिक सत्र 2024-25 में खेलकूद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। हर विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण खेल किट खरीदारी प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम ने आदेश दिया है। समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना व बजट वर्ष 2024- 25 में प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रति प्राथमिक विद्यालय के लिए 5,000 और उच्च प्राथमिक विद्यालय 10,000 रुपये की दर से खेलकूद सामग्री की खरीदारी के लिए राशि जारी की गई है। इसके साथ ही संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संशोधित दिशा-निर्देश खेलें भी और खिले भी जारी किया किया गया है।

**विद्यालय स्तर पर गठित होगी समिति:** खेल किट खरीदारी करने के लिए विद्यालय स्तर की क्रय समिति गठित की जायेगी। जिसमें स्पोर्टस अनुदान वर्ष 2024-25 का उपभोग पिछले वर्ष की तरह केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी स्पोर्ट्स गाइडलाइन के तहत किया जायेगा।

> नये शैक्षिक सत्र में सभी विद्यालयों में समय से खेल किट की खरीदारी करानी होगी, इसके लिए आदेश जारी कर दिए गये हैं। किट गुणवत्तापूर्ण रहे इसका विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है।
>
> -डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा

**पारंपरिक खेलों को करेंगे प्रोत्साहित:** विद्यालय स्तरीय खेलकूद समिति की ओर से खेलकूद अनुदान वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत क्रय की जाने वाली खेल सामग्री की पहचान एवं क्रय सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले पारंपरिक खेलों व समूह में (टीम के रूप में) खेले जाने वाले खेल खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबाल, हैंडबॉल को भी प्रोत्साहित किया जायेगा।

## पांच माह में 25 हजार किलो मादक पदार्थ बरामद

अमृत विचार, लखनऊः प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और खरीद को लेकर सरकार दवारा जबरदस्त कार्रवाई की गई है। 2024 की ही बात करें तो मई माह तक 24,529 किलो से ज्यादा मादक पदार्थ की बरामदगी की गई। वहीं केवल एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) द्वारा की गई कार्रवाई में 70 करोड़ से ज्यादा कीमत का 7317 किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया।

मई 2024 तक अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और खरीद को लेकर कुल 3,657 अभियोग दर्ज किए गए हैं। वहीं 4548 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। कुल 18,945.66 किग्रा गांजा, 5,151.81 किलो डोडा, 250.39 किलो अफीम, 412.93 किलो चरस, 97.94 किलो हेरोइन एवं स्मैक और 8.83 किलो मारफीन बरामद की गई है। 2023 में 61,685.14 किग्रा, 2022 में 56,453.57 किग्रा और 2021 में 53,074.83 किग्रा मादक पदार्थ बरामद किया गया था। एडीजी क्राइम एसके भगत के मुताबिक एएनटीएफ द्वारा इस साल अब तक कुल 63 अभियोग दर्ज किए गए हैं, जबकि 131 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

# नई बिजली दरों को लेकर नियामक आयोग जुलाई में करेगा जनसुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 8 जुलाई को कानपुर में होगी पहली बैठक

▸▸ 11 जुलाई को राजधानी में होगी सुनवाई

**अमृत विचार:** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर जुलाई में जनसुनवाई होगी। आयोग बैठक कर बिजली उपभोक्ताओं का पक्ष सुनेगा। आयोग ने सुनवाई के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। आठ जुलाई को कानपुर में पहली सुनवाई होगी।

बिजली कंपनियों की ओर से वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2024-25 व ट्रू-अप याचिका संबंधी आंकड़ समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए जा चुके हैं। घोषित कार्यक्रम के अनुसार अब आयोग वितरण निगमों के साथ अलग-अलग तारीखों में आठ जुलाई से 20 जुलाई के बीच सुनवाई करेगा। आठ जुलाई को केस्को कानपुर, 10 जुलाई को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के साथ सुनवाई होगी। 11 जुलाई को मध्यांचल निगम के साथ राजधानी में आयोग सभागार में सुनवाई होगी। 16 जुलाई को पूर्वांचल निगम के साथ वाराणसी में, 18 जुलाई को दक्षिणांचल निगम के साथ, 19 जुलाई को नोएडा पावर कंपनी ग्रेटर नोएडा में व 20 जुलाई को पश्चिमाचल निगम के साथ मेरठ में सुनवाई होगी। मालूम हो कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत बिजली कंपनियों की ओर से आयोग में जवाब दाखिल किया गया था, जिसमें कंपनियों ने आयोग से स्वतः दरें निर्धारित करने की मांग की थी। आयोग के निर्देश के बाद भी कंपनियों ने उपभोक्ता श्रेणीवार दरों का प्रस्ताव नहीं दिया था।

**बिजली दरें कम कराने की तैयारी में उपभोक्ता परिषद**

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों को कम कराने की तैयारी शुरू कर दी है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के 33,122 करोड़ सरप्लस निकल रहे हैं। सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं का पक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियां दरें बढ़ाने की कोशिश में हैं, पर ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।


## वर्ग पहेली-108

**बाएं से दाएं**

1.1. पतन या ह्रास का समय 2. बुढ़ापा 3. पतझड़ की ऋतु।
4. अनेक दिशाओं में जाने वाला।
6. जिसे प्राप्त करना कठिन हो, दुष्प्राप्य, दुर्लभ।
8.1. उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य में होली के दिनों में मस्ती और उन्मुक्तता से गाए जाने वाले भदेस गीत और नाच-गान। इन सारे नाच-गानों के बीच-बीच में टेक की तरह 'जोगीड़ा सारा.. रारा.. रारा.. रारा.. रारा... रा रा' आता है 2. वसंत ऋतु में गाया जाने वाला चलता गाना 3. जोगीड़ा गाने वालों का दल या समाज।

**ऊपर से नीचे**

1. सफ़ेद बालों को काला करने की दवा या रसायन लेप, केशकल्प।
2. अश्लील, फूहड़, फ़ोश।
3.1. गंगा की प्राप्ति 2. मृत्यु 3. गंगातट पर दाह संस्कार का होना।
5.1. अंश या हिस्सा पाने वाला 2. साझेदार, (शेयरहोल्डर)।
6. दूना, दोगुना।
7. समधी के पिता।




**वर्ग पहेली -107 का हल**




## सुडोकू-21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 8 | 3 | | |
| | 1 | | | | | 4 | 8 | |
| 5 | | 4 | 9 | | | 2 | | 7 |
| | 6 | | 5 | | | 7 | | |
| 7 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | 3 | | 1 | |
| 4 | | 8 | | | 2 | 1 | | 6 |
| | 7 | 6 | | | | | 3 | |
| | | 2 | 7 | | | | 5 | |

**सुडोकू - 20 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 4 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 5 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 | 7 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 22 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा-06.37 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 23 जून 05.12 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**आज का पंचांग**





दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 17.54 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।


मेष
आज प्रेमी जन पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। बाहर का भोजन करने से बचें वरना स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती है। अपने गुरुजनों से विवाद न करें। किसी आवश्यक काम को लेकर आपको धन उधार लेना पड़ सकता है।


वृष
आज आपको काफी विचारवान होने की आवश्यकता है। घर के सभी सदस्यों से मिलजुल कर रहें। व्यवसाय को लेकर आपके मन में चिंता हो सकती है। खर्च बढ़ने के कारण आप आवश्यक कार्यों पर कम ध्यान दे सकते हैं।


मिथुन
आज आपका मनोबल बढ़ेगा। जीवनसाथी की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। घर के रखरखाव आदि में आप काफी ध्यान देंगे। पुराने लोन को चुकता कर सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए समय काफी अच्छा है।


कर्क
आज ऑनलाइन कारोबार करने वाले लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव की भावना रहेगी। घर के जरूरी कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपकी क्षमताओं की लोग प्रशंसा करेंगे।


सिंह
आज किसी प्रिय मित्र से वैचारिक मनमुटाव हो सकता है। व्यर्थ के लड़ाई-झगड़ों में आपको पड़ने से बचना चाहिए। लोग आपकी भावनाओं का अनादर कर सकते हैं। नई योजनाओं का क्रियान्वयन कर सकते हैं।


कन्या
आज विरोधियों से आपकी सीधी टक्कर हो सकती है। भविष्य के प्रति निश्चिंत हो सकते हैं। आपको शांत होकर विचार करना चाहिए। व्यापार में आपको कठिन परिश्रम के बाद ही धन लाभ होगा। कारोबार में आपके संबंधों में सुधार आएगा।


तुला
आज आप किसी कठिन डील को अपने पक्ष में ला सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। नई संपत्ति लेने का सोच सकते हैं। आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर बनाकर रखें।


वृश्चिक
आज अति उत्साह में आपके काम बिगड़ सकते हैं। घर में लोगों के साथ अनबन हो सकती है। आपको शांत होकर अपना काम करना चाहिए। थोक व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सामाजिक कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा।


धनु
आज सहकर्मियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आप व्यापार में लाभ बढ़ाने के तरीकों पर काम करेंगे। व्यापार में धन लाभ होने से आपके ऊपर से आर्थिक दबाव कम होगा। वैवाहिक संबंध मधुर व मजबूत रहेंगे। उच्च शिक्षा में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है।


मकर
आज कारोबार में तकनीकी मामलों के कारण कुछ अड़चनें आ सकती हैं। यात्राओं को टालना फिलहाल आपके लिए हितकर होगा। वैवाहिक जीवन थोड़ा कमजोर रहेगा। क्रोध और तनाव से आपको बचना चाहिए। किसी से भी अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।


कुंभ
आज टेक्सटाइल के कारोबार से जुड़े लोगों का व्यापार बढ़ेगा। बौद्धिक लोगों की संगत में रहना उत्तम होगा। उधार में दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपके घर कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। आप उनसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च शिक्षा के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।


मीन
आज शाम के समय किसी उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामले सुलझने की संभावना बन रही है। आप लोगों को अपने पक्ष में ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भावना का विकास होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा
सुबह: 09.32
परदेसी बाबू
रात: 07.00

&pictures
राधे
सुबह: 11.03
जिंदगी न मिलेगी दोबारा
रात: 08.00

SONY PIX
ग्रैन टूरिस्मो
सुबह: 09.42
जॉन विक 3
रात: 08.58

ZEE CINEMA
हम साथ साथ हैं
दोपहर: 01.48
सूर्यवंशी
रात: 08.00

colors CINEPLEX
दिल
सुबह: 10.24
अंधाधुन
रात: 09.00

**आज की सुपरहिट फिल्म**


जी सिनेमा पर रात: 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मैं मर गया तो तुम दूसरी शादी करोगी?
पत्नी- नहीं मैं अपनी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगी।
पत्नी- अगर मैं मर गई तो तुम दूसरी शादी करोगे?
पति- मैं भी तुम्हारी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगा।
पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से लाल हो गई और बीवी का चेहरा देखकर पति डर के मारे पीला पड़ गया।

लेडी टीचर- लोफर और ऑफर में क्या फर्क है।
स्टूडेंट-बहुत आसान है मैम
आई लव यू अगर लड़का कहे तो लोफर लड़की कहे तो ऑफर
स्टूडेंट की बात सुन टीचर हैरान...

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 910 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| गेहूं दड़ा | 2400-2450 |
| आर.आर.21 | 2550-2600 |
| गेहूं फारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7800-8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16700-16800 |
| अरहरस्पेशल | 14200-14300 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4750-4850 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7450-7500 |
| उड़ददाल | 9000- 13300 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूंगदाल | 8100-9700 |
| मूंग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती न01. | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती न02. | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1460 |
| मैदा | 1380-1435 |
| सूजी | 1440-1460 |
| शाहपसंद | 1360-1400 |

# अर्थशास्त्रियों, एमएसएमई व कृषि संगठनों संग बजट को लेकर चर्चा

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2024-25 की तैयारियों को लेकर की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर कृषि संगठनों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ ही सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के साथ भी बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि अलग अलग हुई बैठकों की अध्यक्षता वित्त मंत्री ने की। इन बैठकों में कृषि संगठनों और इस क्षेत्र के अर्थशास्त्रियों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। इसी तरह से एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। यह बजट पूर्व चौथी और पांचवी बैठक थी। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज



● **वित्त राज्य मंत्री सचिव, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारी बैठक में हुए शामिल**

चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए।

एमएसएमई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में इनके साथ ही एमएसएमई मंत्रालय और डीपीआईआईटी के अधिकारियों ने भी भाग लिया। आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से श्रीमती सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। नव निर्वाचित 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा जिसमें शुरू में लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी और उसके बाद लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, स्पीकर के चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा होगी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है।

## 1.5 करोड़ तक के कारोबार वाली कंपनियों के लिए छूट बढ़ाएं : जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया।

● **जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का दिया सुझाव**

जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने की 7वीं वर्षगांठ के अवसर पर यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है। जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ तक पहुंच गया। वैश्विक व्यापार अनुसंधान निकाय ने कहा कि राज्य के भीतर आपूर्ति की अधिकता से पता चलता है कि अंतर-राज्यीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी नियमों को सरल बनाने की जरूरत है। जीटीआरआई ने 1.5 करोड़ रुपये तक के सालाना कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट की सीमा को मौजूदा 40 लाख रुपये से बढ़ाने का भी सुझाव दिया।

# चुनाव के बाद 39.67 लाख करोड़ बढ़ा बाजार पूंजीकरण

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के बाद 5 जून से 21 जून के बीच देश में 39.67 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। इसे शेयर बाजार में मोदी सरकार 3.0 को सलामी के बाद बजट पूर्व रैली का संकेत माना जा रहा है। चुनाव होने के कारण केंद्र सरकार ने फरवरी माह में अंतरिम बजट पेश किया था। अब चुनावी परिणाम के बाद नई सरकार वित्त वर्ष के शेष बचे महीनों के लिए जुलाई में बजट पेश करेगी। मोदी सरकार में निर्मला सीतारमण पहली वित्त मंत्री होंगी जो अंतरिम के बाद पूर्ण बजट भी पेश करेंगी। आंकड़े इशारा कर रहे हैं कि बाजार में बजट पूर्व रैली की शुरुआत हो चुकी है। 12 से 21 जून के बीच सात कारोबारी सत्रों में निफ्टी ने 6 दिन नया हाई रिकॉर्ड बनाया है।

2014 में तत्कालीन वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने अंतरिम बजट पेश किया था लेकिन चुनाव के बाद सरकार बदलने से जुलाई में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने मोदी सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश किया था। साल 2019 में अंतरिम बजट वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने पेश किया था। अरुण जेटली के निधन के बाद पीयूष गोयल को वित्त मंत्रालय का प्रभार मिला था। लेकिन नई सरकार में निर्मला सीतारमण ने वित्त मंत्री बनने पर पूर्ण बजट देश के सामने रखा था। 10 वर्षों में यह पहली बार होगा कि अंतरिम बजट पेश करने वाले वित्त मंत्री ही पूर्ण बजट भी पेश करेंगे। इससे सरकार की पुरानी नीतियां जारी रहने की उम्मीद हैं, जो शेयर बाजार को भी पसंद हैं।

### गिरावट का इतिहास पर डरने की नहीं बात



आर्थिक सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार अंतरिम बजट वाले दिन 1 फरवरी 2024 को शेयर बाजार में मामूली गिरावट हुई थी। सेंसेक्स 106.81 अंक यानि 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 71,645.30 और निफ़्टी 28.25 अंक यानि 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 21,697.45 पर बंद हुआ था। वर्ष 2014 और 2019 में नई सरकार के गठन के बाद पेश होने वाले बजट के दिन बाजार नेगेटिव में बंद हुआ था। लेकिन इसका मतलब यह बिलकुल नहीं निकाला जा सकता है कि जुलाई में पेश होने बजट के दिन भी बाजार गिरावट के साथ बंद होगा।

### 7 बार बजट वाले दिन बाजार गिरा, 5 मौकों पर चढ़ा

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में 2 अंतरिम बजट सहित कुल 12 बार बजट पेश हुए हैं। इन 12 में 7 मौकों पर शेयर बाजार बजट के दिन गिरा है, जबकि 5 बार चढ़ा है।

### कैपिटल एक्सपेंडिचर पर जारी रहेगा फोकस

शेयर बाजार से संबंधित टैक्स दरों में अंतरिम बजट में कोई बदलाव नहीं हुआ था। साथ ही अब तक के उच्चतम कैपिटल एक्सपेंडिचर 11.11 लाख करोड़ का ऐलान हुआ था। इसका मतलब यह है कि सरकार अगर 1 रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर करती है तो जीडीपी 6 से 8 रुपये तक बढ़ता है। इसके बाद सरकारी कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गयी थी। सरकार कैपिटल एक्सपेंडिचर का बजट और बढ़ा सकती है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55600-55800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,850 |
| सोना रवा | 72,700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 91,100 |
| चांदी (999) | 91,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71800 |
| सिल्वर (पक्की) | 900 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,250 |
| चांदी आभूषण | 91,000 |

# कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मई में क्रमशः 7% एवं 7.02% पर लगभग स्थिर रही। अप्रैल में ये दोनों 7.03% और 6.96% रही थीं। श्रम मंत्रालय ने कहा कि मई 2023 में ये आंकड़े सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक) के लिए 5.99% और सीपीआई-आरएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण कामगार) के लिए 5.84% थे।

कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कम होकर 7% रही। एक माह पहले अप्रैल में यह 7.03 प्रतिशत थी।



● **श्रम मंत्रालय के अनुसार सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई में कम होकर 7% रही**

वहीं, ग्रामीण कामगारों के मामले में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कुछ बढ़कर 7.02% रही। यह अप्रैल, 2024 में 6.96% थी। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मई में छह-छह अंक बढ़कर क्रमशः 1,269 1,281 के स्तर पर रहा। अप्रैल, 2024 में कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई 1,263 अंक जबकि ग्रामीण कामगार के लिए 1,275 अंक था। श्रम मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक बढ़ाने वाले मुख्य वस्तुओं में सब्जियां, दाल, गेहूं (आटा), प्याज, दूध, हल्दी, अदरक, ताजा मछली, ज्वार, पान का पत्ता, दवाएं, साड़ी, चमड़े की चप्पल आदि हैं। राज्यों के मुद्रास्फीति में विविधतापूर्ण रुझान देखा गया। बिहार में सीपीआई कृषि श्रमिक और ग्रामीण कामगार, दोनों में गिरावट देखी गई। जम्मू-कश्मीर में कृषि श्रमिकों का सूचकांक स्थिर रहा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही। भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## राष्ट्रीय

# हाईकोर्ट ने पूछा- पोर्श मामले में क्यों बदला आदेश

### बम्बई उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी, जमानत के बाद हिरासत में रखना क्या कैद के समान नहीं है

**मुंबई, एजेंसी**

बम्बई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूछा कि पुणे पोर्श कार हादसा मामले में नाबालिग आरोपी को पहले जमानत देना और फिर उसे हिरासत में ले लेना तथा सुधार गृह में रखना क्या कैद के समान नहीं है? न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी।

अदालत ने कहा, दो लोगों की जान गई। यह दर्दनाक हादसा तो था ही, लेकिन किशोर भी मानसिक अभिघात में था। खंडपीठ ने पुलिस से यह भी पूछा कि कानून के किस प्रावधान के तहत पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत देने के आदेश में



संशोधन किया गया और उसे कैद में किस आधार पर रखा गया।

19 मई की सुबह किशोर कथित तौर पर नशे में तेज रफ्तार में पोर्श कार चला रहा था और उसने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पुणे के कल्याणी नगर में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों- अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मौत हो गई। सत्रह-वर्षीय किशोर को उसी दिन किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा जमानत दे दी गई। बोर्ड ने किशोर से सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा तथा आदेश दिया कि किशोर को उसके माता-पिता और दादा की देखभाल एवं निगरानी में रखा जाए। त्वरित जमानत दिये जाने पर देश भर में हंगामे के बीच, पुलिस ने जेजेबी से जमानत आदेश में संशोधन की अपील की। बोर्ड ने 22 मई को किशोर को हिरासत में लेने का आदेश दिया और उसे एक सुधार गृह में भेज दिया। किशोर की बुआ ने पिछले सप्ताह एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया कि उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा गया है। उन्होंने किशोर की तत्काल रिहाई की मांग की। पीठ ने शुक्रवार को याचिका पर दलीलें सुनते हुए कहा कि पुलिस ने जेजेबी द्वारा पारित जमानत आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में आज तक कोई आवेदन दायर नहीं किया है। अदालत ने कहा कि इसके बजाय जेजेबी के जमानत आदेश में संशोधन के अनुरोध के साथ आवेदन दायर किया गया था। खंडपीठ ने कहा कि संबंधित याचिका के आधार पर जमानत आदेश में संशोधन किया गया और किशोर को सुधार गृह भेज दिया गया।

### खंडपीठ ने कहा- यह किस प्रकार की रिमांड है



खंडपीठ ने कहा कि यह किस प्रकार की रिमांड है? रिमांड की शक्ति क्या है? यह किस तरह की प्रक्रिया है, जहां किसी व्यक्ति को जमानत दी गई है और फिर उसे हिरासत में लेकर सुधार गृह भेजने का आदेश दिया जाता है। पीठ ने कहा कि नाबालिग को उसके परिवार के सदस्यों की देखभाल और निगरानी से दूर ले जाया गया और एक सुधार गृह भेज दिया गया। अदालत ने सवाल किया कि पुलिस ने जमानत रद करने के लिए अर्जी क्यों नहीं दी। इसने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया और कहा कि यह मंगलवार 25 जूनको पारित किया जाएगा। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने कहा कि बोर्ड द्वारा पारित रिमांड आदेश पूरी तरह वैध थे और इसलिए किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं थी।

# कांग्रेस का नीट पेपर लीक को लेकर भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

**नीट विवाद**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी), 2024 की परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय के निकट विरोध प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने किया।

यादव ने कहा कि पार्टी युवाओं के हित के लिए शांतिपूर्वक विरोध कर रही है और तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक कि नीट-स्नातक परीक्षा में बैठने वाले लाखों छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता। यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि छात्रों को न्याय मिले। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की राज्य इकाई के कार्यालय में एकत्र हुए और भाजपा मुख्यालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और विभिन्न थानों मे ले जाया गया। बाद में इन्हें रिहा कर दिया गया।

### भाजपा के राज में पेपर लीक राष्ट्रीय समस्या बन गया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में पेपर लीक होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है और सत्तारूढ़ पार्टी का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश में 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है। भाजपा की सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि करोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत से पढ़ाई करते हैं, अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, माता-पिता, तन-पेट काटकर पढ़ाई का बोझ उठाते हैं। बच्चे सालों तक रिक्तियां आने का इंतजार करते हैं। भर्ती आती है तो फॉर्म भरने का खर्चा, परीक्षा देने जाने का खर्चा, और अंत में सारा प्रयत्न भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है।

## एक नजर

### टीएमसी विधायक को सीबीआई का समन

**कोलकाता।** सीबीआई ने टीएमसी विधायक तापस साहा को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में शुक्रवार को पेश होने के लिए समन जारी किया। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने कथित भर्ती घोटाले के संबंध में तेहट्टा से विधायक साहा को समन जारी किया। उन्होंने कहा कि हमने तपस साहा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया है। साहा ने कहा कि वह सीबीआई के समक्ष पेश होंगे।

### तीन घटनाओं में 1.67 करोड़ का सोना जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में हवाई अड्डे पर तीन मामलों में 1.67 करोड़ रुपये मूल्य का ढाई किलो से अधिक सोना जब्त किया गया है। चेन्नई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि खुफिया इकाई ने 17 एवं 18 जून को मलेशिया तथा अबू धाबी से आए यात्रियों से क्रमशः 710 ग्राम, 1,056 ग्राम और 900 ग्राम सोना बरामद किया। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और तीनों मामलों की जांच जारी है।

# तमिलनाडु में अवैध शराब से 47 की मौत, 30 गंभीर

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ कर 47 हो गई है, जबकि अन्य 30 लोगों की हालत गंभीर है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कल्लाकुरिची के जिलाधिकारी प्रशांत एम. एस. ने कहा कि इस घटना में गुरुवार तक मारे गए 29 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। उन्होंने शवों का दफना दिया है या तो अंतिम संस्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अवैध देशी शराब पीने से कुल 165 लोग बीमार हुए थे और उन्हें कल्लाकुरिची, जेआईपीएमईआर, सलेम और मुंडियाम्बक्कम सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से अब तक 47 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इलाज करा रहे 118 लोगों में से 30 की हालत गंभीर है।

जिलाधिकारी ने कहा कि एक सुखद खबर यह है कि बीमार हुए लोगों में से तीन लोग ठीक हो गए हैं। कल्लाकुरिची में उपचाराधीन मरीजों से मिलने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में अवैध देशी शराब की बिक्री को रोकने के लिए विशेष टीमें गठित



● **अवैध देशी शराब पीने से 165 लोग राज्य के विभिन्न अस्पतालों में कराए गए थे भर्ती**

की गई हैं। साथ ही अधिकारियों को गहन तलाशी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

प्रशांत ने बताया कि प्रशासन के पास अवैध देशी शराब पीने से बीमार हुए लोगों का इलाज करने के लिए दवाओं का पर्याप्त भंडार है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में करुणापुरम में प्रभावित लोगों की संख्या जानने के लिए घर-घर जाकर गणना भी की जा रही है।

जिलाधिकारी ने जनता से अपील की कि जिन लोगों ने अवैध शराब का सेवन किया है, वे खुद ही जल्द से जल्द अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं और आवश्यकता पड़ने पर इलाज कराएं, ताकि उनके जीवन को खतरा न हो। इसी के साथ ही प्रशासन ने अवैध शराब के खिलाफ पूरे राज्य में कार्रवाई शुरू कर दी है।

## रेणुकास्वामी को दिये थे बिजली के झटके, जांच में खुलासा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच कर रही कर्नाटक पुलिस ने कहा है कि कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने कथित हत्या के बाद कई लोगों से संपर्क किया था जबकि एक अन्य आरोपी ने ये बात स्वीकारा कि पीड़ित को बिजली के झटके दिए गए थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दो-अभिनेता दर्शन ने कानूनी कार्रवाई से बचने और हत्या की साजिश एवं

● **कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने कथित हत्या के बाद कई लोगों से किया था संपर्क**

सबूत नष्ट करने में लगने वाले खर्चे के लिए अपने दोस्त से 40 लाख रुपये लिए थे और राशि बरामद कर ली गई है। पुलिस ने 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर हिरासत आवेदन में जांच पर जानकारी साझा की। पुलिस ने कोर्ट से दर्शन और तीन अन्य की हिरासत और पवित्रा गौड़ा व शेष आरोपियों की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया। मामले में दर्शन और गौड़ा सहित कुल 17 लोग आरोपी हैं। अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गया और उसकी हत्या कर दी गई। उसका शव 9 जून को सुमनहल्ली में नाले के पास मिला था। अभिनेता और अन्य आरोपियों - धनराज डी, विनय वी और प्रदोष - ने जांच में सहयोग नहीं किया और तथ्यों को छिपाने की कोशिश की।

## 64 करोड़ के ड्रेनेज घोटाले का जेल में बंद आरोपी देगा सिविल सेवा परीक्षा

**इंदौर (मप्र)।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 64 करोड़ रुपये के ड्रेनेज घोटाले के आरोपियों में शामिल सहायक लेखा परीक्षक (ऑडिटर) को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य की सिविल सेवा परीक्षा में बैठने की मंजूरी दे दी है। कोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद रामेश्वर परमार को राज्य सेवा परीक्षा 2024 के 23 जून को आयोजित प्रारंभिक दौर में शामिल होने की अनुमति दे दी। इंदौर नगर निगम में सहायक लेखा परीक्षक के रूप में पदस्थ परमार ड्रेनेज घोटाले में गिरफ्तारी के बाद जेल में है। उसने राज्य सेवा परीक्षा में बैठने के लिए कोर्ट में अस्थायी जमानत की याचिका दायर की थी। अदालत ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि वह आरोपी को रविवार को पुलिस हिरासत में परीक्षा केंद्र तक ले जाने और वापस जेल लाने के इंतजाम करे। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पंकज कुमार पांडे ने बताया कि परमार और इंदौर नगर निगम के अन्य ऑडिटर पर आरोप है कि उन्होंने ड्रेनेज के नाम पर फर्जी बिलों की भुगतान से पहले जांच नहीं की।

## हिमाचल में बस पलटने से चार लोगों की मौत, तीन घायल

**शिमला।** हिमाचल के शिमला जिले में कुद्दु-दिलतारी मार्ग पर शुक्रवार तड़के बस के पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह 6.45 बजे उस समय हुई जब हिमाचल सड़क परिवहन निगम की बस कुद्दु से दिलतारी की ओर जा रही थी। बस में सात लोग सवार थे।

शिमला एसपी संजीव गांधी ने बताया कि दुर्घटना में बस सवार बिरमा देवी और धन शाह की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक करम दास और परिचालक राकेश ने अस्पताल ले जाते दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जानलेवा लू : मृतक संख्या हुई 143

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेने वाली जानलेवा लू के कारण एक मार्च से 20 जून के बीच 143 लोगों की मौत हुई और करीब 41789 लोग संदिग्ध तापाघात से पीड़ित हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि लू से मौतों का आंकड़ा इससे अधिक होने की आशंका है, क्योंकि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी संबंधी बीमारी एवं मृत्यु निगरानी के तहत संकलित किए गए आंकड़ों में राज्यों की ओर से प्रदान की अद्यतन जानकारी शामिल नहीं है।

कई चिकित्सा केंद्रों ने अब तक लू से जान गंवाने लोगों की संख्या को 'अपलोड' नहीं किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 जून को ही तापघात के कारण 14 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है तथा संदिग्ध तापघात के कारण नौ लोगों की

**गर्मी का प्रकोप**



● **स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक करीब 41789 लोग तापाघात से पीड़ित, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका**

जान गई, जिससे मार्च से जून की अवधि में लू से मरने वालों की संख्या 114 से बढ़कर 143 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है, जहां 35 मौतें हुई हैं, इसके बाद दिल्ली (21) और बिहार तथा राजस्थान (17-17) का स्थान है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा था कि वे गर्मी की स्थिति जारी रहने तक केंद्र के तहत आने वाले अस्पतालों का दौरा करें, ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रभावित मरीजों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है या नहीं।

## हज यात्रा के लिए 365 डॉक्टर और दो लाख ओपीडी

**नई दिल्ली।** देश में एक लाख 75 हजार 25 हज यात्रियों की चिकित्सा देखभाल के लिए 356 डॉक्टर और चिकित्साकर्मी नियुक्त किए गए हैं और दो लाख ओपीडी आयोजित हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को हज यात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था शीर्षक से दस्तावेज जारी करते हुए कहा कि 1,75,025 लोगों ने इस वर्ष भारत से हज यात्रा की, जिनमें से 40,000 बुजुर्ग हैं जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक थी। इस वर्ष सउदी अरब की खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के कारण हज यात्रियों के लिए 24 घंटे सेवाओं की आवश्यकता हो गई है। इस वर्ष स्वास्थ्य सेवाओं में दंत चिकित्सा देखभाल को भी जोड़ा गया है। चिकित्सा दलों ने हज यात्रियों से संपर्क भी किया। जेद्दा में भारतीय वाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद आलम ओनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए। इनके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।










# दुनिया के विभिन्न हिस्सों में योगप्रेमियों ने मनाया योग दिवस

## आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने टाइम्स स्क्वायर पर ध्यान सत्र का नेतृत्व किया

**न्यूयॉर्क/तेल अवीव, एजेंसी**

दुनियाभर के लाखों योग प्रेमियों ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को दिनभर चलने वाले विभिन्न सत्रों में हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2014 में योग की सार्वभौमिक अपील को मान्यता देते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के मसौदा प्रस्ताव को भारत ने प्रस्तावित किया था और रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया था।

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर विशेष योग सत्र आयोजित किए। न्यूयॉर्क क्षेत्र में गर्मी को लेकर चेतावनी जारी किये जाने के बाद भी अलग-अलग उम्र और विभिन्न देशों के लोग सुबह-सुबह यहां न्यूयॉर्क शहर के लोकप्रिय स्थल पहुंचे और योगासन किये। न्यूयॉर्क में दिन का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। करीब दो दशक से ज्यादा समय तक स्वंयसेवक और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

वाशिंगटन में भी सैकड़ों की संख्या में योगप्रेमी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये। इस कार्यक्रम को अमेरिका में भारत की उपराजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने संबोधित किया। पोटोमैक नदी के किनारे सुरम्य घाट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन के साथ हुई। योग सत्र ने भारत के प्राचीन अभ्यास 'योग' द्वारा प्रेरित एकता और सद्भाव की भावना को उजागर किया।


न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर पर योग करते लोग।

उधर इजराइल के तेल अवीव में से तीन सौ से अधिक लोगों ने पेरेस सेंटर फॉर पीस एंड इनोवेशन में इस समारोह में हिस्सा लिया और योगासन किये। मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रथम महिला मिशल हर्जोग मुख्य अतिथि थीं। देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन इजराइल में भारतीय दूतावास द्वारा तेल अवीव-याफो नगर पालिका और इजराइल के संस्कृति एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में, हर्जोग ने भारत और इजराइल के बीच गहरी दोस्ती का उल्लेख किया।

सिंगापुर के स्वास्थ्य राज्य मंत्री राहायु महजम ने 200 से अधिक योगप्रेमियों और भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले के साथ सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। सुबह बारिश हो जाने के कारण मौसम ठंडा हो चुका था। मंत्री ने अपने मुख्य भाषण में स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत ने निश्चित रूप से दुनिया को योग के लाभों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। योग की लचीली और अनुकूलनीय प्रकृति इसे विभिन्न आयु, लिंग और शारीरिक क्षमताओं के लोगों के लिए समावेशी बनाती है। मुझे आज के कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों को देखकर खुशी हुई।

नेपाल में भारतीय दूतावास ने गुरुवार को देश की पर्यटन राजधानी पोखरा के तीन प्रतिष्ठित स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए। मिशन ने लुंबिनी में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन ने कहा, लुंबिनी के मुख्यमंत्री, विभिन्न प्रांतीय नेताओं और 900 से अधिक लोगों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने इस बात पर जोर दिया कि भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए योग के शाश्वत अभ्यास के वास्ते एक आदर्श स्थान है।

श्रीलंका में भी भारतीय दूतावास ने जाफना और कैंडी सहित कई स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने गुरुवार को बीजिंग मॉर्निंग स्टार स्कूल में योग सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व दूतावास के सांस्कृतिक शिक्षक (योग) लोकेश शर्मा ने किया। रोम में भारतीय राजदूत वाणी राव ने इतालवी हिंदू संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर चर्चा की। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मालदीव और भारत के योग प्रेमियों ने भाग लिया। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने प्रिंस फैसल बिन फा के घर पर योग दिवस मनाया।

## एक नजर

### दक्षिण चीन में बाढ़ और भूस्खलन में 47 की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित गुआंग्डोंग प्रांत में भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ व भूस्खलन में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई है। चीन की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह खबर दी। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने शुक्रवार दोपहर में कहा कि मीझोउ शहर में 38 अन्य लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसने कहा कि इसी शहर में इसके पहले नौ अन्य लोगों की मौत हुई थी।

### आर्मेनिया ने फिलिस्तीन को मान्यता दी

**येरेवान।** आर्मेनिया ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से फिलिस्तीन को मान्यता प्रदान की। पूर्व सोवियत गणराज्य के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर, हमने हमेशा फिलिस्तीनी समस्या का शांतिपूर्ण और व्यापक समाधान की वकालत की है और इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष का समाधान करने के दो-राज्य सिद्धांत का समर्थन किया है। हम आश्वस्त हैं कि यह सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि फिलिस्तीनी और इजरायल को अपनी वैध आकांक्षाएं महसूस हो।

### इटली में भारतीय मजदूर की हाथ कटने से मौत

**लंदन/रोम।** इटली में 31 वर्षीय एक भारतीय मजदूर का हाथ एक भारी मशीन की चपेट में आकर कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उपचार कराने के बजाये उसे सड़क के किनारे फेंक दिया, जिससे उसकी दुखद मौत हो गयी। रोम के निकट लाजियो में सब्जी के एक खेत में काम करते हुए सतनाम सिंह का हाथ भारी मशीन में आकर कट गया था। रोम में भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इटली के लैटिना में भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की खबर से वह वाकिफ हैं। दूतावास ने बिना ज्यादा जानकारी दिये हुए कहा, हम स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं।

### दक्षिण कोरिया ने रूसी राजदूत को तलब किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री किम होंग क्यून ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन के बीच समझौते का विरोध करने के लिए रूसी राजदूत जॉर्जी जिनोविएव को तलब किया और मास्को से प्योंगयांग के साथ अपने कथित सैन्य सहयोग को तुरंत रोकने का आह्वान किया। दक्षिण कोरियाई राजनयिक क्यून ने कहा कि कोई भी सहयोग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्तर कोरिया को सैन्य क्षमताओं के निर्माण में मदद करता है, वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन के साथ ही दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेगा। क्यून ने मास्को के साथ सियोल के संबंधों पर पड़ने वाले असर की भी चेतावनी दी।

# भारत ने चीन की आपत्तियों को किया खारिज

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की दलाई लामा से मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर जताई थी आपत्ति

भारत ने तिब्बत के निर्वासित धार्मिक नेता दलाई लामा से अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर चीन की आपत्तियों को शुक्रवार को खारिज कर दिया लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधियों के बयानों से खुद को अलग रखा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सांसदों के एक दल के दौरे के बारे में पूछे जाने पर कहा, सात सदस्यीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 16-20 जून 2024 तक भारत का दौरा किया। द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि माइकल मैककॉल ने किया। उन्होंने 18-19 जून को धर्मशाला का दौरा किया। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की और विदेश मंत्री एस जयशंकर और सीआईएम से बातचीत की।

दलाई लामा के बारे में भारत की नीति दोहराते हुए जायसवाल ने कहा, परम पावन दलाई लामा पर भारत सरकार की स्थिति स्पष्ट और सुसंगत है। वह एक सम्मानित धार्मिक नेता हैं और भारत के लोग उनका गहरा सम्मान करते हैं। परम पावन को अपनी धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के संचालन के लिए उचित शिष्टाचार और स्वतंत्रता दी गई है।

# भारत पहुंचीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हसीना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार शाम नई दिल्ली पहुंचीं। हसीना की यह एक माह में नई दिल्ली की दूसरी यात्रा है। वह शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। प्रधानमंत्री शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी प्रधानमंत्री हसीना का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।



मंत्रालय ने कहा, बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख साझेदार और भरोसेमंद पड़ोसी है। केंद्र में नयी सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इस दौरान दोनों पक्ष व्यापार के संबंध में एक नए समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार बताए जा रहे हैं। हसीना की यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर से उनकी मुलाकात हुई।

# भारत-पाकिस्तान में सीधी बातचीत हो : अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा अमेरिका के दोनों देशों से महत्वपूर्ण संबंध

अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता है और बातचीत की गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत और पाकिस्तान के साथ अपने महत्वपूर्ण संबंधों को अमेरिका महत्व देता है।



उन्होंने कहा, जैसा कि हमने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं और उसकी गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए, हमें नहीं। मिलर ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरों से निपटने में अमेरिका और पाकिस्तान की साझा रुचि है। उन्होंने कहा, हम सुरक्षा के मुद्दे पर उच्च स्तरीय आतंकवाद रोधी संवाद के जरिये पाकिस्तान के साथ जुड़े हुए हैं, इसमें कई आतंकवाद रोधी क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी शामिल हैं...। मिलर ने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ मुहिम में पाकिस्तानी नेताओं के साथ नियमित रूप से संवाद करते आ रहे हैं।

# कुरान की बेअदबी के आरोप में हत्या

**पेशावर, एजेंसी**

- पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की घटना
- भीड़ ने थाने में घुसकर लगाई आग और आरोपी को मार दी गोली

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी से गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान फैली अशांति में आठ लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

स्वात के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) जहीदुल्ला ने बताया कि पंजाब के सियालकोट के रहने वाले व्यक्ति ने गुरुवार रात को स्वात की मदयान तहसील में कुरान के कुछ पन्ने कथित तौर पर जलाये थे। जहीदुल्ला ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लेकर मदयान थाने लाया गया। थाने के बाहर भीड़ जमा हो गयी और उन्होंने संदिग्ध को सौंपने की मांग की, जब पुलिस ने ऐसा करने से मना कर दिया तो भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मदयान अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने उसके बाद थाने में आग लगा दी। बाद में कुछ लोग थाने में घुसे और संदिग्ध को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि गोली मारने के बाद वे संदिग्ध के शव को घसीटकर मदयान अड्डा ले गये और उसे वहां लटका दिया।

### आतंकवाद से निपटने को बने मजबूत अभियोजन तंत्र

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने आतंकवाद और उग्रवाद से उत्पन्न खतरे का प्रभावी तरीके से मुकाबला करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता बढ़ाने एवं उनके अभियोजन तंत्र में सुधार लाने का आह्वान किया है। समाचार पत्र डॉन की एक खबर के अनुसार, जरदारी ने अशांत प्रांत बलूचिस्तान में सुरक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्हें कानून प्रवर्तन एजेंसियों को दिए गए अधिकार में खामियों के बारे में भी बताया गया। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान में लंबे समय से उग्रवाद है और वहां अक्सर सैन्य काफिलों एवं सुरक्षा कर्मियों पर हमले होते रहते हैं। बंदरगाह शहर ग्वादर में हुई बैठक में जरदारी ने प्रांतीय सरकार के प्रयासों के साथ-साथ आतंकवाद से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बलिदान की सराहना की।

# दो सिख चरमपंथियों की कनाडा में अपील खारिज

**ओटावा, एजेंसी**

- उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने का प्रयास नाकाम

कनाडा की एक अदालत ने देश की उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने के दो सिख चरमपंथियों के प्रयास को यह कहते हुए नाकाम कर दिया कि यह संदेह करने के लिए पुख्ता आधार हैं कि वे आतंकवादी घटना को अंजाम देने के वास्ते परिवहन सुरक्षा या हवाई यात्रा के लिए खतरा होंगे।

कनाडा की समाचार एजेंसी ने वैंकूवर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट में संघीय अपीलीय अदालत द्वारा पिछले सप्ताह जारी आदेश के हवाले से कहा है कि अपीलीय अदालत ने भगत सिंह बराड़ और पर्वकर सिंह दुलाई की अपील खारिज कर दी है। इन दोनों का नाम कनाडा की उड़ान प्रतिबंधित सूची में शामिल किया गया था। इससे पहले दोनों सिख चरमपंथियों ने इस सूची की संवैधानिकता को चुनौती दी थी और उनकी याचिका निरस्त हो गयी थी। इसके बाद उन्होंने अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। दोनों को 2018 में वैंकूवर में विमानों में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गयी थी। फैसले में कहा गया है कि यह अधिनियम सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री को लोगों को उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने का अधिकार देता है, बशर्ते यह संदेह करने का उचित आधार हो कि वे परिवहन सुरक्षा को खतरा पहुंचाएंगे या आतंकवादी घटना को अंजाम देने के लिए हवाई यात्रा करेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

### कल्कि में खलनायक की भूमिका में होंगे कमल हसन

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हसन अपनी आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी में खलनायक की भूमिका में नजर आयेंगे। भारतीय सिनेमा के इतिहास में खलनायकों ने अक्सर अपने नायक समकक्षों को प्रतिष्ठित संवादों, दुष्ट मुस्कान और स्क्रीन पर हावी होने वाली उपस्थिति के साथ पीछे छोड़ दिया है। दशकों बाद, इन खलनायकों को अभी भी बुराई के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। शान में गंजे, दुष्ट शाकाल के रूप में कुलभूषण खरबंदा, संघर्ष में एक भयानक धार्मिक कट्टरपंथी लज्जा शंकर पांडे के रूप में आशुतोष राणा, ओमकारा में षड्यंत्रकारी और दुष्ट लंगड़ा त्यागी के रूप में सैफ अली खान और अग्निपथ में क्रूर कांचा चीना के रूप में संजय दत्त अविस्मरणीय हैं। लेकिन एक किरदार जो सबसे अलग है और प्रतिष्ठित बन गया है, वह है मिस्टर इंडिया का मोगैम्बो, जिसे दिवंगत अमरीश पुरी ने निभाया था। एक और होनहार किरदार जो प्रतिष्ठित बनने के लिए तैयार है, वह है गिरगिट जैसा दिखने वाला यास्किन, जिसे भारत की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कल्कि 2898 एडी में कमल हासन ने निभाया है।

### इंडियाज बेस्ट डांसर के चौथे सीजन में शामिल हुईं करिश्मा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के लिए जज पैनल में शामिल हो गयी हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न ने अपने होमग्रोन फॉर्मेट इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के साथ इसकी वापसी की घोषणा की है, जिसमें बॉलीवुड की डांसिंग दिवा करिश्मा कपूर प्रतिष्ठित जज पैनल में शामिल होंगी। इस डांस रियलिटी शो के नवीनतम सीज़न में जज के रूप में करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस शामिल हैं। करिश्मा कपूर ने बताया, इंडियाज़ बेस्ट डांसर एक असाधारण मंच है, जो वाकई डांस की भावना का जश्न मनाता है। मैं पहले भी गेस्ट जज के रूप में शो में आ चुकी हूं, और ये प्रतियोगी मंच पर जो जुनून और समर्पण प्रदर्शित करते हैं, वह प्रेरणादायक है। मैं भारत में मौजूद असाधारण प्रतिभाओं को देखने की और प्रतीक्षा नहीं कर सकती।



### संजय को लेकर फिल्म की प्लानिंग कर रहे गुप्ता

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार संजय गुप्ता एक बार फिर से संजय दत्त को लेकर फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त को लेकर आतिश, जंग, खौफ, कांटे, प्लान, मुसाफिर, जिंदा, शूटआउट एट लोखंडवाला, दस कहानियां जैसी फिल्में बनायी हैं। दोनों सालों बाद एक बार फिर पर्दे पर वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त के लिए एक फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार कर ली है। संजय गुप्ता ने बताया, मैं संजय दत्त अभी साथ में एक फिल्म के लिए प्लान कर रहे हैं। हमने स्क्रिप्ट पर काम किया है और अब हम लॉजिस्टिक्स पर काम कर रहे हैं। हम एक-दूसरे का हाथ थामे हुए साथ-साथ बड़े हुए हैं। मैं संजय दत्त को अच्छी तरह जानता हूं। इस बीच, मैं अपना रास्ता भटक गया।

## खगोल विज्ञान — कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों का शोध

# बड़े जंगल की आग बनाती है खतरनाक अग्नि चक्र

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** बड़े पैमाने पर लगी जंगल की आग अपना खतरनाक अग्नि चक्र बनाती है, जो जंगल की आग को कई गुना बढ़ाने में मदद करती है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों ने शोधकर यह दावा किया है। पीयर-रिव्यू जर्नल एटमॉस्फेरिक केमिस्ट्री एंड फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

इस बार वैश्विक स्तर पर जंगल भयानक आग की चपेट में रहे। उष्ण कटिबंधीय के अलावा सम शीतोष्ण कटिबंधीय प्रदेश के जंगल भी भीषण आग की चपेट से अछूते नहीं रहे। जिसे ध्यान में रखकर वैज्ञानिकों की सामूहिक टीमों को शोध करना पड़ा और जो नतीजे सामने आए, वह चौकाने वाले रहे। शोधकर्ताओं के अनुसार जंगल की बड़ी आग ऐसे मौसम का निर्माण करती है जो आग की अधिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करती है। जिस कारण आग की समस्या अधिक बढ़ जाती है। अध्ययन में ग्लोबल वार्मिंग व लंबे समय तक सक्रिय आग के मौसम के बीच गहरा संबंध होता है। बड़ी आग सामान्य से अधिक गर्म और शुष्क मौसम बनाती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक आग के लिए अनुकूल परिस्थितियों का एक भयानक चक्र बन जाता है, जो आग का स्वयं का अग्नि मौसम बना रही है। पिछले 20 वर्षों में चरम आग वाले दिनों को शोध में शामिल किया। इन वर्षों में उत्तरी कैलिफोर्निया का विश्लेषण किया, जहां घनी वनस्पति के कारण अमेरिकी राज्य की सबसे भीषण आग लगी है। शोधकर्ताओं ने विशेष रूप से कम तापमान और उच्च आर्द्रता वाले दिनों पर ध्यान केंद्रित किया। तब पता चला कि बड़ी आग ने उन दिनों को और अधिक गर्म और शुष्क बना दिया था और अतिरिक्त गर्मी और शुष्क परिस्थितियों का मतलब अधिक आग के लिए बेहतर परिस्थितियां थीं।


कैलिफोर्निया के जंगल की आग का दृश्य। (फाइल फोटो)

### जंगल की आग के बादल वातावरण को बनाते हैं शुष्क

**नैनीताल :** जंगल की आग से उत्पन्न बादलों में बहुत अधिक काली कालिख होती है, जो गर्मी को रोक लेती है और वातावरण को शुष्क कर देती है। जब जंगल की आग जलती है, तो वे पाइरोक्यूम्यलस (या फ्लेमेजेनिटस) बादल बनाते हैं। इन बादलों में बहुत अधिक राख या गहरी कालिख होती है, जो उन्हें अन्य बादलों की तुलना में गहरे रंग का बना देती है।